कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) › शनिवार, 7 फरवरी 2026 › वर्ष 13, शक संवत 1947, फाल्गुन कृष्ण षष्ठी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WA

NB नवभारत

**आज का सबसे बड़ा मुकाबला**

भारत VS यूएसए (मुंबई)

शाम 7:00 बजे से

टेलिकास्ट: स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार




# कौन बनेगा सबसे बड़ा DHUरनDHAR

## आज से क्रिकेट का अल्टीमेट रोमांच

**दुनिया की 20 धुरंधर टीमें आज से अगले 30 दिनों तक क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में वर्ल्ड चैंपियन बनने का ख्वाब लिए एक दूसरे से टकराएंगी। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में हो रहे इस टूर्नामेंट में 55 मुकाबलों के बाद दुनिया को एक विश्व विजेता मिलेगा। तो अल्टीमेट रोमांच के लिए हो जाइए तैयार, शुरू होने जा रही है DHURनDHAR (धुरंधर) की जंग।**

भारत : पाकिस्तान : नामीबिया : नीदरलैंड्स : अमेरिका : ऑस्ट्रेलिया : जिम्बाब्वे : श्रीलंका : आयरलैंड : ओमान

इंग्लैंड : वेस्टइंडीज : इटली : नेपाल : स्कॉटलैंड : न्यूजीलैंड : साउथ अफ्रीका : अफगानिस्तान : यूएई : कनाडा

## क्यों खास है यह वर्ल्ड कप

### दशक बाद लौटा टूर्नामेंट

टी20 वर्ल्ड कप का 10वां एडिशन करीब एक दशक बाद भारत में वापसी कर रहा है। आखिरी बार भारत ने टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी साल 2016 में की थी, तब वेस्टइंडीज ने खिताब जीता था। साल 2020 में भी भारत को मेजबानी मिली थी, लेकिन कोरोना के कारण टूर्नामेंट 2021 में यूएई और ओमान में खेला गया।

### IPL के पहले आयोजन

ऐसा पहली बार होगा जब इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के पहले टी20 वर्ल्ड कप खेला जा रहा है। ICC के कार्यक्रम में अमूमन टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन IPL के बाद ही होता था, जिससे प्लेयर्स को अच्छा अभ्यास मिल जाता था। जल्दी आयोजन की वजह से इस टी20 वर्ल्ड कप में कंडिशंस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। ओस का फैक्टर अहम हो जाएगा।

### नहीं होगा 'महामुकाबला'



किसी भी ICC इवेंट में 'महामुकाबले' का रुतबा हासिल कर चुके भारत-पाकिस्तान मैच के आयोजन पर इस बार संशय के बादल छा गए हैं। भारत के खिलाफ मैच का यदि पाकिस्तान बहिष्कार जारी रखता है तो तकरीबन 14 साल बाद टी20 वर्ल्ड कप में ऐसा होगा जब ग्रुप स्टेज में 'महामुकाबला' नहीं होगा। आखिरी बार 2010 टी20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज में दोनों का सामना नहीं हुआ था।

### फुटबॉल चैंपियन की एंट्री

फुटबॉल-प्रेमी देश इटली पहली बार किसी ICC वर्ल्ड कप का हिस्सा बनने जा रहा है। इटली ने कुल चार बार फीफा वर्ल्ड कप जीता है। टी20 वर्ल्ड कप में उतरते ही इटली क्रिकेट के इस महाकुंभ में उतरने वाला सिर्फ दूसरा फीफा वर्ल्ड कप चैंपियन होगा। इटली के अलावा इंग्लैंड ही इकलौता देश है, जिसने फीफा वर्ल्ड कप जीता है और लगातार ICC वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया है।

### टीम इंडिया में

**60% लेफ्टी**

भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर टीम में बाएं हाथ के प्लेयर्स पर बहुत भरोसा जताते रहे हैं। इस बार चुने गए भारतीय वर्ल्ड कप स्क्वॉड में 15 में से 9 प्लेयर लेफ्टी हैं। यह कुल प्लेयर्स का 60 प्रतिशत है। किसी भी टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए इतने लेफ्टी स्क्वॉड में नहीं चुने गए। भारतीय दल में साल 2007 में चार, 2009 में छह, 2010 में पांच, 2012 में पांच, 2014 में चार, 2016 में पांच, 2021 में तीन, 2022 में तीन और 2024 में सात बाएं हाथ के प्लेयर्स थे।



## ना रोहित, ना कोहली

रोहित शर्मा और विराट कोहली साल 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस फॉर्मेट से रिटायर हो गए थे। ऐसे में इस बार का वर्ल्ड कप इन दो दिग्गजों के बिना ही होगा। आखिरी बार 2007 वनडे वर्ल्ड कप बिना रोहित या विराट की मौजूदगी के हुआ था। उसके बाद सभी ICC टूर्नामेंट में विराट या रोहित में से किसी एक की मौजूदगी रही है। यह क्रम 2007 टी20 वर्ल्ड कप से शुरू हुआ था।





CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG8 User: rishi.yadav@timesofindia.com Time: 02-06-2026 23:32 Color:

संवाद
# नवभारत टाइम्स
नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) । शनिवार, 7 फरवरी 2026

## सिस्टम की ख़ामी
### दिल्ली में युवक की मौत व्यवस्था के सिर

**दिल्ली के** जनकपुरी इलाके में गड्ढे में गिरकर एक युवक की मौत होना सिस्टम की लापरवाही का नतीजा है, जो आम लोगों की जान लेकर भी नहीं जा रही। इंदौर से दिल्ली तक - पूरे देश में अब इस तरह की घटनाओं का एक पैटर्न बन चुका है। जहां कोई हादसा होता है, दुख जाहिर किया जाता है, जांच समिति बैठाई जाती है और कुछ दिनों में सब भूलकर अगले हादसे का इंतजार शुरू हो जाता है।

**हर कदम लापरवाही ।** कमल ध्यानी के केस में कदम दर कदम व्यवस्था की खामी नजर आती है। दिल्ली जल बोर्ड ने बीच सड़क इतना गहरा गड्ढा खोद दिया, पर इतनी-सी जरूरत नहीं समझी कि बैरिकेड किया जाए, चेतावनी के बोर्ड लगाए जाएं और रोशनी का पर्याप्त इंतजाम हो। युवक के घरवाले रातभर एक से दूसरे थाने भटकते रहे, पर आरोप है कि उन्हें मदद नहीं मिली।


गड्ढे से हुआ हादसा

**कार्रवाई या औपचारिकता ।** अब कार्रवाई के नाम पर तीन अफसरों को निलंबित कर दिया गया है और दिल्ली जल बोर्ड ने जांच समिति बनाई है, जो 24 घंटे में रिपोर्ट देगी। हालांकि ये निलंबन और ये समितियां कितनी कारगर हैं, देश पहले भी देख चुका है। नोएडा में बेसमेंट के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में गठित SIT की रिपोर्ट का इंतजार अब भी है। वहां दिखाई गई सारी शुरुआती तेजी हवा हो चुकी है। कोई जिम्मेदार कुछ कहने से बच रहा है और गिरफ्तार बिल्डर जमानत पर छूट चुके हैं।


**बचने की कोशिश ।** पिछले साल दिसंबर में इंदौर में दूषित पेयजल की वजह से मौतों का सिलसिला शुरू हुआ था। वहां भी अभी जांच चल ही रही है। सच तो यह है कि इस तरह की घटनाओं के बाद होने वाले एक्शन आमतौर पर जनता के तात्कालिक गुस्से को दबाने और अपनी छवि बचाने के लिए किए जाते हैं। मुद्दा शांत होता है, तो चीजें फिर पुराने ढर्रे पर लौट आती हैं।

**जिम्मेदारी समझनी होगी ।** एकाध कर्मचारियों और अफसरों पर दोष डालने से स्थिति नहीं सुधरेगी, जब तक पूरे सिस्टम को जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा। सजा से ज्यादा जरूरी है संवेदनशीलता, जिसका अभी देश की ज्यादातर सरकारी एजेंसियों में अभाव दिखता है। ऐसी व्यवस्था किसी काम की नहीं, जो घटना के बाद जागे। जनता के सिविक सेंस पर बातें की जाती हैं, लेकिन सिविक एजेंसियां जब तक यह सेंस डिवेलप नहीं करेंगी कि एक खुला गड्ढा भी उनकी जिम्मेदारी बनता है, ऐसे हादसे नहीं रुकेंगे।

### भारतीय संविधान तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए यहां तक पहुंचा
# ख़तरा है धर्म-जाति की सियासत से


सुधांशु रंजन

अपने देश में आजकल संविधान पर खतरे की बात आक्रामक तरीके से उठाई जा रही है। ऐसे में यह याद करना महत्वपूर्ण है कि जब भारत स्वाधीनता के ढाई वर्षों के अंदर गणतंत्र बन गया, वहीं साथ में आजाद हुआ पाकिस्तान 23 मार्च 1956 को गणतंत्र बना। यानी लगभग 9 साल वह डोमिनियन बना रहा और आगे भी उसके लोकतंत्र का चीरहरण होता रहा। पर गर्व करने की बात है कि भारत का लोकतंत्र और संविधान तमाम उतार-चढ़ावों से गुजरते हुए भी सुरक्षित है। ध्यान रहे, एक अध्ययन के अनुसार विभिन्न देशों में संविधान की औसत आयु नौ साल है।

AI Image


**कसौटियों पर खरा ।** भारतीय संविधान की रचना के बारे में ग्रैनविल ऑस्टिन ने लिखा है कि 1787 में फिलाडेल्फिया में अमेरिकी संविधान बनाए जाने के बाद यह सबसे बड़ा राजनीतिक उद्यम है। उनके मुताबिक, किसी संविधान की परख यह है कि उन परिस्थितियों से निपटने में वह कितना सक्षम है, जिन्हें ध्यान में रखते हुए उसे बनाया गया। उन्होंने लिखा कि जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद सत्ता का हस्तांतरण जितने शांतिपूर्ण तरीके से हुआ, उससे स्पष्ट है कि भारतीय संविधान सफल है।

**आलोचकों को जवाब ।** संविधान लागू होने के बाद प्रसिद्ध राजनीतिशास्त्री आइवर जेनिंग्स भारत आए। अपने भाषणों में उन्होंने भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि यह अपने ही भार से टूटकर जल्द ही खत्म हो जाएगा। दिलचस्प है कि कुछ समय बाद सिलोन (वर्तमान श्रीलंका) ने उन्हें अपने देश का संविधान लिखने के लिए बुलाया और जो संविधान उन्होंने लिखा, वह छह साल में खत्म हो गया। भारतीय संविधान आज भी जीवंत है।

**जातिवाद की चुनौती ।** आज सांप्रदायिकता एवं जातिवाद को विचारधारात्मक स्तर पर समर्थन मिल रहा है। अब जातीय जनगणना होने जा रही है। राहुल गांधी ने इसके पक्ष में लंबा अभियान चलाया था। लेकिन इसी कांग्रेस पार्टी ने 1955 में नई दिल्ली में आयोजित पार्टी के 60वें सत्र में प्रस्ताव पारित किया था कि हर पृथकतावादी प्रवृत्ति को कुचलना होगा; जाति पृथकतावादी होने के साथ ही लोकतंत्र विरोधी भी है।

**सबक सीखें**
- विभिन्न देशों में संविधान की औसत आयु नौ साल
- भारतीय संविधान की मजबूती अब स्वतसिद्ध है
- मिली-जुली सरकार संवैधानिक संस्थान के हित में

**नेहरू की चेतावनी ।** इससे पहले 16 जुलाई और 1 अगस्त 1953 को तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने मुख्यमंत्रियों को देश की एकता के विरुद्ध सक्रिय ताकतों के बारे में पत्र लिखा कि प्रांतीय भावना, सांप्रदायिक भावना, जातीय भावना, भाषाई भावना देश की एकता को तोड़ती है। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 1960 के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि इन भावनाओं को राष्ट्रीय भावना के अधीन होना चाहिए।

**SIR पर विवाद ।** अभी चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर गंभीर विवाद है। विपक्ष का आरोप है कि विरोधी दलों के समर्थकों को मतदाता सूची से बाहर करने के लिए SIR किया जा रहा है। मामला शीर्ष अदालत के समक्ष भी लाया गया, लेकिन उसने इस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि पहचान के लिए कुछ अन्य दस्तावेजों को शामिल करने का निर्देश दिया। जाहिर है पुनरीक्षण तो होना ही चाहिए लेकिन निष्पक्ष तरीके से।

**'लिटिल प्रेग्नेंसी' ।** भ्रष्टाचार शुरू से देश के लिए बड़ी चुनौती रहा है। सितंबर 1946 में अंतरिम सरकार के गठन के बाद महात्मा गांधी को प्रतिदिन औसतन अस्सी चिट्ठियां भ्रष्टाचार की शिकायतों को लेकर आती थीं। 1948 में ही जीप घोटाला हुआ, जिसमें ब्रिटेन में तत्कालीन भारतीय उच्चायुक्त वी के कृष्ण मेनन पर आरोप लगा था। भ्रष्टाचार के बारे में एक सांसद ने सवाल उठाया तो नेहरू ने कहा कि माननीय सदस्य को इधर-उधर के 'लिटिल करप्शन' की चर्चा नहीं करनी चाहिए। इस पर उन सांसद ने टिप्पणी की कि लिटिल करप्शन 'लिटिल प्रेग्नेंसी' की तरह है, जो समय के साथ बढ़ता जाएगा। यह भविष्यवाणी सच साबित हुई। भ्रष्टाचार आज सबसे बड़ी चुनौती है।

**एक दल की सरकार के खतरे ।** भारतीय लोकतंत्र का एक अनुभव यह भी रहा है कि मिली-जुली सरकार होने पर विकास थोड़ा बाधित होता है। लेकिन गौर करने की बात है कि इससे सांविधानिक संस्थान मजबूत हो जाते हैं। एक दल की सरकार, चाहे केंद्र में हो या राज्य में, अन्य संस्थाओं का सम्मान नहीं करती है। उससे कैबिनेट सिस्टम भी कमजोर होता है, केवल प्रधानमंत्री या मुख्य मंत्री की प्रधानता रह जाती है। ऐसा नहीं होना चाहिए।

*(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार और सांविधानिक मामलों के जानकार हैं)*

AI Image


## ईरान पर क्यों नरम ट्रंप

**अमेरिका और ईरान के बीच रिश्ते करीब 50 साल से तनावपूर्ण है। पिछले साल US-इस्राइल ने एयर स्ट्राइक भी की। लेकिन, डॉनल्ड ट्रंप अब नतीजों की परवाह किए बगैर इस संघर्ष को पूरी तरह खत्म करना चाहते है, आखिर क्यों?**

**5 पॉइंट**

**1 हो जाएगी वादाखिलाफी**
ट्रंप ने अमेरिकी जनता से वादा किया है कि अपने सैनिकों को घर वापस लाएंगे। पिछले टर्म में उन्होंने अफगानिस्तान से वापसी कराई थी। अब वह मिडल ईस्ट में एक और बड़ा युद्ध नहीं छेड़ सकते।

**2 भरोसे की कमी**
ट्रंप को जीत का भरोसा चाहिए, लेकिन उनके सलाहकार यकीन नहीं दिला पाए हैं कि अमेरिकी हमले से तेहरान की सत्ता व्यवस्था ढह जाएगी। कई MAGA नेताओं ने भी ईरान पर सैन्य हमले का विरोध किया है।

**3 संसाधनों पर सवाल**
अमेरिका हमला करता है, तो ईरान जवाब जरूर देगा। ट्रंप सरकार को डर है कि क्षेत्र में उनके पास एक बड़ी लड़ाई लड़ने के लिए पर्याप्त सैन्य संसाधन मौजूद नहीं हैं। जंग लंबी खिंच सकती है।

**4 सीजफायर नहीं चाहिए**
ट्रंप ईरान के मामले में इस्राइल जैसा रुख नहीं अपनाएंगे। वह चाहते हैं कि ईरान के साथ चल रहा तनाव पूरी तरह खत्म हो, चाहे नतीजा जो हो। अमेरिका किसी भी हाल में संघर्ष होने पर सीजफायर नहीं चाहता।

**5 समझौते की आस**
ओमान में वॉशिंगटन-तेहरान वार्ता की तैयारी है। ईरान को लग रहा है कि ट्रंप समझौता चाहते हैं और प्रतिबंधों में ढील देंगे। USA को लग रहा है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित कर पाएगा। *प्रस्तुतिः अभिषेक मिश्र*

## वह 'काश' के पीछे चल पड़ा

www.nbt.in

**हर सुबह** की तरह उस दिन की शुरुआत भी दौड़-भाग से हुई। समय कम था, इसलिए मेट्रो छोड़ बाइक-टैक्सी सर्विस लेना तय किया। ऐप पर बाइक बुक की, कुछ ही मिनटों में एक युवक मेरी कॉलोनी के गेट पर था। उसके साथ चल पड़ा।

रास्ते में वैसा कुछ नहीं हुआ- रोज की तरह वही भीड़, ट्रैफिक। ऑफिस के सामने मैंने जैसे ही बाइक रुकवाई, वह मेरी तरफ मुड़कर मुस्कुराया और बोला, 'सर, आप यहां?' उसके चेहरे पर हैरानी साफ झलक रही थी। मैंने सहजता से कहा, 'हां, यही मेरा ऑफिस है। मैं मीडिया हाउस में काम करता हूं।' वह कुछ देर सोचता रहा, फिर बोला, 'सर, आपके पास दो मिनट होंगे?' मैंने घड़ी देखी - अभी ऑफिस कार्ड स्वाइप करने में 30 मिनट थे। मैंने कहा, 'बिलकुल, बोलिए।' उसने बाइक साइड में खड़ी की, और थोड़ा हिचकिचाते हुए बोला, 'सर, मैं भी कभी पत्रकार बनना चाहता था। जब भी इस बिल्डिंग के सामने से गुजरता हूं, बस देखता रहता हूं। सोचता हूं काश! मैं भी किसी दिन यहां काम कर पाता। लेकिन हालात कुछ और ही कह गए।'

मैंने पूछा, 'फिर किया क्यों नहीं?' उसकी आंखों में एक थकी हुई, लेकिन उम्मीद भरी चमक थी। 'घर में मैं सबसे बड़ा हूं, पापा बीमार रहते हैं, चार छोटे भाई-बहन हैं। पढ़ाई छोड़ दी। अब बाइक सर्विस दे रहा हूं, ताकि घर चल सके।' मैं थोड़ी देर चुप रहा। फिर कहा, 'पर तुम अब भी पढ़ाई कर सकते हो। ऑनलाइन कोर्सेज हैं, ओपन यूनिवर्सिटीज हैं, टाइम निकालो, कोशिश करो।'

**खुद अपनी आंख से**
रवि ठाकुर

वह मुस्कुराया और बोला, 'सर, बुरा ना मानिए तो एक बात कहूं... क्या आप बस एक बार अंदर से ऑफिस दिखा सकते हैं?' मैं एक पल को सोच में पड़ गया। अंदर का एंट्री सिस्टम टाइट था, विजिटर्स कार्ड चाहिए होता था। फिर मैंने कहा, 'पूरा ऑफिस नहीं, लेकिन रिसेप्शन तक चल सकते हैं। बोलो, चला जाए?' उसकी आंखों में बच्चे जैसी चमक आ गई, 'प्लीज सर, यही बहुत हो जाएगा।'

अंदर दीवारों पर लगी अखबारों की कटिंग्स, तस्वीरें, सुर्खियों से भरे फ्रेम - वह हर चीज को ऐसे देख रहा था, जैसे किसी किताब के पन्ने पढ़ रहा हो। कुछ देर बाद धन्यवाद कहा और बस इतना ही बोला, 'काश...।' और वह चुप हो गया। मैंने उसके कंधे पर हाथ रखा और कहा, 'कोशिश करना, क्या पता तुम्हारा 'काश' हकीकत बन जाए।' उसकी आंखें एकदम से चमक उठीं। उसने कहा, 'आपकी बातों ने मेरे उम्मीद के परों को हवा दे दी है। मैं यह करके रहूंगा।' उस दिन अपनी सीट पर लौटा, उसकी आंखों की चमक मेरे जेहन में उतर रही थी।

हम सब के जीवन में कहीं न कहीं कोई 'काश' दबा रह जाता है। फर्क इतना होता है कि कुछ लोग उसे वहीं दफन कर देते हैं, कुछ उसे जीने की हिम्मत बटोरकर चल पड़ते हैं।

### चलते-चलते...

**वैज्ञानिकों ने** एक नई मेडिकल इमेजिंग तकनीक विकसित की है, जो बिना रेडिएशन और Contrast Dye के मानव शरीर के ऊतकों की संरचना और रक्त-नलिकाओं को 3D रंगों में दिखा सकती है। इससे स्तन कैंसर की पहचान, डायबिटीज से जुड़े नर्व डैमेज की निगरानी में बड़ी मदद मिल सकती है। शोध Nature Biomedical Engineering में प्रकाशित हुआ है।

### खुले मन से
## मोबाइल-इंटरनेट ने आप को कहां पहुंचा दिया


सुधीर मिश्र

आदिल मंसूरी का शेर है-

*चुप-चाप बैठे रहते हैं कुछ बोलते नहीं*
*बच्चे बिगड़ गए हैं बहुत देख-भाल से*

कोरियाई गेम, तीन बच्चियां, एक माफीनामा और आखिर में मौत। एक रोता परिवार, दरकता समाज और अपनी गलतियों को न समझकर हैरानी जताते लोग। वॉट्सऐप पर होमवर्क, पहली क्लास में पीडीएफ का बोझ, वॉइस नोट से बातें और गूगल चैट जीपीटी पर उत्तर खोजते नन्हे विद्यार्थी। मां रसोई में, बच्चा रो रहा है और समाधान है मोबाइल। रेस्तरां में बच्चा आफत खाए है, उपाय है मोबाइल, आखिर परेशानी किस बात की, पास में है न मोबाइल।

गाजियाबाद में गेम खेल-खेलकर भारतीयता से चिढ़कर कोरियन गेम्स की दीवानी तीन बच्चियों ने आत्महत्या कर ली। यह महज हादसा भर नहीं है। यह एक समूची पीढ़ी की बिगड़ती मानसिक दशा के चरम पर पहुंचने का संकेत है। मोबाइल, सोशल मीडिया और विडियो गेम्स ने अभिभावकों, स्कूलों और बच्चों तीनों को गहरे नशे की हालत में पहुंचा दिया है। तकनीकी सुविधाओं ने ऐसे हालात बना दिए हैं, जिनमें सब फंसे नजर आ रहे हैं और भुगत बच्चे रहे हैं। टीचर खुश हैं कि डिजिटल लर्निंग चल रही है। मां-बाप खुश हैं कि बच्चा बिजी है। किसी को इस बात का होश नहीं कि उनका बच्चा आखिरी बार मैदान में कब दौड़ा था या दादी-नानी से कहानी कब सुनी थी। तीनों बच्चियों की चिट्ठी में जो सबसे खौफनाक बात नजर आई, वह है उनकी भारतीय संस्कृति से चिढ़। कहीं न कहीं इसके पीछे समाज में धर्म, मजहब और संस्कृति के नाम पर फैलाई जा रही विद्रूपता भी कारण रहा होगा।

नई पीढ़ी हिपोक्रेसी पसंद नहीं करती, लेकिन हकीकत यह है कि हम कहते कुछ हैं और करते कुछ और। अपनी मातृभाषाओं की बात ही कर लीजिए। ज्यादातर स्कूलों में बच्चे सात विषय तो अंग्रेजी में पढ़ रहे हैं और अपनी मातृभाषा में सिर्फ एक। अगर उत्तर भारत में हैं तो हिंदी और दक्षिण में हैं तो तमिल, तेलुगू, कन्नड़ या मलयालम। अब उनका अभिभावकों के साथ सोच का फर्क देखिए। ज्यादातर अभिभावक भले ही अंग्रेजी में काम करते हों पर उनका सोचने का नजरिया अब भी देसी होता है। यानी वह हिंदी या मातृभाषा में ही सीखते हैं। दूसरी तरफ उनके बच्चे ज्यादा अंग्रेजी पढ़ने के कारण उसी भाषा को अपना समझने लगते हैं। हिंदी से कट जाते हैं। अपनी मातृभाषा से कटने का मतलब है अपनी संस्कृति और संस्कारों से कटना। पिछली पीढ़ी जहां हॉलीवुड की दीवानी थी, वहीं जेन जी जापानी, चीनी और कोरियाई संस्कृति के ज्यादा करीब होती जा रही है। अभिभावक, शिक्षक और पुरानी पीढ़ी को समझ ही नहीं आता कि अपेक्षाकृत शांत और अकेले रहने वाले बच्चे आखिर अपने दिमाग में क्या पका रहे हैं। कुछ साल पहले एक मिशनरी स्कूल की बारहवीं की छात्रा ने अपने भाई और मां की हत्या कर दी थी। उसने पिता पर खुद के रेप का इल्जाम भी लगाया था। बाद में पता चला कि वह एक जापानी नॉवेल से सम्मोहित होकर अपने ही घर वालों को विलेन समझने लगी थी। अब समझना चाहिए कि अपनी भाषा और अपनी देखरेख से बच्चों को काटने का अंजाम क्या हो रहा है। बच्चा अपनी संस्कृति से तब जुड़ता है जब हम उसे अपनी मातृभाषा सबसे पहले सिखाते हैं। संस्कृति भाषण झाड़ने से नहीं आती। वह आती है एकसाथ बैठने से, हाथ पकड़कर साथ-साथ चलने से, कहानियों, किस्सागोई, तीज-त्योहार में साथ जुड़ने से और आमने-सामने के झगड़ों और मेल-मिलाप से। तीन बच्चियों का यूं दुनिया से चला जाना एक आत्महत्या भर नहीं है। यह सामूहिक लापरवाही और गलत परवरिश का नतीजा है। यह उस परवरिश का हर्जाना है जिसमें सुविधा है लेकिन समय नहीं, स्क्रीन है लेकिन स्पर्श नहीं और अंग्रेजी है लेकिन अपनी मातृभाषा नहीं। यह वक्त नई पीढ़ी को दोष देने का नहीं है। सच यह है कि हमने ही नई पीढ़ी को ऑफलाइन से ऑनलाइन किया है और अपनी भाषा-संस्कृति को बाजार में शिफ्ट कर दिया है। स्कूलों को भी समझना होगा कि बच्चा इंसान है रिजल्टशीट नहीं और अभिभावक सिर्फ ग्राहक नहीं। बच्चों को मोबाइल वाले होमवर्क की नहीं, पुरानी डायरी और कॉपी-किताबों की जरूरत है। बहरहाल आखिर में बच्चियों के परिवार के लिए सदा अंबालवी का यह शेर और बात खत्म कि-

*वक्त हर ज़ख़्म का मरहम तो नहीं बन सकता*
*दर्द कुछ होते हैं ता-उम्र रुलाने वाले*

# लड़कियां अपने सपनों संग भी भागती हैं

*रंगमंच की दुनिया से निकलकर रुपहले पर्दे पर अपनी पहचान बनाने वाले पंकज त्रिपाठी और उनकी पत्नी मृदुला ने 'रूपकथा' रंगमंच की शुरुआत की है। थिएटर को सब कुछ मानने वाली मृदुला त्रिपाठी का कहना है कि जब यहीं से सब कुछ मिला है, तो यह हमारी तरफ से रिटर्न गिफ्ट जैसा है। कभी स्कूल में बच्चों को पढ़ाने वाली शिक्षिका की भूमिका थोड़ी बदल गई है और अब कलाकारों का व्यक्तित्व निखार रही हैं। पेश हैं* ***आलोक गागड़ेकर*** *के साथ उनकी बातचीत के प्रमुख अंश :*


सप्ताह का इंटरव्यू
मृदुला त्रिपाठी

> अब मेरा एकमात्र उद्देश्य रंगमंच को दोनों पक्षों के लिए उपयोगी साबित करना है। पहला, रंगमंच से जुड़े कलाकार सशक्त बनें, उन्हें रोजगार मिले, अपने सपनों को पंख दे सकें। दूसरा, रंगमंच के दर्शक कुछ न कुछ सीखकर जाएं।

**■ रूपकथा रंगमंच का विचार किसका था और इसकी उपयोगिता क्या है?**

यह हम दोनों का विचार था। हमारी जिंदगी भी थिएटर से ही शुरू हुई थी। हमारे प्रेम का आधार भी थिएटर ही रहा। हां, कहीं न कहीं इसमें साहित्य यानी रेणु जी की कहानियां और राग दरबारी जैसे उपन्यास भी हैं। मुंबई से पहले दिल्ली और उससे पहले पटना और कलकत्ता में हम रहते थे। इन महानगरों में हमारे पास सिर्फ रंगमंच ही था। आज उसी की देन है कि बड़े पर्दे पर नाम है। पंकज के अभिनय से लोग खुश हैं और उनके अभिनय में आज भी थिएटर की खुशबू है। जब रंगमंच से हमें इतना मिला है, तो हमारा दायित्व है कि हम भी कुछ करें। यह थिएटर को हमारी तरफ से रिटर्न गिफ्ट है। जहां तक मुंबई की बात है, तो इस शहर का अपना रंग है। उसमें हमारी कोशिश है कि लोग मोबाइल और सोशल मीडिया के जमाने में भी जीवंत कला को देखें। हिंदी के दर्शकों का नया वर्ग तैयार करना उद्देश्य है।

**■ आप शिक्षक रह चुकी हैं। आपके हिसाब से एक शिक्षक और फिल्म निर्माता की भूमिका में क्या अंतर है?**

कोई अंतर नहीं है। जब मैं शिक्षक थी तो विद्यार्थियों को संस्कार सिखाती थी। अब भी वही काम कर रही हूं, लेकिन अब मेरे साथ कलाकार हैं। स्कूल में भी जोर व्यक्तित्व निर्माण पर था और आज भी यही है। अब मेरा मकसद रंगमंच को दोनों पक्षों के लिए उपयोगी साबित करना है। पहला, जो रंगमंच से जुड़े कलाकार हैं, वे सशक्त बनें। उन्हें रोजगार मिले और अपने सपनों को पंख दे सकें। दूसरा, जो लोग रंगमंच देखने आएं, वे कुछ न कुछ सीख कर जाएं।

**■ आपकी पहली प्रस्तुति 'लाइलाज' है। इसमें क्या है?**

यह काफी मनोरंजक और शिक्षाप्रद है। इसमें म्यूजिक है, कॉमिडी है और कुछ ऐसे सवाल भी हैं, जो समाज के लिए जरूरी हैं। यह देखने के बाद आपको कवि आलोक धन्वा की 'भागी हुई लड़कियां' कविता याद आएगी। आपको लगेगा कि जब कोई लड़की घर से भागती है, तो जरूरी नहीं कि वह किसी लड़के के साथ भागी हो। हो सकता है कि वह अपने सपनों के साथ भागी हो। वह खुद के साथ भी भाग सकती है। फैज मोहम्मद ने इस नाटक को लिखा है और उन्होंने ही इसका निर्देशन भी किया है। इसकी प्रस्तुति देखकर पंकज इतने प्रेरित हुए कि अब वह भी इसमें एक किरदार निभाने जा रहे हैं। हमें भी खुशी है कि वह इतना व्यस्त होने के बाद भी समय निकाल रहे हैं।

**■ आगे क्या योजनाएं हैं?**

फिलहाल मुंबई में इसके शो हो रहे हैं। इसके बाद हम इस साल भारत रंग महोत्सव में भी इसका मंचन करेंगे। अच्छी बात है कि उसी महोत्सव में मेरी बेटी आशी का एक और नाटक होने वाला है। इससे वह काफी खुश है। इसके बाद हम कोलकाता, पुणे, अहमदाबाद, भोपाल में भी शो करने वाले हैं। हमारा यह प्लैटफॉर्म महज मुंबई तक सीमित नहीं होने वाला। हम इसे पूरे देश में ले जाने वाले हैं। इसलिए सभी को जोड़ने के लिए देश के अधिकतर शहरों में प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा, हम एक और योजना पर काम कर रहे हैं। रूपकथा रंगमंच का अपना स्थान होने वाला है, जहां कलाकार खुद से अपनी कला को और निखार सकेंगे।

**■ आपकी बेटी आशी भी इसमें अभिनय कर रही है। आजकल अभिनय सिखाने के लिए तो कई बड़े संस्थान हैं, मगर आप लोगों ने थिएटर ही क्यों चुना?**

अभिनय उसकी अपनी पसंद है। हमें जब पता चला तो हमने बस अच्छे रंग संस्कार भरने की कोशिश की। हम तो बस उसे रास्ता दिखा रहे हैं और थिएटर तो अपने आप में एक दर्शन है। जो यहां रच बस जाएगा, वह सब कुछ सीख जाएगा। थिएटर में वह न सिर्फ अभिनय सीखेगी बल्कि एक अच्छी इंसान भी बन जाएगी। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण मेरे पास है। महंगे संसाधन जैसा कुछ नहीं है। अभिनय का संसाधन सिर्फ एक है और वह अभिनेता या अभिनेत्री का व्यक्तित्व होता है। हम दोनों की आशा है कि आशी अपने सपनों के साथ खुलकर जिए।

## रीडर्स मेल

**▸ दूर हो गतिरोध**

6 फरवरी का संपादकीय 'सार्थक बहस हो' पढ़ा। संसद का यह बजट सत्र भी हंगामे की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। सरकार और विपक्ष के बीच तीखी टिप्पणियों, हंगामे और कटु शब्दों के इस्तेमाल ने संसदीय नियमों व मर्यादाओं को झकझोर दिया है। जनता इसलिए अपना प्रतिनिधि चुनकर सदन में भेजती है, ताकि उसके मुद्दों को आवाज मिल सके। हर जनप्रतिनिधि को यह बात भलीभांति समझनी चाहिए, लेकिन वे तो उलझे हैं हंगामे और विरोध-प्रदर्शन में। इस समय देश के सामने कई बड़े मुद्दे हैं। अमेरिका के साथ डील पर सहमति बनी है, लेकिन कुछ बातों को लेकर स्पष्टता चाहिए। उस पर बात ही नहीं हो रही है। जो सवाल सदन के बाहर पूछे जा रहे हैं, उन पर सदन के भीतर चर्चा क्यों नहीं हो सकती? सरकार और विपक्ष, दोनों को मिलकर इस गतिरोध को दूर करना चाहिए।

**पैंथर तोमर, किशन गंज**

**▸ खेलों में राजनीति**

**क्रिकेट विश्व** कप का इंतजार रहता है कि रोचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, लेकिन इस बार गजब की राजनीति से सामना हो रहा है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच खेलने से इनकार कर दिया है। अजीब बात है कि फैसला उनका क्रिकेट बोर्ड नहीं, सरकार सुना रही है। यह सीधे-सीधे खेल का राजनीतिकरण है। वैसे, जब बोर्ड का चेयरमैन कोई मंत्री हो और संरक्षक देश का प्रधानमंत्री, तो राजनीति होगी ही। पाकिस्तान क्रिकेट के मंच का इस्तेमाल पॉलिटिक्स के लिए कर रहा है और उसने बांग्लादेश को मोहरा बनाया हुआ है। उसे लग रहा है कि क्रिकेट के जरिये वह भारत को चोट पहुंचा सकता है। हालांकि यह उसकी गलतफहमी है। इस मामले में ICC को कड़े कदम उठाने चाहिए। अगर इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल ने अब सख्ती नहीं की, तो विश्व क्रिकेट को नुकसान पहुंचेगा।

**संतोष रावत, दिल्ली**

[illegible]

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG9 User: kranti.mishra@timesofindia.com Time: 02-06-2026 23:39 Color:



## फटाफट खबरें

### अखिलेश चौरसिया बने डीआईजी स्थापना

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : डीजीपी मुख्यालय ने शुक्रवार को पांच आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। भ्रष्टाचार निवारण संगठन में तैनात अखिलेश कुमार चौरसिया को डीआईजी स्थापना बनाया गया है। हाल ही में डीआईजी के पद पर प्रमोट हुए एसएसपी एसटीएफ घुले सुशील चंद्रभान को एसटीएफ में ही डीआईजी के पद पर तैनाती दी गई है। नोएडा कमिश्नरेट में तैनात डीआईजी यमुना प्रसाद को डीआईजी पीटीएस मुरादाबाद बनाया गया है। डीजीपी मुख्यालय से अटैच चल रहे हेमराज मीणा को यूपीएसआईएफएस में डीआईजी के पद पर तैनाती दी गई है। 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ में तैनात डीआईजी सचिंद्र पटेल को डीआईजी एसओ बनाया गया है।

### सत्र के दौरान सुरक्षा चूक न हो : महाना

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को विधानमंडल के 9 फरवरी से प्रस्तावित बजट सत्र को लेकर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान क्विक रिस्पॉन्स टीम (QRT) की तैनाती, एंटी एक्सप्लोसिव और एंटी सबोटाज जांच व्यवस्था, विधानसभा के सभी प्रवेश द्वारों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, विधायकों के साथ आने वाले सुरक्षा कर्मियों के बैठने की समुचित व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। अध्यक्ष ने कहा कि सत्र के दौरान किसी भी स्तर पर सुरक्षा में चूक न हो। समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। लोकतांत्रिक गरिमा एवं संसदीय परंपराओं की रक्षा के लिए सुरक्षा एवं सुविधा, दोनों का संतुलन अत्यंत आवश्यक है।

### उत्तर प्रदेश में फिल्म गोदान टैक्स फ्री

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश सरकार ने गो संरक्षण पर आधारित फिल्म गोदान को राज्य में टैक्स फ्री कर दिया है। विनोद चौधरी द्वारा निर्मित व निर्देशित फिल्म आज शुक्रवार को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। सरकार का मानना है कि फिल्म के माध्यम से गो संरक्षण का संदेश व्यापक स्तर पर समाज तक पहुंचेगा और आमजन को इस विषय की गंभीरता से जोड़ने में मदद मिलेगी। उत्तर प्रदेश में करमुक्ति के बाद दर्शकों के लिए टिकट दरों में कमी आएगी, जिससे अधिक से अधिक लोग फिल्म देख सकेंगे। गो संरक्षण को केंद्र में रखकर बनी फिल्म 'गोदान' के निर्माता-निर्देशक इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर चुके हैं।

### विधान परिषद कार्यवाही के लिए समिति बनी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : विधान परिषद की कार्यवाही को बिना विवाद सुचारु रूप से चलाने के लिए शुक्रवार को परामर्शदात्री समिति का गठन किया गया है। प्रमुख सचिव डॉ.राजेश सिंह के मुताबिक इसमें विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य, नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव, निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के संजय कुमार निषाद, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अक्षय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय लोकदल के योगेश चौधरी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के बिच्छे लाल राम, शिक्षक दल (गैर राजनैतिक) के ध्रुव कुमार त्रिपाठी और निर्दलीय समूह की तरफ से राज बहादुर चंदेल को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, सपा नेता मो.जासमीर अंसारी, भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद के मुख्य सचेतक अश्विनी त्यागी, विधान परिषद सदस्य राजेंद्र चौधरी, डॉ.महेंद्र कुमार, सलिल विश्नोई और डॉ.जयपाल सिंह को इसमें विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

# SI भर्ती की परीक्षा को लेकर फैलाई अफवाह तो होगी FIR

## सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर फैली अफवाह पर डीजी भर्ती बोर्ड ने किया सतर्क

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की परीक्षा 14 और 15 मार्च के बजाए 20 और 21 जून किए जाने की अफवाह कई सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर फैलाने पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने अभ्यर्थियों को सतर्क किया है। बोर्ड ने कहा है कि परीक्षा तिथि संबंधी कोई भी नई घोषणा नहीं की गई है। सोशल मीडिया पर चल रहे पत्र, स्क्रीनशॉट या संदेश पूरी तरह भ्रामक हैं। बोर्ड अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने की तैयारी में है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के डीजी एसबी शिरडकर ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी तरह की अपडेट या आधिकारिक सूचना के लिए केवल तीन दिसंबर 2025 को जारी प्रामाणिक विज्ञप्ति पर ही भरोसा करें। परीक्षा से जुड़ी वास्तविक जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.gov.in और आधिकारिक X हैंडल @upprpb को ही देखें। भर्ती बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि परीक्षा से संबंधित कोई भी सार्वजनिक सूचना, निर्देश या नोटिस केवल इन्हीं दो माध्यमों से जारी किए जाते हैं। इसके अलावा किसी अन्य प्लैटफॉर्म, लिंक, फॉरवर्डेड संदेश या पत्र पर भरोसा न करने की सलाह दी गई है, क्योंकि ऐसे स्रोत अक्सर फर्जी साबित होते हैं।

बोर्ड ने चेतावनी दी है कि भ्रामक सूचना तैयार करने या फैलाने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी इस चेतावनी में यह भी कहा गया कि फेक सूचनाओं के प्रचार-प्रसार में शामिल होना भी दंडनीय अपराध है, इसलिए अभ्यर्थी संयम बरतें और किसी भी अपडेट के लिए सिर्फ आधिकारिक पोर्टल पर ही निर्भर रहें। बोर्ड ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि भर्ती प्रक्रिया के संवेदनशील चरण को देखते हुए वे केवल बोर्ड की वेबसाइट और आधिकारिक X हैंडल को ही सूचना का विश्वसनीय स्रोत मानें, ताकि किसी भी तरह की गलत जानकारी से होने वाले नुकसान से बचा जा सके।



### ASI–SI भर्ती टाइपिंग परीक्षा 21 और 22 को

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने उपनिरीक्षक (गोपनीय), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) और सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) पदों पर सीधी भर्ती-2023 के लिए कम्प्यूटर टाइपिंग परीक्षा 21 और 22 फरवरी 2026 को गौतमबुद्धनगर, लखनऊ और प्रयागराज में होगी। बोर्ड ने बताया कि टाइपिंग परीक्षा के प्रवेश पत्र जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट uppbpb.gov.in पर अपलोड किए जाएंगे।

## 25 प्रतिशत से कम अंक पाने वाले अभ्यर्थी घोषित हो जाएंगे अयोग्य

■ होमगार्ड एनरोलमेंट 2025
■ लिखित परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम और OMR भरने के निर्देश जारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने होमगार्ड्स एनरोलमेंट-2025 के लिए लिखित परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र सही पाए गए हैं, उन्हें अब लिखित परीक्षा में शामिल करवाया जाएगा। परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल 2026 को छह पालियों में आयोजित होगी।

**100 अंकों का प्रश्नपत्र, कोई नकारात्मक अंक नहीं :** निर्देशों के अनुसार परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी और पेन-पेपर आधारित OMR पद्धति से ली जाएगी। प्रश्नपत्र में 100 प्रश्न होंगे और कुल अंक भी 100 निर्धारित हैं। सामान्य ज्ञान विषय पर दो घंटे का पेपर होगा। प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक मिलेगा, नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी। 25 प्रतिशत से कम अंक पाने वाले अभ्यर्थी अयोग्य घोषित कर दिए जाएंगे।

**OMR भरने में त्रुटि पर कॉपी जांच नहीं होगी :** बोर्ड के मुताबिक परीक्षा केंद्र कोड, रोल नंबर और प्रश्न पुस्तिका क्रमांक गलत या अधूरा भरने पर OMR की जांच नहीं होगी। OMR में ओवरराइटिंग, कटिंग, व्हाइटनर, ब्लेड या रबर का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। गलत गोला भरने या एक से अधिक गोले भरने पर उत्तर अमान्य माना जाएगा।

### एक से अधिक पालियों में होने वाली परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन

अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर एक ही जिले के परीक्षार्थियों की परीक्षा अलग-अलग दिन और पालियों में अलग-अलग प्रश्नपत्रों के साथ करवाई जा सकती है। इस स्थिति में नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया लागू होगी। प्रश्नपत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में रहेगा। किसी भी भ्रम की स्थिति में अंग्रेजी रूपांतरण को प्राथमिकता दी जाएगी। परीक्षा के प्रवेश-पत्र बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.gov.in पर उपलब्ध होंगे, जहां से अभ्यर्थी स्वयं डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रश्न पुस्तिका क्रमांक और OMR क्रमांक समान हों। असमानता की स्थिति में अभ्यर्थी को तुरंत कक्ष निरीक्षक से प्रश्न पत्र तथा OMR बदलवाना होगा।

# 601 विशेषज्ञ और 1790 MBBS डॉक्टरों की भर्ती अटकी

■ स्वास्थ्य विभाग में 18 नवंबर से 26 नवंबर तक हुए थे आवेदन, 30 जनवरी को आई थी सूची
■ रूस से MBBS करने वाले आवेदक ने पक्षपात का आरोप लगा इंटरव्यू पर उठाए थे सवाल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी में 2391 डॉक्टरों की भर्ती अटक गई है। वॉक इन इंटरव्यू के बाद जारी 30 जनवरी को जारी सूची पर रूस से MBBS करके आए एक डॉक्टर ने आपत्ति दर्ज करवा दी है। डॉक्टर के मुताबिक इंटरव्यू में उनके नंबर ज्यादा थे, लेकिन भारत में एमबीबीएस करने वाले अभ्यर्थियों को सूची में ऊपर रखा गया था। आरोप है कि वॉक इन इंटरव्यू के लिए जारी नोटिफिकेशन में भारत और दूसरे देश से एमबीबीएस करने वालों के बीच किसी भी तरह का अंतर किए जाने का जिक्र नहीं किया गया था। आपत्ति की सुनवाई के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से बनी कमिटी ने रिपोर्ट सौंप दी है। माना जा रहा है कि जल्द ही कोई बीच का रास्ता निकाला जाएगा।

सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ और एमबीबीएस डॉक्टरों का संकट दूर करने के लिए पिछले साल वॉक इन इंटरव्यू के जरिए भर्ती का फैसला हुआ था। इसके तहत 601 विशेषज्ञ और 1790 एमबीबीएस डॉक्टरों के लिए आवेदन मांगे गए। पिछले साल 18 नवंबर से 26 नवंबर तक आवेदन लिए गए और इस साल 19 जनवरी से 21 जनवरी तक इंटरव्यू हुए। इंटरव्यू के बाद सूची तैयार हुई, लेकिन आरोप है कि उसमें रूस समेत कई दूसरे देशों से एमबीबीएस करने वाले अभ्यर्थियों को भारत में एमबीबीएस करने वालों की तुलना में कम तरजीह दी गई। इस सूची के मुताबिक 30 जनवरी को रिजल्ट जारी करते हुए तैनाती का आदेश जारी किया जाना था। इस बीच तत्कालीन महानिदेशक डॉ.आरपीएस सुमन भी रिटायर हो गए, लिहाजा कोई फैसला नहीं लिया जा सका। उम्मीद जताई जा रही है कि नए महानिदेशक डॉ.पवन कुमार अरुण के स्तर से जल्द ही इस गतिरोध को दूर करते हुए नियुक्ति का आदेश जारी किया जाएगा।

### डॉ. पवन बने डीजी, डॉ. हरिदास डीजी फैमिली वेलफेयर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग के नए महानिदेशक डॉ.पवन कुमार अरुण ने शुक्रवार को चार्ज संभाल लिया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं को पहले से भी ज्यादा बेहतर करना उनकी प्राथमिकता होगी। एक फरवरी को डॉ.आरपीएस सुमन के रिटायर होने के बाद से यह कुर्सी खाली थी।

स्वास्थ्य विभाग में सबसे सीनियर होने के चलते उन्हें महानिदेशक बनाया जाना लगभग तय माना जा रहा था। शुक्रवार को चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के पदाधिकारियों ने उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इसमें महासंघ के प्रवक्ता सुनील कुमार, महामंत्री कमल श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव सतीश पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण सचान, स्वास्थ्य महानिदेशालय मिनिस्टीरियल असोसिएशन के महामंत्री ज्ञान प्रकाश भी मौजूद रहे। इसके साथ ही शासन ने डॉ.हरिदास अग्रवाल को महानिदेशक परिवार कल्याण और डॉ.रजना खरे को महानिदेशक प्रशिक्षण (चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) बनाया गया है। डॉ.रजना के पास इससे पहले निदेशक का चार्ज था।

# कौशल विकास मिशन से जुड़े पुलिस परिवार, 18 वामा स्वावलंबन केंद्र शुरू

■ वामा सारथी और उप्र कौशल विकास मिशन के बीच हुआ MoU
■ पुलिसकर्मियों के परिवारीजनों को मिलेगा कौशल आधारित प्रशिक्षण



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी पुलिस के परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। वामा सारथी (उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर असोसिएशन) और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के बीच हुए महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) के तहत पुलिसकर्मियों के परिवारीजनों को सीधे कौशल-आधारित प्रशिक्षण से जोड़ने की व्यापक योजना शुरू की गई है। पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के 18 वामा स्वावलंबन केंद्रों का एक साथ शुभारंभ किया गया। आने वाले समय में इन कोर्सों को 18 केंद्रों से बढ़ाकर सभी 75 जिलों तक पहुंचाने की तैयारी है।

राजधानी लखनऊ के अलावा वाराणसी, कानपुर नगर, प्रयागराज, आगरा, अलीगढ़, बांदा, कोठी, मुरादाबाद, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, झांसी, अयोध्या, मेरठ, मुजफ्फरनगर, आजमगढ़ और मीरजापुर में स्वावलंबन केंद्रों को शुरू किया गया है। इन केंद्रों के माध्यम से पुलिस परिवारों को ब्यूटीशियन, डिजिटल मित्र, सैंपल टेलरिंग, डिजिटल मार्केटिंग और ई-कॉमर्स जैसे कोर्सेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम चरण में 1,700 से अधिक पुलिसकर्मियों के परिवारीजन इन कोर्सों में भाग ले रहे हैं। खास बात यह है कि पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम को उद्योग जगत के स्तर से जोड़ा गया है, जिसमें कई नामी प्रतिष्ठित संस्थानों का सहयोग मिल रहा है। इन ब्रांड्स के विशेषज्ञ प्रशिक्षक प्रायोगिक और मार्केट-फोकस्ड ट्रेनिंग उपलब्ध करवाएंगे, जिससे प्रतिभागियों को प्रशिक्षण खत्म होते ही रोजगार या स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हों।

वामा सारथी की अध्यक्ष मीनाक्षी सिंह ने बताया कि यह पहल पुलिस परिवारों के आत्मविश्वास, आर्थिक सुरक्षा और रोजगार सृजन की दिशा में ठोस कदम है। भविष्य में पुलिस लाइन क्षेत्रों में ब्यूटी स्टूडियो, बुटीक, टेलरिंग यूनिट और डिजिटल सर्विस सेंटर पुलिस परिवारों द्वारा संचालित किए जाने की योजना है। कौशल विकास विभाग ने भी पुलिस परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई बड़े बदलाव किए हैं। कोर्स की उम्र सीमा 18-35 वर्ष से बढ़ाकर 18-45 वर्ष कर दी गई है, ताकि अधिक से अधिक परिवारीजन इसका लाभ उठा सकें।

डीजीपी राजीव कृष्णा ने कहा कि जब पुलिसकर्मी अपने परिवार को सुरक्षित और आत्मनिर्भर जानते हैं, तभी वे प्रदेश की कानून-व्यवस्था को बेहतर ढंग से संभाल सकते हैं। प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग डॉ. हरिओम ने 'वामा सारथी' के साथ इस समन्वय को एक ऐतिहासिक पहल बताया।

# सूचना निदेशक ने कर्मचारी संघ को दिलाई शपथ



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा है कि सूचना विभाग के अधिकारियों-कार्मिकों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। वे अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सरकार की नीति, निर्णय एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक पहुंचाने में योगदान देते हैं।

निदेशक ने मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुक्रवार को सूचना निदेशालय में शपथ दिलाई। कपिल कुमार सिंह ने अध्यक्ष, निखिल मिश्रा, शशांक शेखर शुक्ल उपाध्यक्ष, राजकुमार ने महामंत्री की शपथ ली। इस अवसर पर अपर निदेशक, सूचना अरविंद कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान का 72% लक्ष्य पूरा



अवनीश अवस्थी बोले-जिला स्तरीय अधिकारी योजना की नियमित समीक्षा करें

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के 72 प्रतिशत लक्ष्य को पा लिया है। शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित योजना की समीक्षा बैठक में इसकी जानकारी दी गई। बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने योजना के 100 प्रतिशत के लक्ष्य के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी नियमित योजना की समीक्षा करें।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मिशन निदेशक के विजयेंद्र पांडियन ने कहा कि यह केवल एक योजना नहीं बल्कि एक मिशन है, जिसके माध्यम से अधिक से अधिक इनोवेटिव परियोजनाओं द्वारा रोजगार सृजन करना लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि 15 मार्च तक हर दिन की कार्ययोजना बनाते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। वित्तीय वर्ष 2025–26 की शेष अवधि में लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पारदर्शी चयन, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, इनोवेटिव एवं क्वॉलिटी प्रोजेक्ट्स तथा ऑनलाइन टूल्स के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में राज कमल यादव, प्रबंध निदेशक (यूपीएसआईडी), सर्वेश्वर शुक्ला, राज्य नोडल अधिकारी, संदीप प्रकाश, डीजीएम, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सुधीर गुप्ता, सीजीएम, इंडियन बैंक समेत सभी जिलों के विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# हर जिले में बनेगा 100 एकड़ का औद्योगिक क्षेत्र

सरदार वल्लभ भाई पटेल योजना के तहत हर जिले में बनेंगे औद्योगिक क्षेत्र

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रदेश में निवेश को बढ़ाने के लिए यूपी दिवस पर शुरू की गई सरदार वल्लभभाई पटेल योजना के तहत हर जिले में 100 एकड़ जमीन औद्योगिक क्षेत्र के लिए चिह्नित की जाएगी। इसके लिए जिलों ने काम शुरू कर दिया है। इन क्षेत्रों में प्लग ऐंड प्ले मॉडल पर औद्योगिक विकास किया जाएगा, जिससे MSME उद्योगों को लाभ मिल सके।

**मांगा गया लैंडबैंक का डेटा :** हर जिले में औद्योगिक लैंडबैंक तैयार करने के लिए सभी जिलों से आंकड़ा मांगा है। औद्योगिक विकास विभाग की कोशिश है कि इन क्षेत्रों में लैंडबैंक एकसाथ मौजूद हो, जिससे जिन उद्यमियों को बड़े लैंडबैंक की जरूरत हो, उन्हें जमीनें उपलब्ध करवाई जा सकें।

**₹6 लाख करोड़ से अधिक की होनी है GBC :** प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक विकास विभाग ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-5.0 करने की तैयारी कर रहा है। इस जीबीसी में 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। इसके लिए इन्वेस्ट यूपी विभाग ने सभी जिलों का टारगेट निर्धारित किया है। इसके अलावा विभागों को भी निवेश के आंकड़े पाने का लक्ष्य दिया गया है। जीबीसी-5.0 में औद्योगिक विकास विभाग की कोशिश है कि ज्यादातर ऐसी परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाए, जिन्हें जल्द से जल्द जमीन पर उतारा जा सके।

₹12,453 करोड़ का राजस्व अंतर दिखाया है बिजली कंपनियों ने, भरपाई के लिए होगी बढ़ोतरी की मांग

# ARR स्वीकार, नई दरों पर सुनवाई मार्च में

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

बिजली कंपनियों को तीन दिन में प्रकाशित करने होंगे सभी आंकड़े

बिजली दरों में करीब 20 प्रतिशत इजाफे के लिए बिजली कंपनियों द्वारा दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता प्रस्ताव (एआरआर) को सुनवाई के लिए नियामक आयोग ने शुक्रवार को सशर्त मंजूरी दे दी। मार्च में बिजली की नई दरें तय करने के लिए दाखिल एआरआर और उसपर आई आपत्तियों पर आयोग सुनवाई करेगा। बिजली कंपनियों ने 12,453 करोड़ रुपये का राजस्व अंतर दिखाया है। इसी रकम की भरपाई के लिए बिजली दरों में बढ़ोतरी की मांग हो रही है।

नियामक आयोग ने सभी बिजली कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे तीन दिन के भीतर अपने सभी आंकड़ों समेत एआरआर समाचार पत्रों में प्रकाशित करें। प्रस्तावित एआरआर पर उपभोक्ताओं और अन्य को अपना पक्ष, आपत्तियां और सुझाव दाखिल करने के लिए 21 दिन का समय दिया गया है, जिसके बाद बिजली दरें तय करने के लिए सुनवाई होगी। बिजली कंपनियों ने दाखिल एआरआर में बिजली की नई दरों के संबंध में कोई प्रस्ताव न देकर घाटे की भरपाई पर निर्णय आयोग को लेने को कहा है। नियामक आयोग ने शुक्रवार को जारी आदेश में कहा है कि बिजली कंपनियां एआरआर प्रकाशित करते हुए यह भी बताएं कि उनके घाटे के एवज में बिजली दरों में बढ़ोतरी का क्या प्रस्ताव है? वर्ष 2026-27 के लिए कंपनियों ने 17,100 करोड़ रुपये की सब्सिडी सरकार से मिलने का प्रस्ताव रखा है। इसके बावजूद, कंपनियों ने 12,453 करोड़ रुपये का घाटा दिखाते हुए बिजली दरों में बढ़ोतरी की संभावना रखी है। इस एवज में मौजूदा बिजली दरों में तकरीबन 20 प्रतिशत का इजाफा होगा। बिजली कंपनियों ने वितरण हानियां फिर से 13.07% किए जाने की मांग की है।

### स्मार्ट मीटर के लिए 3,837 करोड़ रुपये का खर्च बताया

स्मार्ट प्रीपेड मीटर संचालन के लिए 3,837 करोड़ रुपये खर्च बताया गया है। यह रकम भी बिजली दरों में समायोजित करने की मांग की गई है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने एआरआर के आंकड़ों को मनगढ़ंत बताया है। परिषद ने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का 51 हजार करोड़ रुपये बकाया है। ऐसे में अगले पांच साल तक बिजली दरों में 8% की कमी की जाए तब हिसाब बराबर होगा।


## लखनऊ नगर निगम

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेल: nnlko@up.nic.in, वेबसाइट: www.lmc.up.nic.in

संख्या: 385/मु.अ./25-26 दिनांक : 05.02.2026

### अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 18.02.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 17.02.2026 तक अपराह्न 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 18.02.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकते है। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपराह्न 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रु. में) | धरोहर धनराशि (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% GST | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहीद भगत सिंह प्रथम वार्ड के अन्तर्गत एल.एल. सिटी लकरोड़ी इन्दिरा नगर में सरवन जाटी के उमा शंकर साहू के मकान संख्या-91बी तक नाली एवं सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य। | 788165.00 | 78817 | 2 माह | 788 | 142 | 930 |
| 2 | शहीद भगत सिंह प्रथम वार्ड के अन्तर्गत एल.एल. सिटी लकरोड़ी इन्दिरा नगर में उमा शंकर साहू के म.सं.-91 बी से राधे श्याम वर्मा के मकान तक नाली सड़क एवं सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य। | 788168.00 | 78817 | 2 माह | 788 | 142 | 930 |
| 3 | इन्दिरा प्रियदर्शिनी वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर सेक्टर-11 समता नगर में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र से पावर स्टेशन तक सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 834085.00 | 83409 | 2 माह | 834 | 150 | 984 |
| 4 | इन्दिरा प्रियदर्शिनी वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर सेक्टर-11 समता नगर में पूजा बटन हाउस से अंकित इलेक्ट्रानिक्स तक सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 631732.00 | 63173 | 2 माह | 632 | 114 | 745 |
| 5 | इन्दिरा प्रियदर्शिनी वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर सेक्टर-11 समता नगर म.सं.-35 से आयुष विभाग तक सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 847140.00 | 84714 | 2 माह | 847 | 152 | 1000 |
| 6 | इन्दिरा प्रियदर्शिनी वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर सेक्टर-11 समता नगर म.सं.-636/50 से पार्क तक सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 845642.00 | 84564 | 2 माह | 846 | 152 | 998 |
| 7 | इन्दिरा प्रियदर्शिनी वार्ड के अन्तर्गत मानस इन्क्लेव फेस-2 कालोनी में म.सं.-138 से म.सं.-94 होते हुए म.सं.-111 तक साइड पटरी इन्टरलाकिंग, नाली एवं सड़क का सुधार कार्य। | 845812.00 | 84581 | 2 माह | 846 | 152 | 998 |
| 8 | इन्दिरा प्रियदर्शिनी वार्ड के अन्तर्गत मानस इन्क्लेव फेस-2 कालोनी में म.सं.-60 से म.सं.-67 होते हुए मेन रोड तक इन्टरलाकिंग टाइल्स, नाली एवं सड़क का सुधार कार्य। | 834536.00 | 83454 | 2 माह | 835 | 150 | 985 |
| 9 | इन्दिरा प्रियदर्शिनी वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर सेक्टर-11 समता नगर म.सं.-16 से म.सं.-12 तक सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 846391.00 | 84639 | 2 माह | 846 | 152 | 999 |
| 10 | शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के अन्तर्गत साकेत बिहार मोड़ पर श्री गोविन्द बल्लभ पंत गेट का आर.सी.सी. स्ट्रक्चर निर्माण कार्य। | 842625.00 | 84263 | 2 माह | 843 | 152 | 994 |
| 11 | शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के अन्तर्गत साकेत बिहार मोड़ पर श्री गोविन्द बल्लभ पंत गेट का फिनिशिंग व रंगाई-पुताई कार्य। | 838550.00 | 83855 | 2 माह | 839 | 151 | 989 |
| 12 | बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-21 में म.सं. 21/1183 से म.सं.-21/1152 के चारो और इन्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 843770.00 | 84377 | 2 माह | 844 | 152 | 996 |
| 13 | बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-21 में म.सं.-21/213 के सामने पेवर द्वारा सड़क का सुधार कार्य। | 819830.00 | 81983 | 2 माह | 820 | 148 | 967 |
| 14 | बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-19 में म.सं.-19/537 के सामने इन्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 788424.00 | 78842 | 2 माह | 788 | 142 | 930 |
| 15 | बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-21 में म.सं.- 21/1033 के सामने पेवर द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 800871.00 | 80087 | 2 माह | 801 | 144 | 945 |
| 16 | बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-25 में म.सं.-25/22 एवं पार्क के चारो ओर नाली का निर्माण कार्य। | 839116.00 | 83912 | 2 माह | 839 | 151 | 990 |
| 17 | लोहिया नगर वार्ड के अन्तर्गत विकास नगर में म.सं.-1 में म.सं.-1/276 बी.डी. मिश्रा जी के घर के चारो ओर डामरीकरण एवं नाली सुधार कार्य। | 843073.00 | 84307 | 2 माह | 843 | 152 | 995 |
| 18 | लोहिया नगर वार्ड के अन्तर्गत विकास नगर में म.सं.-6 में ट्यूबेल वाले पार्क से मजार वाले पार्क तक सी.सी. सड़क निर्माण व नाली सुधार कार्य। | 842867.00 | 84287 | 2 माह | 843 | 152 | 995 |
| 19 | इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत अयोध्या रोड पर बी.बी.डी. यूनिवर्सिटी के ठीक सामने क्राउन मॉल के बगल स्थित गोयल फेस-1 से लेकर सिल्वर लाईन अपार्टमेन्ट तक नाली एवं सड़क निर्माण कार्य। | 834750.00 | 83475 | 2 माह | 835 | 150 | 985 |
| 20 | इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड में अजय नगर श्रीराम ज्वैलर्स के सामने से ऑल हैवेन पब्लिक स्कूल तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 423941.00 | 42394 | 2 माह | 424 | 76 | 500 |
| 21 | हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी में एम.डी. 76 के सामने स्थित पार्क में साइड पटरी/पाथवे का निर्माण कार्य। | 813423.00 | 81342 | 2 माह | 813 | 146 | 960 |
| 22 | हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी में ट्यूबेल वाले पार्क में पाथवे का सुधार कार्य। | 775800.00 | 77580 | 2 माह | 776 | 140 | 915 |
| 23 | शारदा नगर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत एल्डिको उद्यान 2 सुरक्षा गेट नं. 2 से भवन सं. एस-1/99 तक सड़क की मरम्मत एवं सुधार कार्य। | 825092.00 | 82509 | 2 माह | 825 | 149 | 974 |
| 24 | शारदा नगर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत एल्डिको उद्यान 2 गेट नं. 2 के अन्दर भवन सं. एस-1/59 से भवन सं. एस.-1/105 तक सड़क की मरम्मत एवं सुधार कार्य। | 823429.00 | 82343 | 2 माह | 823 | 148 | 972 |
| 25 | शारदा नगर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत एल्डिको उद्यान 2 सुरक्षा गेट नं.-2 में भवन सं. एस-1/15 से भवन सं. एस-1/19 तक सड़क की मरम्मत एवं सुधार कार्य। | 821050.00 | 82105 | 2 माह | 821 | 148 | 969 |
| 26 | शारदा नगर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत एल्डिको उद्यान 2 गेट नं. 2 के अन्दर भवन सं. एस-1/167 से भवन सं. एस-1/122 तक सड़क की मरम्मत एवं सुधार कार्य। | 830982.00 | 83098 | 2 माह | 831 | 150 | 981 |
| 27 | हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी में जय पार्क के कोने से सचिवालय कालोनी तक साइड पटरी पार्क इन्टरलाकिंग का कार्य। | 843159.00 | 84316 | 2 माह | 843 | 152 | 995 |
| 28 | शारदानगर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत एकता नगर में अजय कुमार के घर से कौशल किशोर के घर तक सी.सी. सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 829973.00 | 82997 | 2 माह | 830 | 149 | 979 |
| 29 | राजाबिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत राघव सिटी में राम आसरे के मकान अनन्त राम लोधी के मकान तक सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 840402.00 | 84040 | 2 माह | 840 | 151 | 992 |
| 30 | राजाबिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत शान्तिपुरम कालोनी में आशुतोष सिंह के मकान से राजनारायण पाण्डेय के मकान तक नाली एवं सी.सी. सड़क का कार्य। | 818578.00 | 81858 | 2 माह | 819 | 147 | 966 |
| 31 | राजाबिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत शान्तिपुरम कालोनी में दरोगा जी के मकान से नरेन्द्र पाल के मकान तक नाली एवं सी.सी. सड़क का कार्य। | 834889.00 | 83489 | 2 माह | 835 | 150 | 985 |
| 32 | राजाबिजली पासी द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत गाँव गौरी में बालाजी जनरल स्टोर के सामने से अखिल पण्डित के सामने तक गली में इंटरलाकिंग व नाली का निर्माण कार्य। | 847211.00 | 84721 | 2 माह | 847 | 152 | 1000 |
| 33 | राजाबिजली पासी द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत गाँव गौरी में राजू दोषी से कौशल कोरी के सामने तक सड़क इन्टरलाकिंग व नाली का निर्माण कार्य। | 838527.00 | 83853 | 2 माह | 839 | 151 | 989 |
| 34 | इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत अनिल यादव के घर से से सुबेदार वर्मा के घर तक नाली एवं इंटरलाकिंग का कार्य। पार्ट-बी | 598833.00 | 59883 | 2 माह | 599 | 108 | 707 |
| 35 | इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत सरवन साहू के घर से अखिलेश पाठक के घर तक नाली व इंटरलाकिंग का कार्य पार्ट-ए | 761394.00 | 76139 | 2 माह | 761 | 137 | 898 |
| 36 | इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत जगत खेड़ा में निकट बाला जी टेंडर्स वाली पंडितन के पास सुरेश कुमार के घर से राजकिशोर के घर तक नाली व सड़क का कार्य। | 845718.00 | 84572 | 2 माह | 846 | 152 | 998 |
| 37 | इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत गोपाल खेड़ा गांव में मुन्नू तिवारी के घर से राम सिंह के घर तक नाली व इन्टरलाकिंग का कार्य। | 779237.00 | 77924 | 2 माह | 779 | 140 | 919 |
| 38 | विद्यावती तृतीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर एच में महेश सिंह बर्धमान लड्डू के स्थित पार्क के चारो तरफ इन्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 843619.00 | 84362 | 2 माह | 844 | 152 | 995 |
| 39 | खरिका द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृन्दावन सेक्टर-8बी में मकान नं.-8बी/85 से सर्विस लेन तक सड़क का डामरीकरण व नाली का कार्य। | 802047.00 | 80205 | 2 माह | 802 | 144 | 946 |
| 40 | हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी में सैनी फव्वारा के बगल वाली रोड से पण्डित जी के मकान तक इन्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 843494.00 | 84349 | 2 माह | 843 | 152 | 995 |

शर्ते : 1. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा) 2. शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू. 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या:-692/23-07-2024 दिनांक 09-08-2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी.ओ.क्यू.) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिंग/आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी./डयूली प्लेज्ड एफ.डी.आर./बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। 3. कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। 4. 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। 5. किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। 6. 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTL10 User: cci Time: 02-07-2026 00:01 Color:



## फटाफट खबरें

### रेड मर्करी के बहाने ठगी की कोशिश, दो धरे

■NBT न्यूज़, लखीमपुर खीरी: रेड मर्करी के नाम पर विदेशियों से ठगी की कोशिश के आरोप में पुलिस ने दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने फेसबुक पर साउथ कोरिया के जिओक और ली ईयोल से संपर्क किया। इसके बाद रेड मर्करी उपलब्ध करवाने का झांसा देकर निघासन बुलाया था। जानकारी पर हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी कर जालसाजों के साथ ही दोनों विदेशियों को धर दबोचा। हालांकि एक युवक मौके से बच निकला। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान पढ़ुआ के सोठियाना गांव निवासी वसीक और रिहान के रूप में हुई है।

### 'लापता लोगों की गंभीरता से होगी तलाश'

■NBT न्यूज़, लखीमपुर खीरी: 2013 बैच की आईपीएस ख्याति गर्ग ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभाल लिया। वे तीसरी महिला एसपी है। इससे पहले वन पड़ाव और पूनम यह पद संभाल चुकी है। पुलिस लाइंस में प्रेस वार्ता के दौरान नवनियुक्त एसपी ने बताया कि अमेठी में एसपी, लखनऊ में पुलिस उपायुक्त, मुरादाबाद में सेनानायक पीएसी जैसे पदों पर रह चुकी है। कहा कि लापता लोगों खासतौर पर बच्चों और महिलाओं की गंभीरता से तलाश कराई जाएगी। इसके साथ ही यातायात में सुधार, अवैध खनन पर रोक सहित सरकार की प्राथमिकताओं पर फोकस की बात कही।

### 'समय से पूरा हो गोला कॉरिडोर'

■NBT न्यूज़, लखीमपुर खीरी: सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना छोटी काशी गोला कॉरिडोर का शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने निरीक्षण किया। विधायक अमन गिरी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक की मौजूदगी में कामों का जायजा लेते हुए जल्दी निर्देश दिए। इस दौरान कहा कि गोला के पर्यटन विकास एवं छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर का काम समय से पूरा होना चाहिए।

### पति की मौत से आहत महिला ने दी जान

■NBT न्यूज़, सुलतानपुर: पखरौली रेलवे स्टेशन के अमियाकला गांव के पास शुक्रवार को एक महिला ने श्रमजीवी एक्सप्रेस से कूदकर जान दे दी। यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोकने के साथ ही जीआरपी को सूचना दी। मृतका की शिनाख्त बिहार निवासी नीतू उपाध्याय (35) के रूप में हुई है। जीआरपी थाना प्रभारी भोला सिंह के अनुसार महिला के पति अजीत (38) की इलाज के दौरान गुरुवार रात एसजीपीजीआई में मौत हो गई थी। इसके बाद परिवारजन ऐंबुलेंस से शव लेकर जा रहे थे। वहीं परिवार के कुछ लोगों के साथ ही , वहीं नीतू के परिजन ट्रेन से साथ लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रेन से कूद गई थी।

### SI थाने से लापता, गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

■NBT न्यूज़, बस्ती: परशुराम थाने पर तैनात एसआई अजय कुमार गौड़ गुरुवार शाम से ड्यूटी से गायब है। उनका सीयूजी नंबर स्विच ऑफ है और अपने घर भी नहीं पहुंचे हैं। सीओ हर्रैया स्वर्णिम सिंह ने बताया कि एसआई अजय देवरिया जिले के रहने वाले हैं। उनसे मुकदमा जांच से कॉन्टैक्ट नहीं हो पा रहा है। उनकी कहीं मिली है। तलाश की जा रही है। मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई जा रही है।

### 'SIR में फर्जीवाड़ा कर रहे कांग्रेसी'

■NBT न्यूज़, अमेठी: SIR प्रक्रिया के दौरान हुए बीएलओ से विवाद मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने शुक्रवार को पार्टी पदाधिकारियों के साथ डीएम संजय चौहान से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इससे पहले 4 फरवरी को कांग्रेस जिला सचिव राकेश मौर्य ने एसडीएम आशीष सिंह से शिकायत की थी। इसमें आरोप लगाया कि भाजपा जिलाध्यक्ष ने कथित तौर पर बीएलओ की ड्यूटी कर रही उनकी पत्नी सुमदा को ठेंगा गांव में बुलाकर फॉर्म 7 भरने का दबाव डाला था। वहीं, डीएम से मुलाकात के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस SIR के दौरान फर्जीवाड़ा कर रही है। उन्होंने कहा कि ठेंगा अमेठी, बूथ संख्या 207 व 208 पर कांग्रेस के जिला सचिव राकेश कुमार मौर्य और उनकी पत्नी मनमानी कर रहे थे। डीएम ने पूरे मामले की जांच करवाने की बात कही है।

### रामगंगा नहर में गिरी कार, तीन की मौत

■NBT रिपोर्ट, कानपुर: कानपुर देहात के रसूलाबाद क्षेत्र स्थित अखिरा गांव के पास शुक्रवार दोपहर बेकाबू स्विफ्ट कार रामगंगा नहर में जा गिरी। इससे कार सवार 2 भाइयों समेत तीन की मौत हो गई। गौंडा के बहराइच रोड निवासी टेंट हाउस मालिक राजेश (55) अपने भाई राधेश (45) और भतीजे अभिषेक के साथ रसूलाबाद के अकोढ़िया गांव आए थे। वापसी के दौरान नहर पुल से पहले कार बेकाबू होकर सीधे नहर में जा गिरी। ग्रामीणों ने किसी तरह अभिषेक को बचा लिया, लेकिन दोनों भाइयों के साथ कार चालक इरफान की मौत हो गई।

### अजीत पवार की अस्थियां गंगा में विसर्जित



■NBT न्यूज़, वाराणसी: महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार की अस्थियां शुक्रवार को काशी के अस्सी घाट पर गंगा में विसर्जित की गईं। परिवारीजनों के साथ ही राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के नेता धनंजय सिंह, हरिश्चंद्र सिंह व भाजपा नेता धामदत्त त्रिपाठी अस्थि कलश लेकर हरिहर से काशी पहुंचे। घाट पर तीर्थ पुरोहित बलराम मिश्र ने पूजन करवाया। इसके बाद अस्थियों को गंगा में विसर्जित कर दिया गया।

### नूतन ठाकुर की अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर

■NBT न्यूज़, वाराणसी: वाराणसी में दर्ज एक मुकदमे में आजाद सेना के अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की पत्नी डॉ. नूतन ठाकुर को कोर्ट से राहत मिली है। जिला जज संजीव शुक्ला की अदालत ने नूतन ठाकुर की अग्रिम जमानत अर्जी शुक्रवार को मंजूर कर ली। अदालत ने गिरफ्तारी की दशा में 50-50 हजार की दो जमानत एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया है। अग्रिम जमानत अर्जी पर बहस करते हुए अधिवक्ता अनुज यादव ने कहा कि नूतन को मात्र राजीनीतिक विद्वेष और शासन-प्रशासन के दबाव में मुकदमा दर्ज कर आरोपित बनाया गया है।

# जुवेनाइल रिहैबिलिटेशन का पूरे यूपी में इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं

## प्रदेश सरकार ने कोर्ट में माना, HC ने तलब किया हलफनामा

■NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के यह कहने पर कि पूरे राज्य में जुवेनाइल जस्टिस ऐक्ट 2015 को लागू करने में इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी कमियां हैं, गहरी चिंता जताई है। प्रदेश सरकार के वकील ने कोर्ट को बताया कि पूरे राज्य में जुवेनाइल जस्टिस ऐक्ट 2015 और जुवेनाइल जस्टिस रूल्स 2016 के तहत बनाए गए मान्यता प्राप्त संस्थानों, जैसे फिट पर्सन, फिट संस्थान, ग्रुप फॉस्टर केयर संस्थान, ग्रुप फॉस्टर केयर देने वाले और केस वर्कर के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ये संस्थाएं/संस्थान रिहैबिलिटेशन और रीइंटीग्रेशन (आरऐंडआर) कार्यक्रम और कानून से टकराव वाले बच्चे को जमानत पर रिहा होने के बाद व्यक्तिगत बाल देखभाल योजना को लागू करने के लिए जरूरी है। राज्य सरकार के जवाब पर कोर्ट ने कहा कि सिस्टम की कमी से जुवेनाइल जस्टिस ऐक्ट का सुधारात्मक न्याय का कानूनी आदेश पूरी तरह से खत्म हो रहा है।

कोर्ट एक किशोर द्वारा दायर आपराधिक अपील की सुनवाई कर रही थी, जो जमानत मांग रहा था। बेंच ने यह राय बनाई कि नाबालिग-अपीलकर्ता को रिहाई के बाद जुवेनाइल ऐक्ट 2015 के तहत रिहैबिलिटेशन और रीइंटीग्रेशन (व्यक्तिगत बाल देखभाल) की सख्त जरूरत है। इसे आसान बनाने के लिए कोर्ट ने राज्य सरकार से प्लान बनाने में मदद करने के लिए संस्थाओं के बारे में जानकारी मांगी हुए उन मानदंडों के बारे में भी पूछा जिनके आधार पर ऐसी संस्थानों को मान्यता दी गई। हालांकि राज्य की ओर से एजीए यह नहीं बता पाए कि क्या ऐसी किसी संस्थान की पहचान की गई। इस पर कोर्ट ने अडिशनल एडवोकेट जनरल से राज्य सरकार की ओर से इस जरूरी मुद्दे पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

खबरें कोर्ट से

### 172 सिपाहियों की वरिष्ठता पर दो महीने में लें निर्णय

■NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती 2015 बैच के 172 सिपाहियों के वरिष्ठता विवाद पर एडीजीपी कार्मिक लखनऊ को दो माह में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति विकास ने यह आदेश विवेक कुमार त्रिपाठी व 71 अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

HC ने 2015 बैच को लेकर एडीजीपी कार्मिक लखनऊ को दिए निर्देश

याची ने कोर्ट को बताया कि उनकी वरिष्ठता निर्धारण में 26 दिन की कटौती की गई है जो सेवा नियमावली के विपरीत है। याचियों ने 02 दिसंबर 2015 को जेटीसी के लिए पुलिस लाइन में आमद दर्ज करवाई थी। हालांकि, विभाग के रेकॉर्ड में जॉइनिंग 28 दिसंबर 2015 दर्ज कर दी गई। 26 दिन के अंतर के कारण याचीकर्ता अपने ही बैच के साथियों से जूनियर हो गए और भविष्य में प्रमोशन पर संकट खड़ा हो गया था।

सिपाहियों की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि आमद के समय मेस के अग्रिम शुल्क के रूप में 3,000 रुपये जमा किए गए थे। इस पर कोर्ट ने कहा कि जब जवान पुलिस लाइन में मौजूद थे और मेस की सर्विस कर रहे थे, तो रेकॉर्ड में देरी से जॉइनिंग दिखाना गलत है। यह भी सामने आया कि गोरखपुर के एसपी (साउथ) ने अप्रैल 2023 में ही अपनी जांच रिपोर्ट में विभाग की गलती मानी थी। इसके बावजूद पुलिस मुख्यालय ने रेकॉर्ड में सुधार नहीं किया।

### आयोग में रखे जाएंगे 12 रिटायर्ड अफसर

■NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में 12 सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को रखा जाएगा। समूह क के पांच और समूह ख के दो अधिकारियों के अलावा समूह ग के पांच सेवानिवृत्त कर्मचारियों से 28 फरवरी तक आवेदन मांगे गए है। विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट www.upessc.up.gov.in पर उपलब्ध है।

### गौतमबुद्धनगर के CP और हापुड़ SSP तलब

■NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हत्या के अभियुक्त पर नरमी बरतने पर नाराजगी जताते हुए गौतम बुद्ध नगर के पुलिस कमिश्नर और हापुड़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को तलब किया है।

हत्याभियुक्त पर नरमी बरतने पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

हापुड़ के कौशल किशोर की अपील पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय एवं न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह की खंडपीठ ने पुलिस-अपराधी की संभावित सांठगांठ का उदाहरण बताते हुए दोनों अधिकारियों को 12 फरवरी को उपस्थित होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पाया कि पुलिस ने गैर जमानती वॉरंट के तामील में लापरवाही बरती, जिससे अपराधी को राहत मिली।

### नोएडा इंजिनियर की मौत मामले में बिल्डर को जमानत


■NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजिनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में एमजेड विजटाउन प्लानर्स के निदेशक अभय कुमार को तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी हाई कोर्ट के हालिया फैसले और निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए की गई। जस्टिस सिद्धार्थ और जस्टिस जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि अभय कुमार की गिरफ्तारी उमंग रस्तोगी एवं अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले में दिए गए निर्णय के विपरीत हुई है। विशेष रूप से गिरफ्तारी मेमो की धारा 13 का पालन नहीं किया गया, जो प्रदेश में अनिवार्य रूप से लागू है।

हाई कोर्ट ने कहा- गिरफ्तारी में हुई नियमों की अनदेखी

कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी मेमो की धारा 13 के तहत पुलिस को यह स्पष्ट रूप से दर्ज करना आवश्यक होता है कि आरोपी की भूमिका से संबंधित ठोस सामग्री क्या है। साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तारी की आवश्यकता क्यों पड़ी और कौन से दस्तावेजी या इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य मौजूद हैं। इन अनिवार्य शर्तों का पालन किए बिना की गई गिरफ्तारी को कोर्ट ने कानून के विरुद्ध माना। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए खंडपीठ ने संबंधित प्राधिकारी को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता अभय कुमार को तत्काल रिहा किया जाए। इसके साथ ही बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को स्वीकार कर लिया गया। मामला नोएडा के सेक्टर-150 स्थित एक व्यावसायिक निर्माण स्थल से जुड़ा है, जहां सॉफ्टवेयर इंजिनियर युवराज मेहता की कार समेत पानी से भरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई थी।

### 2028 में पूरा होगा कानपुर रिंग रोड का काम




■NBT रिपोर्ट, कानपुर: शहर में यातायात का दबाव कम करने और सुगम परिवहन के लिए बनाई जा रही रिंग रोड का काम 2028 में पूरा होगा। एनएचएआई के अधिकारियों ने शुक्रवार को प्रोजेक्ट साइट पर बताया कि 6 लेन की रिंग रोड के पहले चरण का काम इस साल सितंबर तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद तीन चरण का काम 2027 में पूरा होगा। परियोजना में 6 बड़े पुल बनने हैं। बिठूर में गंगा पर 3300 मीटर और पांडु नदी में 1100 मीटर लंबे पुल का काम शुरू करा दिया गया है।

पहले चरण का काम सितंबर में पूरा होने के आसार

एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी गौतम विशाल और पीडी पंकज यादव ने बताया कि कानपुर रिंग रोड की लंबाई 93 किमी है। 1.45 किमी लंबी रोड बनाकर एयरपोर्ट को भी रिंग रोड से जोड़ा जाएगा। दावा किया कि अब तक औसतन 25% काम पूरा हो चुका है। रिंग रोड बनने के बाद ट्रैफिक की रफ्तार तीन गुना तक बढ़ जाएगी। अब तक हमीरपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाली गाड़ियों को कानपुर नगर में आना पड़ता है, लेकिन रिंग रोड बनने से शहर के बाहर से ही लखनऊ का जम्मूक्त रास्ता मिलेगा। रिंग रोड उन्नाव और कानपुर देहात जिलों से गुजरेगी। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे को उन्नाव में रिंग रोड के जरिए कानपुर से जोड़ दिया जाएगा। कानपुर-कबरई ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को भी रमईपुर में रिंग रोड से जोड़ा जाएगा। सबसे अंत में अप्रैल-2028 में 8 किमी लंबे पैकेज-2 ए का काम होने की उम्मीद है।

#### कानपुर एक्सप्रेसवे पर अप्रैल से भरें फर्राटा

लखनऊ से कानपुर के बीच सुपर फास्ट स्पीड से गाड़ियां दौड़ाने के बस कुछ हफ्तों का इंतजार बचा है। एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार एक्सप्रेसवे के 105 मीटर हिस्से का काम बचा है, जो तेजी से हो रहा है। उम्मीद है कि 20 मार्च तक काम पूरा हो जाएगा और अप्रैल से एक्सप्रेसवे को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। एनएचएआई के रीजनल अफसर गौतम विशाल के अनुसार एक्सप्रेसवे पर दोनों तरफ एक-एक रेस्ट रूम बनेगा। इसके लिए टेंडर हो चुके हैं।

### काशी में शुरू हुआ शिवरात्रि महोत्सव

■NBT न्यूज़, वाराणसी: काशी विश्वनाथ धाम में शिवरात्रि महोत्सव का शुक्रवार को प्रथम देव गणेश पूजन संग आगाज हो गया। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने गणेशजी को वस्त्र, दुर्वा-पुष्प और भोग अर्पित करने के साथ ही आरती की। इसी क्रम में शनिवार को विश्वनाथ धाम स्थित सभी प्रधान विग्रहों का रुद्राभिषेक कर महोत्सव में सहभागी होने और आशीष देने हेतु आमंत्रित किया जाएगा। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

### 'किसान हित में काम कर रही सरकार'

■NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: माघ मेला में आयोजित पांच दिवसीय किसान मेले में शुक्रवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पहुंचे। फतेहपुर के किसान राजेंद्र कुमार पटेल को अपने क्षेत्र में किसानों को निःशुल्क सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने पर सम्मानित किया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में मजबूती के साथ खड़ी है। सभी किसानों के निजी नलकूपों के बिल माफ कर दिए गए हैं। इस दौरान मंत्री ने योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया।

### वैज्ञानिकों ने की मल्टी टारगेटिंग दवा अणुओं की खोज

■NBT न्यूज़, वाराणसी: सोनभद्र इंजिनियरिंग कॉलेज के वैज्ञानिकों ने मल्टी टारगेटिंग दवा अणुओं की खोज की है। इससे भविष्य में कई टारगेट एंजाइम पर काम करने वाली दवाएं विकसित की जा सकेंगी। दावा है कि इस खोज पर आधारित एक ही दवा बैक्टीरिया, फंगस के संक्रमण के साथ ही कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के निदान में कारगर साबित होगी। शोध टीम की अगुआई करने वाले असिस्टेंट प्रो. डॉ. हरीश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि नैफ्थोक्विनोन फारमाकोफोर के प्राकृतिक अणुओं को पौधों में पाए जाने वाले फाइटोमॉलिक्यूल से जोड़कर हाइब्रिड अणुओं को डिजाइन किया गया है।



शुरू में कंप्यूटर आधारित परीक्षण के बाद सुयोग्य अणुओं को प्रयोगशाला में तैयार किया गया। इसके बाद उनकी बायोलॉजिकल एक्टिविटी यानी संक्रमण रोधी क्षमता का इन विट्रो परीक्षण बीएचयू के विज्ञान संस्थान और एमआईआईटी मेरठ के फार्मास्युटिकल टेक्नोलॉजी विभाग की लैब में किया गया। दोनों ही जगह परीक्षण में मल्टी टारगेटिंग अणुओं में बहुआयामी रोधी क्षमता की पुष्टि हुई है। शोध में बीएचयू के विज्ञान संस्थान के जंतु विज्ञान विभाग के डॉ. बिप्लोब कोच, शोध छात्र पूजा गोस्वामी, लखनऊ के हाइजिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के डॉ. हरदेश कुमार मौर्य, आईआईएआर के डॉ. मयंक व एमआईईटी मेरठ के डॉ. आलोक शर्मा का अहम योगदान रहा।

## अयोध्या/बाराबंकी

### 22 साल बाद खुलीं 32 लाख के गबन की परतें

■चंद्रकांत मौर्य, बाराबंकी: साल 2001 से 2005 के बीच संचालित काम के बदले अनाज स्कीम 'संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना' में हुए भ्रष्टाचार की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं। देवा थाने पर दर्ज मुकदमे की विवेचना कर रही आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा (EOW) ने 22 साल की विवेचना में देवा ब्लॉक की 22 ग्राम पंचायतों के तत्कालीन प्रधान व एक कोटेदार को दोषी पाया है। साथ ही डीएम शशांक त्रिपाठी को पत्र लिखकर अभियोजन अनुमति मांगी है।

ईओडब्ल्यू के एसपी अरविंद मिश्रा के अनुसार जांच में देवा ब्लॉक की ग्राम पंचायत कोठरी की तत्कालीन प्रधान विमला देवी, गोधा के रामसुरेश रावत, कोटवाकला के रामसिंह, तासपुर के जगमोहन, मल्लूकपुर की चंद्रावती, पवैया बीरान की चंद्रकला, बरवास के इंद्रपाल, रसूलपुर दरगाह के राजाराम, अजगना के बृजेश कुमार, जोलिया बनारस के राजकुमार, इनायतपुर के कासिम, मित्तई के रामसागर, हरई के अम्बिका प्रसाद, गंगवारा के शत्रुघ्न प्रसाद, खिजिरपुर के सियाराम, भंदीरा के रमाकांत वर्मा, महमूदाबाद की मालती, जमुवासी की राजरानी, सलारपुर के रामनरेश, नरगिसमऊ के कल्लूराम, फतेहाबाद के जमुनेश कुमार, देवगांव के रामनरेश गौतम व नरायनगर के कोटेदार रहे तेजप्रकाश वर्मा को सरकारी धन व अनाज के गबन का दोषी पाया गया।

#### संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना

EOW ने दोषी 22 प्रधान व एक कोटेदार पर मुकदमा चलाने की मांगी अनुमति




#### 20 साल से चल रही थी विवेचना

आठ अक्टूबर 2004 को तत्कालीन जिला विकास अधिकारी एसली श्रीवास्तव ने देवा थाने पर प्राथमिक जांच रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें सूखा राहत योजना व काम के बदले अनाज व नकद स्कीम के तहत फर्जी अभिलेखों के जरिए करीब 32 लाख रुपये व इससे दोगुनी धनराशि के अनाज के गबन का आरोप था। देवा ब्लॉक में तैनात खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह व उमाकांत त्रिपाठी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, प्रधान व कोटेदार को इस अनियमितता में शामिल बताया था। मामले की विवेचना स्थानीय थाने की पुलिस ने दो साल तक की और फिर शासन ने 28 अगस्त 2006 को आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा (ईओडब्ल्यू) को मामले की विवेचना सौंप दी थी।

### अवसानेश्वर महादेव सहित तीन मंदिरों से चोरी में दो गिरफ्तार

■NBT न्यूज़, बाराबंकी: हैदरगढ़ के अवसानेश्वर महादेव मंदिर सहित तीन मंदिरों से चोरी के मामले में चांदी खरीदने वाले सर्राफ समेत दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की करीब पौने पांच किलो चांदी व सात हजार रुपये की नकदी के अलावा चोरी के औजार भी मिले।



गलाए गए छत्र की 579 ग्राम चांदी व अपा की चार किलो 19 ग्राम चांदी बरामद

एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि बुधवार रात अवसानेश्वर महादेव मंदिर से चांदी चोरी के मामले की जांच के दौरान पुलिस ने वर्ष 2024 में सुबेहा कस्बे के मंदिर से चोरी के आरोपित खान सुबेहा के कठवा के निवासी वीरेंद्र कुमार से पूछताछ की। उसने चोरी स्वीकारी।

पुलिस ने सर्राफ के पास से गलाए गए छत्र की 579 ग्राम चांदी व अपा की चार किलो 19 ग्राम चांदी बरामद की। एसपी ने बताया कि वीरेंद्र कुमार मोबाइल में जिले के बड़े मंदिरों की जानकारी गूगल पर सर्च करने के बाद कई दिन तक रेकी करता था। उसने महादेव मंदिर के अलावा चार जनवरी की रात अयोध्या धाम के नौली के हनुमान मंदिर से दो वाले चांदी के मुकुट व 30 जनवरी की रात रामसनेहीघाट के रामसनेही बाबा के मंदिर से इनवर्टर, सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर, एलईडी टीवी चोरी किया था।

### संजय सेतु पर ट्रैफिक बंद करने से पहले बनेगा पांटून पुल

■NBT न्यूज़, बाराबंकी: बाराबंकी-बहराइच सीमा पर घाघरा (सरयू) नदी के चौकाघाट स्थित संजय सेतु की मरम्मत फिलहाल मार्च तक टाल दी गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एनएचएआई ने रणनीति बदली है। अब पहले सेतु के समानांतर पांटून पुल बनाया जाएगा, उसके बाद ही यातायात रोका जाएगा। परियोजना निदेशक नकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि पांटून पुल के लिए सामग्री प्रयागराज महाकुंभ खत्म होने के बाद 15 फरवरी से उपलब्ध होगी। निर्माण में करीब एक माह लगेगा, इसलिए 15 मार्च के बाद ही मरम्मत शुरू होने की संभावना है। 1980 में बने इस पुल के एक्सपैंशन जॉइंट में दरारें और 128 बियरिंग क्षतिग्रस्त हैं।

### मेयर ने लिया पेयजल व्यवस्था का जायजा

■NBT न्यूज़, अयोध्या: नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत मेयर महंत गिरीश पति त्रिपाठी और नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने शुक्रवार अमानीगंज वॉर्ड पहुंच पेयजल व्यवस्था देखी। इस दौरान सप्लाई होने वाले पानी का टीडीएस 450 पाया गया। सुनील यादव व स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री आवास दिलवाने की मांग उठाई।

अधिकारियों ने नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) से समन्वय स्थापित कर आवास दिलाने का आश्वासन दिया। सेवानिवृत्त कैप्टन डीके उपाध्याय ने निर्माणाधीन सहादतगंज नाले से छोटे नाले-नालियों को जोड़ने की मांग उठाई। वहीं, मेयर ने गंदगी मिलने पर नाराजगी जताते हुए सफाई के निर्देश दिए। पार्षद सुमन यादव ने होलिका दहन स्थल पर छोटे-छोटे पार्क बनवाने, झूला लगवाने और बाबा साहब की प्रतिमा लगवाने का सुझाव रखा।

### रामअर्जा पूजा में शामिल होंगे सीएम

■NBT न्यूज़, बाराबंकी: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के हनुमान गढ़ी की शाखा तुलसीपुर के श्रीरामजानकी मंदिर व आश्रम में 10 फरवरी को होने वाली भगवान राम के कुल पूर्वजों की पूजा (रामअर्जा पूजा) में शामिल होंगे।



श्री हनुमंत सेवा ट्रस्ट हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत रामदास जी महाराज ने बताया कि 18 फरवरी को यहां सामूहिक कन्या दान कार्यक्रम का आयोजन होगा।

11 फरवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। रामलीला का मंचन होगा और वरिष्ठ नागरिक सम्मान व नेत्र परीक्षण का कैंप लगाया जाएगा। शुक्रवार को डीएम शशांक त्रिपाठी व एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राय के साथ यहां तैयारियों का जायजा लिया।

## THE ECONOMIC TIMES

### एक हो जाएंगी PFC-REC

■पीटीआई, नई दिल्ली: पॉवर फाइनैंस कॉर्पोरेशन (PFC) के बोर्ड ने शुक्रवार को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन (REC) के अपने साथ विलय को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। विलय के बाद भी PFC एक पब्लिक सेक्टर कंपनी बनी रहेगी।

### AIFs को पब्लिक करनी होगी NAV

■पीटीआई, नई दिल्ली: शेयर बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को निर्देश जारी किया कि अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स (AIFs) को 1 मई से पहले या निवेश पोर्टफोलियो के मूल्यांकन की तारीख से 30 दिनों के भीतर NAV अपलोड करनी होगी। अगर किसी बाहरी वैल्यूअर को नियुक्त किया गया है, तो उसकी रिपोर्ट की तारीख ही वैल्यूएशन डेट मानी जाएगी।

# साइबर फ्रॉड: DEA फंड से होगी नुकसान की भरपाई

## RBI के गवर्नर ने कहा-ठगी गई रकम का 15% हिस्सा खुद खाताधारक को उठाना होगा

■NBT रिपोर्ट, मुंबई

ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के बीच रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि पीड़ित को मुआवजा 85,000 करोड़ रुपये के 'डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस' (DEA) फंड से दिया जाएगा। इस फंड में वह पैसा जमा है जो 10 साल से ज्यादा समय से लावारिस पड़ा है और जिसका कोई दावेदार नहीं है।

बड़ी ठगी में भी हर्जाने की रकम 25 हजार ही होगी

उन्होंने जोड़ा कि इस पूरी प्रक्रिया में ग्राहक की भी थोड़ी जिम्मेदारी होना जरूरी है। ठगी गई रकम का 15% हिस्सा खुद खाताधारक को उठाना होगा, भले ही ठगी 25,000 रुपये से कम की ही क्यों न हो। बड़ी रकम की ठगी में भी हर्जाने की अधिकतम सीमा 25,000 रुपये ही होगी।




#### MSME और रियल एस्टेट को तोहफा

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (MSME) के लिए बिना गारंटी वाले कर्ज (collateral-free loans) की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया है। साथ ही, बैंकों को REITs को कर्ज देने की अनुमति दी गई है ताकि रियल एस्टेट सेक्टर को पैसा मिल सके।

#### NBFCs को मिलेगी रजिस्ट्रेशन से छूट

छोटे NBFCs (जिनकी संपत्ति 1000 करोड़ से कम है और जो सीधे पब्लिक से डील नहीं करते) को रजिस्ट्रेशन की जरूरत से छूट देने का प्रस्ताव है। कुछ NBFCs को 1,000 से ज्यादा शाखाएं खोलने के लिए पहले से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी। RBI ने VRR (Voluntary Retention Route) के तहत निवेश की 2.5 लाख करोड़ की सीमा हटाने का फैसला किया है।

#### महंगाई और GDP के नए अनुमान

मौजूदा वित्त वर्ष के लिए महंगाई (रिटेल इन्फ्लेशन) 2.1% रहने का अनुमान है, जो पहले के 2 % के अनुमान से थोड़ा ज्यादा है। वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में महंगाई 3% से ऊपर और वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में 4% के पार जा सकती है। RBI ने मौजूदा वित्त वर्ष (FY26) के लिए GDP ग्रोथ का अनुमान 7.3% से बढ़ाकर 7.4% कर दिया है। वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही के लिए ग्रोथ का अनुमान 6.75% से 6.95% कर दिया गया है।

#### UPI को और बेहतर बनाने की तैयारी

गवर्नर संजय मल्होत्रा के मुताबिक, UPI को न सिर्फ बनाए रखना है बल्कि इसके इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी और दमदार बनाना है। कंपनियों की ओर से चार्ज (MDR) लगाने की मांग और सरकार की ओर से दी जाने वाली भारी सब्सिडी के बीच संतुलन बनाना RBI की प्राथमिकता है।

### शेयर बाजार हरे निशान पर बंद

■NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा उम्मीद के मुताबिक ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने के फैसले के बाद शुक्रवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 266.47 अंक (0.32%) चढ़कर 83,580.40 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 50.90 अंक (0.20%) की बढ़त के साथ 25,693.70 पर बंद हुआ।

चांदी 13 हजार और सोना 3400 रुपये गिरा

वहीं, अमेरिकी बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। नैस्डैक 1.59 प्रतिशत, S&P 500 1.23 प्रतिशत और डाउ जोंस 1.20 प्रतिशत लुढ़क गया था। वहीं, ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली में चांदी की कीमतों में 13,000 रुपये (4.85%) की गिरावट आई। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,400 रुपये (2.12%) सस्ता हुआ।

### 'लेबर कोड से सोशल सिक्योरिटी मज़बूत होगी'

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: संयुक्त किसान मोर्चा और 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों की हड़ताल से पहले श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने जो श्रम सुधार किए हैं, उनका फोकस वर्कर्स की सोशल सिक्योरिटी सुनिश्चित करना और उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विकास का सरकार का जो विजन है, श्रमिकों का कल्याण इसके केंद्र में है।



श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, श्रमिकों और उद्योगों को लाभ होगा

ओडिशा के पुरी में BMS के 21वें अखिल भारतीय त्रैवार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में मांडविया ने कहा, 'श्रम राष्ट्र निर्माण का आधार है और श्रमिकों का सम्मान विकसित भारत की दिशा तय करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम इस संकल्प को साकार कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने के लिए इंडस्ट्री और वर्कर में तालमेल होना जरूरी है। सरकार इस संतुलन को मजबूत करने के उद्देश्य से लेबर कोड्स ले आई है, जिससे श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा भी मजबूत होगी।

**हड़ताल से अलग हुईं 16 ट्रेड यूनियन:** 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों ने लेबर कोड सहित अन्य मुद्दों को लेकर 12 फरवरी को हड़ताल का आह्वान किया है, वहीं 16 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों के समूह कन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल ट्रेड यूनियंस ने इस हड़ताल से दूर रहने की घोषणा की है। BMS भी हड़ताल से दूर रहने की घोषणा कर चुका है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTL11 User: cci Time: 02-06-2026 23:37 Color:





भारत टी20 वर्ल्ड कप जीतने का प्रबल दावेदार है, लेकिन टी20 क्रिकेट में कुछ भी हो सकता है। इस फॉर्मेट में किसी टीम की प्रतिष्ठा का कोई खास मतलब नहीं होता। -केविन पीटरसन, पूर्व कप्तान इंग्लैंड

**172** रन के अंतर से हराया था श्रीलंका ने केन्या को 2007 के टी20 वर्ल्ड कप के एक मैच में। यह इस टूर्नामेंट में जीत का सबसे बड़ा अंतर है

## वैभव सूर्यवंशी की रेकॉर्ड शतकीय पारी से भारत ने इंग्लैंड को हराकर छठी बार जीता विश्व खिताब

# जूनियर टीम बनी वर्ल्ड चैंपियन, अब सीनियर्स की बारी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इसे संयोग कहिये या नियति, एक सूर्य भारत को विश्व खिताब दिलाने का सूत्रधार बना है तो दूसरा सूर्य अपनी अगुआई में भारत को विश्व खिताब दिलाने के लिए आज से मैदान में उतर रहा है। भारतीय जूनियर टीम अंडर-19 वर्ल्ड कप में कुल दसवीं और लगातार छठी बार फाइनल में पहुंची थी। पिछले एडिशन में भारत के खिताबी राह में ऑस्ट्रेलियाई टीम आ गई थी लेकिन इस बार महज 14 साल के दमदार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने मैच के सिर्फ 80 गेंदों में ही भारतीय टीम की जीत की कहानी लिख डाली। प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे वैभव (175 रन, 80 गेंद, 15 छक्के) ने अंडर-19 विश्व कप के इतिहास की शायद सबसे प्रभावशाली पारी खेली जिससे भारत ने फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर छठा खिताब अपने नाम किया। भारत ने पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में इंग्लैंड को हराकर ही खिताब जीता था। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी जो टूर्नामेंट के इतिहास में देश के दबदबे को दिखाता है।

अंडर-19 वर्ल्ड कप



फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 100 रन के अंतर से हराया

भारत की जूनियर टीम तो एक बार फिर विश्व चैंपियन बन गई है, अब देशवासियों को भारत की सीनियर टीम से भी आज से शुरू हो रहे टी20 वर्ल्ड कप के रूप में विश्व खिताब की उम्मीद होगी।

**दूसरी फिफ्टी सिर्फ 23 बॉल में:** भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सूर्यवंशी के शतक से नौ विकेट पर 411 रन का रेकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। सूर्यवंशी महज 55 गेंद में तीन अंक का आंकड़ा छूकर इस टूर्नामेंट में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल में किसी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर का रेकॉर्ड है और टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में यह टीम का सबसे बड़ा स्कोर भी है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के सामने इंग्लैंड की टीम कालेब फाल्कोनर (115 रन, 67 गेंद) के शतक और सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिन्स (66 रन) के अर्धशतक के बावजूद 40.2 ओवर में 311 रन ही बना सकी। सूर्यवंशी ने यह पारी तब खेली जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। उन्होंने सिर्फ 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और इसी अंदाज में खेलते हुए दूसरा अर्धशतक सिर्फ 23 गेंद में बना लिया। उनकी 175 रन की पारी में से 150 रन सिर्फ बाउंड्री से ही आए जिसमें 15 छक्के और इतने ही चौके शामिल थे। इस पारी के दौरान उन्होंने विपक्षी टीम के गेंदबाजों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ा दी। अब उनके नाम युवा वनडे पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रेकॉर्ड है। उन्होंने दिसंबर में दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने ही 14 छक्कों के रेकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

**15** सिक्स लगाए वैभव ने अपनी पारी में। यूथ वनडे में एक पारी में किसी प्लेयर द्वारा लगाए सर्वाधिक सिक्स हैं

**110** सिक्स लगाए हैं सूर्यवंशी ने 25 यूथ वनडे में। वह यूथ वनडे में 100+ सिक्स जमाने वाले पहले बैटर हैं

**150** रन बनाए वैभव ने सिर्फ सिक्स और फोर के जरिए। यह यूथ वनडे की एक पारी में बाउंड्रीज के जरिए बनाए गए सर्वाधिक रन हैं



**1** पहले स्थान पर पहुंच गए वैभव यूथ वनडे में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने के मामले में। उनके यूथ वनडे में 1412 रन हैं

### हैरान करते आंकड़े!

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

फाइनल के सितारे वैभव सूर्यवंशी अपनी बिग हिटिंग की वजह से एक खतरनाक बैटर हैं। उन्होंने यूथ वनडे में सिर्फ 25 मैच खेले हैं, लेकिन वह सिक्स लगाने के मामले में किसी भी बैटर से आगे निकल गए हैं। उन्होंने 25 वनडे में 110 सिक्स जमा दिए हैं। वह यूथ वनडे में इतने 60+ सिक्स जमाने वाले इकलौते बैटर हैं। वैभव हर मैच में औसत 4.4 सिक्स जमाते हैं। यूथ वनडे में 1412 रन के साथ वो भारत के हाईएस्ट स्कोरर हैं। ओवरऑल सूची में वो चौथे स्थान पर हैं। उनके 165.72 का स्ट्राइक रेट यूथ वनडे में सर्वश्रेष्ठ है। उनके नाम इस फॉर्मेट में चार शतक भी हैं, जो संयुक्त तीसरे सर्वाधिक हैं।

### वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. अर्शदीप सिंह ने टी20 वर्ल्ड कप में कितने विकेट लिए हैं?
A) 27 B) 26 C) 29 D) 30
2. स्कॉटलैंड और वेस्टइंडीज के बीच कितने टी20I मुकाबले हुए हैं?
A) 6 B) 2 C) 1 D) 8

**कल के जवाब**
1. B) मोनांक पटेल
2. C) श्रीलंका


**लकी WINNERS**



1 अभिषेक चौधरी, द्वारका, दिल्ली



2 दिनेश वर्मा, जोगेश्वरी, मुंबई



3 वरुण कौशल, अंबाला, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### हेजलवुड भी बाहर

■ **मेलबर्न:** फिटनेस समस्याओं से जूझ रही ऑस्ट्रेलियन टीम को टी20 वर्ल्ड कप से पहले बड़ा झटका लगा है। स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट से उबर नहीं पाने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने फिलहाल उनके विकल्प की घोषणा नहीं करने का फैसला किया है। चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा कि जल्दबाजी जोखिम भरी हो सकती है।

### ज्ञानेश्वरी को गोल्ड

■ **मोदीनगर:** ज्ञानेश्वरी यादव ने नैशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 53 किलोग्राम वर्ग का गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने कुल 186 किलोग्राम वजन उठाया। वेस्ट बंगाल की कोयल बार ने युवा और जूनियर वर्गों में पांच राष्ट्रीय रेकॉर्ड बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। रेलवे की वीरजीत कौर ने 182 किलोग्राम के कुल वजन के साथ ब्रॉन्ज जीता।

### स्टैनजिन को हरी झंडी

■ **नई दिल्ली:** खेल मंत्रालय ने क्रॉस कंट्री स्कीयर स्टैनजिन लुंडुप को इटली में हो रहे शीतकालीन ओलिंपिक खेलों में सरकार पर किसी वित्तीय बोझ के बिना भाग लेने की मंजूरी दे दी है। यह फैसला IOA द्वारा दल में बदलाव संभव न होने की जानकारी देने के बाद लिया गया।

# चैंपियन टीम इंडिया का खिताबी अभियान आज से चढ़ेगा परवान

## अपने पहले ग्रुप मैच में अमेरिकी टीम से टकराएगा भारत

Bhavin.Pandya@timesofindia.com

■ **मुंबई:** दो साल पहले पिछले टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में जिन सूर्यकुमार यादव ने करिश्माई कैच लपक कर भारत को विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी, उन्हीं सूर्यकुमार की अगुआई में टीम इंडिया आज से टी20 खिताब को बचाने के मिशन के साथ मैदान पर होगी। आज अमेरिका के खिलाफ मैच के साथ भारत अपने इस अभियान की शुरुआत करेगा। इस मैच को मजाक में 'आधार कार्ड बनाम ग्रीन कार्ड' कहा जा रहा है। अमेरिकी टीम की जर्सी में कई ऐसे चेहरे होंगे जिन्होंने भारत में ही क्रिकेट का ककहरा सीखा। लेकिन, उलटफेर करने में माहिर इस अमेरिकी टीम को हल्के में लेने की गलती टीम इंडिया नहीं करेगी। शनिवार शाम को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाने वाला यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए टूर्नामेंट का महज औपचारिक आगाज नहीं, बल्कि इरादों का ऐलान है। जहां भारत अपनी बादशाहत बनाए रखने उतरेगा और अमेरिका यह साबित करने कि क्रिकेट में उसकी मौजूदगी महज संयोग नहीं।

**बैटिंग में सुपर स्ट्राइकर्स की भरमार:** टी20 वह फॉर्मेट बन चुका है जिसमें भारत सबसे सहज, सबसे संतुलित और सबसे आत्मविश्वासी दिखता है। यह भारतीय टीम टी20 को 'खेलती' नहीं, नियंत्रित करती है। भारतीय बैटिंग ऑर्डर किसी तय स्क्रिप्ट पर नहीं चलता। जरूरत पड़ी तो पावरप्ले में जोखिम, जरूरत पड़ी तो मध्य ओवरों में धैर्य और आखिरी ओवरों में निर्दयी प्रहार- टीम के पास हर मोड़ के लिए तैयार जवाब है। भारतीय टीम का आत्मविश्वास सिर्फ नामों पर नहीं, आंकड़ों पर भी टिका है। पिछले एक साल (6 फरवरी 2025 से 6 फरवरी 2026 तक) में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अभिषेक शर्मा का स्ट्राइक रेट 196, हार्दिक पंड्या का 168 और सूर्यकुमार यादव का 157 का रहा है। उनके साथ ईशान किशन ने वापसी के बाद लगातार प्रभाव छोड़ा है और 4 मैचों में 231 के स्ट्राइक रेट से 215 रन बनाए हैं। अभिषेक शर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी पावरप्ले में भारत की बड़ी ताकत रही है। उनके द्वारा दी गई बेहतरीन शुरुआत का फायदा उठाने के लिए मध्यक्रम में कप्तान सूर्य, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ी हैं। रिंकू सिंह जैसे फिनिशर की मौजूदगी भारत को आखिरी ओवरों में बढ़त देती है।

**बोलिंग में अनुभव और नियंत्रण:** गेंदबाजी में भारत का सबसे बड़ा हथियार जसप्रीत बुमराह हैं, जिनकी टी20 विश्व कप में इकॉनमी 5.44 रही है। वर्ल्ड कप में 26 विकेट ले चुके बुमराह को साथी पेसर अर्शदीप का अच्छा साथ मिलेगा, जो टी20 वर्ल्ड कप में 27 विकेट ले चुके हैं। हालांकि उनका इकॉनमी रेट 7.42 रन प्रति ओवर है। स्पिन में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव जैसे उम्दा विकल्प हैं, जिन्होंने पिछले एक साल में क्रमशः 26 और 25 विकेट टी20 इंटरनैशनल मैचों में लिए हैं। हालांकि दोनों का इकॉनमी रेट इस साल क्रमशः 9 और 9.63 रन प्रति ओवर का रहा है।

**नए जरूर, पर कमजोर नहीं:** वैश्विक मंच पर अमेरिकी टीम थोड़ी नई जरूर है पर इसे कमजोर टीम नहीं कह सकते। कप्तान मोनांक पटेल ने पिछले एक साल में टी20 में लगातार रन बनाए हैं (9 मैचों में 346 रन, 1 सेंचुरी और 3 फिफ्टी), जबकि साइतेजा मुक्कमल्ला और मिलिंद कुमार ने मध्यक्रम में स्थिरता दी है। साईतेजा अपनी टीम के सबसे अधिक रैंकिंग (25वीं) वाले बैटर हैं और उनके नाम दो फॉर्मेट में इंटरनैशनल सेंचुरी है। शुभम रंजने और हरमीत सिंह जैसे खिलाड़ी भारतीय हालात से वाकिफ हैं। गेंदबाजी में सौरभ नेत्रवलकर अमेरिका का सबसे भरोसेमंद नाम हैं (टी20I में 40 विकेट, इकॉनमी रेट 6.85), जबकि अली खान डेथ ओवरों में गति और उछाल से बल्लेबाजों को परेशान करते हैं।



**टी20 वर्ल्ड कप 2026**

**ICC रैंकिंग**
भारत 1, अमेरिका 18

**आमने-सामने**
कुल मैच 1
भारत जीता 1,
अमेरिका जीता 0

**संभावित प्लेइंग XI**

**भारत:** अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह

**अमेरिका:** आंद्रियस गौस, साइतेजा मुक्कमल्ला, शायन जहांगीर, मोनांक पटेल (कप्तान और विकेटकीपर), मिलिंद कुमार, हरमीत सिंह, संजय कृष्णमूर्ति, शुभम रंजने, शाडले वान शाल्कविक, अली खान, सौरभ नेत्रवलकर।

**पिच व मौसम**

पिच बल्लेबाजी की मददगार मानी जा रही है। मैदान छोटा होने के कारण बाउंड्रीज में रन ज्यादा आ सकते हैं। शाम के मुकाबले में ओस अहम भूमिका निभा सकती है, जिससे स्पिनरों को बाद में चुनौती मिलेगी। बारिश की संभावना नहीं है। तापमान 28 से 30 डिग्री के बीच रहेगा। यह क्रिकेट खेलने के लिए न तो बहुत गरम है और न ही बहुत ठंडा।

**टेलिकास्ट:** शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

**8** द्विपक्षीय टी20 इंटरनैशनल सीरीज खेली है भारत ने 29 जून 2024 को टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद से लेकर अब तक और सभी में जीत दर्ज की है

**80** रन और चाहिए मोनांक पटेल को टी20I में 1000 रन पूरा करने वाला पहला अमेरिकी खिलाड़ी बनने के लिए

# चोटिल राणा बाहर, सिराज अंदर

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत से कुछ घंटे पहले भारतीय टीम मैनेजमेंट के लिए परेशान करने वाली खबर आई। तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। राणा को अभ्यास मैच में घुटने में चोट लगी थी। शुक्रवार को जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए थे तब तक राणा के टूर्नामेंट खेलने पर संशय था। राणा के फिट नहीं होने की आशंका पर उन्होंने संयमित अंदाज में कहा, 'चिंता की बात नहीं है, हमारे पास कल (शनिवार) के लिए 11 खिलाड़ी हैं। निश्चित रूप से यह एक झटका है, क्योंकि 15 खिलाड़ियों की टीम काफी सोच-समझकर चुनी जाती है, लेकिन हमारे पास अलग-अलग संयोजन मौजूद हैं।'

प्रेस कॉन्फ्रेंस से

देर रात राणा के टूर्नामेंट से बाहर होने पुष्टि हो गई और उनकी जगह पेसर मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल करने के लिए ICC ने अनुमति भी दे दी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान राणा को घुटने में चोट लगी थी। उन्होंने उस मुकाबले में केवल एक ओवर डाला, जिसमें 16 रन बने। राणा के अलावा वॉशिंगटन सुंदर मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या से जूझ रहे हैं और उनकी उपलब्धता पर भी सवाल बने हुए हैं।



भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा

**दो स्पिनरों के साथ उतर सकते हैं:** राणा की अनुपस्थिति में सूर्यकुमार ने उपलब्ध विकल्पों के बारे में कहा, 'हम देखेंगे कि पिछले एक-दो वर्षों में किन (अन्य) तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है या क्या कोई ऐसा गेंदबाज है जो बल्लेबाजी भी कर सकता है। जरूरी नहीं है कि हर बोलर लोअर ऑर्डर में आकर फोर-सिक्स की बौछार कर सके। हमारा मानना है कि अगर टीम के टॉप 8 बैटर अपना काम ठीक से कर रहे हैं, तो नौवें या दसवें नंबर पर आने वाले बैटर से बाउंड्री की उम्मीद करना सही सोच नहीं है।' सूर्य ने यह भी संकेत दिया कि जरूरत पड़ने पर टीम दो स्पिनरों (कुलदीप और वरुण) के साथ उतरने से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती को लेकर चयन की दुविधा को 'अच्छा सिरदर्द' बताते हुए कहा कि हालात और विरोधी टीम को देखते हुए फैसला किया जाएगा।'

यह मेरे लिए एक तरह से मानो किसी चक्र के पूरा होने जैसा है क्योंकि मैंने यहीं क्रिकेट सीखा है। मैं मुंबई में पला-बढ़ा हूं और वानखेड़े में खेलने का मौका मिलना। यह बचपन से मेरा सपना रहा है, बहुत खुशी की बात है। यह बहुत ही भावुक कर देने वाला और यादगार पल है। मैं अपने परिवार और दोस्तों की मौजूदगी का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दूंगा। - सौरभ नेत्रवलकर, बोलर, अमेरिकी क्रिकेट टीम



# रुद्रांक्ष को गोल्ड, अर्जुन का सिल्वर पर निशाना

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में जारी एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजों का दबदबा कायम है। मेंस 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रुद्रांक्ष पाटिल ने गोल्ड जबकि अर्जुन बबूता ने सिल्वर जीतकर भारत को दो मेडल दिलाए। रुद्रांक्ष ने फाइनल में 251.9 अंक जुटाए, जबकि अर्जुन 250.7 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जापान के नाओया ओकादा को ब्रॉन्ज मिला। इसी स्पर्धा के टीम इवेंट में रुद्रांक्ष, अर्जुन और किरण सिंह की तिकड़ी ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। जूनियर मेंस एयर राइफल में भारत ने पूरा पोडियम अपने नाम किया। हिमांशु डिल्लों ने गोल्ड, अंश डाबस ने सिल्वर और नरेन प्रणव वीएस ने ब्रॉन्ज पदक जीता। टीम स्पर्धा में भी भारत को सोना मिला। मिक्स्ड टीम स्पर्धाओं में मुकेश नेलावली-वंशिका चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल और गिरीश गुप्ता-शिक्षा नरवाल की जोड़ी ने यूथ मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड मेडल दिलाए। तीसरे दिन के बाद भारत के खाते में कुल 26 मेडल हो चुके हैं, जिनमें 16 गोल्ड शामिल हैं।

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप



अर्जुन बाबूता और रुद्रांक्ष (दाएं)

# बॉयकॉट विवाद के बीच पाक का आग़ाज़ आज



पाकिस्तान के शादाब खान प्रैक्टिस के दौरान

**टी20 वर्ल्ड कप 2026**

**टेलिकास्ट:** सुबह 11 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

**आमना-सामना**
कुल मैच: 2
पाकिस्तान: 2, नीदरलैंड्स: 0

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** वर्ल्ड कप से पहले क्रिकेट के अलावा बाकी सभी कारणों से चर्चा में रही पाकिस्तान कोलंबो में नीदरलैंड्स के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। पिछले एडिशन में ग्रुप स्टेज से ही बाहर होने वाली पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी। हालांकि, भारत के खिलाफ मुकाबला बॉयकॉट करने की चर्चाओं के बीच उनके लिए सिर्फ क्रिकेट पर फोकस करना आसान नहीं होगा। अगर भारत के खिलाफ पाकिस्तान मुकाबला बॉयकॉट करने का फैसला लेता है तो उन्हें अपने ग्रुप-ए के सभी मुकाबले जीतना भी जरूरी होगा। अगर टीम नीदरलैंड्स, अमेरिका या नामीबिया के खिलाफ किसी भी मैच में उलटफेर का सामना करती है तो उनके लिए ग्रुप स्टेज से आगे बढ़ना मुश्किल हो जाएगा।

**अच्छी रही है तैयारी:** पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट में बेहतरीन लय के साथ आ रही है। इस एशियन टीम ने वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई तीन मैच की टी20I सीरीज 3-0 से जीती थी। सीरीज जीत में शादाब खान, सईम आयूब, सलमान आगा और मोहम्मद नवाज ने उम्दा प्रदर्शन किया था। दूसरी ओर, नीदरलैंड्स उलटफेर करने का दम रखती है। टीम की बैटिंग मैक्स ओ'डोड और स्कॉट एडवर्ड्स के इर्द-गिर्द घूमेगी।

# पहली पारी में मुंबई के बल्लेबाजों का सरेंडर

■ **एजेंसियां, मुंबई:** प्रसिद्ध कृष्णा, विद्वथ कावेरप्पा और श्रेयस गोपाल की शानदार गेंदबाजी के बाद मयंक अग्रवाल की नाबाद अर्धशतकीय पारी से कर्नाटक ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी क्वॉर्टर फाइनल के पहले दिन मुंबई के खिलाफ अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। मुंबई का पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय उल्टा पड़ गया क्योंकि कर्नाटक के गेंदबाजों ने मेजबान टीम की बल्लेबाजी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध (3/21) और कावेरप्पा (3/38) तथा लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल (3/4) ने तीन-तीन विकेट लेकर मुंबई को 48.1 ओवर में 120 रन पर आउट कर दिया। दिन का खेल खत्म होते समय कर्नाटक ने दो विकेट पर 110 रन बना लिए।

कल्याणी में एक अन्य क्वॉर्टर फाइनल में अनुभवी रिकी भुई की 83 रन की पारी से बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे आंध्र के खिलाफ मुकेश कुमार (3/50) की शानदार गेंदबाजी से बंगाल ने पहले दिन के आखिरी ओवरों में दो विकेट झटककर अच्छी वापसी की। आंध्र ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक छह विकेट पर 264 रन बना लिए।

रणजी ट्रॉफी क्वॉर्टर फाइनल

रणजी का रण




कर्नाटक के पेसर प्रसिद्ध कृष्णा

# क्वॉर्टर फाइनल में हारे, भारतीय चुनौती खत्म

■ **एजेंसियां, किंगदाओ:** भारत के लिए शुक्रवार का दिन बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में निराशाजनक रहा, जहां महिला और पुरुष टीमों का सफर क्वॉर्टर फाइनल में हार के साथ समाप्त हो गया। पिछली चैंपियन भारतीय महिला टीम चीन से 0-3 से हारकर बाहर हो गई। सिंगल्स में तन्वी शर्मा को गाओ फांग जि ने 9-21, 9-21 से हराया। विमेंस डबल्स में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली व निर्णायक सिंगल्स में रक्षिता रामराज की हार के साथ भारत का खिताब बचाने का सपना टूट गया। पुरुष वर्ग में भारतीय टीम कोरिया की चुनौती का सामना नहीं कर पाई और 1-3 से हार गई। कोरिया के खिलाफ सिंगल्स में आयुष शेट्टी और डबल्स में हरिहरन अमसाकरुणन व चिराग शेट्टी की जोड़ी हार गई। श्रीकांत किदांबी ने चोई जीहू को हराकर एकमात्र गेम जिताया, लेकिन दूसरे डबल्स में भी भारत हार गया।

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप



किदांबी श्रीकांत

# भारतीय टीम के सामने आज से डच चैलेंज

■ **एजेंसियां, बेंगलुरु:** मेजबान भारत शनिवार से यहां नीदरलैंड्स के खिलाफ डेविस कप क्वॉलिफायर के पहले दौर में उतरेगा, जहां तेज कोर्ट पर शीर्ष सिंगल्स प्लेयर्स सुमित नागल से ज्यादा दक्षिणेश्वर सुरेश को अनुकूल परिस्थितियां मिलने की उम्मीद है। कूल्हे की चोट से जूझ रहे नागल के बाहर रहने से भारत की सिंगल्स चुनौती काफी हद तक दक्षिणेश्वर पर टिकी होगी। दक्षिणेश्वर का आक्रामक खेल इस कोर्ट के मिजाज के अनुरूप है।

**नागल को लेकर संशय:** दक्षिणेश्वर ने पिछले साल स्विट्जरलैंड में अहम एकल जीत दर्ज कर भारत की ऐतिहासिक विदेशी सफलता में बड़ी भूमिका निभाई थी। नागल हालांकि तेजी से उबर रहे हैं और अभ्यास में सहज दिखे, लेकिन मैच फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ है। नीदरलैंड्स के खिलाड़ी भी तेज कोर्ट के अभ्यस्त हैं। हालांकि टालोन ग्रीकस्पूर और बोटिक वान दे जैंडस्कल्प की गैरमौजूदगी से भारत को बराबरी का मौका मिलेगा। डबल्स में युकी भांबरी की वापसी से भारत की स्थिति मजबूत हुई है।

डेविस कप क्वॉलिफायर



मैच की पूर्व संध्या पर भारतीय टीम

**टेलिकास्ट:** शाम चार बजे से डीडी स्पोर्ट्स के यूट्यूब चैनल पर

# भारतीय बॉक्सरों ने पक्के किए 19 मेडल

■ **एजेंसियां, कास्तेलोन (स्पेन):** नीतू घंघास, प्रीति पवार और जादुमणि सिंह ने बॉक्सम एलीट इंटरनैशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए कम से कम 19 मेडल पक्के कर दिए हैं। नए हेड कोच सैंटियागो नीवा के मार्गदर्शन में भारतीय महिला बॉक्सर्स ने 12 मेडल सुनिश्चित किए, जबकि पुरुष वर्ग में सात बॉक्सर अंतिम चार में पहुंचे। नीतू (51 किग्रा) ने कनाडा की मैकेंजी वाइट को हराया। प्रीति (54 किग्रा) ने मेजबान स्पेन की मारिया गोंजालेस पर जीत दर्ज की। पूनम ने इसी वर्ग में थाईलैंड की एन चोंगप्रोंगकलांग को 5-0 से हराया। प्रिया (60 किग्रा), प्रांजल (65 किग्रा) और काजल (65 किग्रा) ने भी प्रभावशाली जीत दर्ज की।

बॉक्सम एलीट टूर्नामेंट



नीतू घंघास

### स्कॉटलैंड का सामना वेस्टइंडीज से

**कोलकाता:** बांग्लादेश को बाहर किए जाने के बाद ऐन मौके पर टूर्नामेंट में शामिल हुई स्कॉटलैंड की टीम टी20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के खिलाफ खुद को साबित करने उतरेगी। बांग्लादेश के हटने के बाद रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को मौका मिला, हालांकि टूर्नामेंट शुरू होने से महज दो हफ्ते पहले मिली एंट्री उसकी तैयारी के लिए चुनौती रही। स्कॉटलैंड 2022 टी20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज को हरा चुकी है, जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा है।

**आमना-सामना**
कुल मैच: 1
वेस्टइंडीज: 0, स्कॉटलैंड: 1

**टेलिकास्ट:** दोपहर 3 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: cci Time: 02-07-2026 00:13 Color:



NBT AI टाइम मशीन


## नौसेना को मिली पहली स्वदेशी पनडुब्बी

भारत में बनी पहली पनडुब्बी आईएनएस शाल्की (INS Shalki) आज ही के 1992 में नौसेना में शामिल हुई। मझगांव डॉक लिमिटेड में बनी यह पनडुब्बी भारत की स्वदेशी क्षमता का पहला बड़ा प्रतीक बनी। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका 'एस्केप स्फीयर' है, जो संकट के समय पूरे चालक दल की जान बचाने में सक्षम है। रफ्तार और अचूक मारक क्षमता से यह आज भी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में सक्रिय है।

NBT
कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)
Front Page-2
शनिवार, 7 फरवरी 2026 पेज 12

## सुपर सोनिक पनडुब्बियां AI से चलेंगी

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारत की पनडुब्बियां पूरी तरह AI-संचालित और सुपर-सोनिक होंगी। ये महासागर की गहराइयों में महीनों तक रह सकेंगी, रिसर्च करेंगी और गुप्त निगरानी निभाएंगी। परमाणु और हाइपर-स्ट्राइक के खिलाफ कवच बनकर भारत को स्ट्रैटेजिक सुपरपावर बनाएंगी। टेक्नॉलजी और ऊर्जा में पकड़ बनने पर भारत बड़े पनडुब्बी निर्यातकों में आ सकता है। भविष्य की ये पनडुब्बियां देश की सुरक्षा और महासागरीय प्रभुत्व की रीढ़ होंगी।



AI Images

## फटाफट खबरें

### 'आप' नेता की गोली मारकर हत्या



■ भाषा, चंडीगढ़ : आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के नेता लक्की ओबेरॉय की शुक्रवार सुबह जालंधर के मॉडल टाउन में एक गुरुद्वारे के बाहर अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। लक्की जालंधर कैंट के एक वॉर्ड के प्रभारी थे।

### हिट ऐंड रन मामले में अभिनेता राजू अरेस्ट

■ आईएएनएस, तिरुवनंतपुरम : मलयालम फिल्म अभिनेता मणियन पिल्लई राजू को पुलिस ने हिट एंड रन मामले में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि देर रात उनकी गाड़ी से टकराकर बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लेकिन, वे उनकी मदद करने के बजाय भाग गए।

### अग्नि-3' मिसाइल का सफल परीक्षण

■ भाषा, बालासोर (ओडिशा) : भारत ने शुक्रवार को ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-3' का सफल परीक्षण किया। परीक्षण में सभी परिचालन और तकनीकी मानदंडों को सही पाया गया। यह परीक्षण सामरिक बल कमान की देखरेख में किया गया।

### सबरीमला : ऐक्टर जयराम तलब

■ पीटीआई, कोच्चि : ईडी ने सबरीमला सोना चोरी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभिनेता जयराम को पूछताछ के लिए बुलाया है। मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी के साथ पूजा करते हुए उनका विडियो सामने आने के बाद एसआईटी ने जयराम से पूछताछ की थी।

### दो और नक्सली ढेर, घायल जवान की मौत

■ भाषा, गढ़चिरौली : महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में जारी एक अभियान में दो और नक्सली मारे गए जबकि, पहले मुठभेड़ के दौरान घायल एक सी-60 जवान दीपक चिन्ना मडावी (38) ने दम तोड़ दिया। अभी तीनों नक्सलियों की पहचान नहीं की जा सकी है।

### चुनाव आयोग का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

# 'बंगाल में SIR प्रक्रिया में लगे अधिकारियों के साथ हो रही हिंसा, दी जा रही धमकी'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**चुनाव आयोग** ने पश्चिम बंगाल में SIR प्रक्रिया के दौरान चुनाव ड्यूटी निभा रहे अधिकारियों के साथ कथित रूप से हुई हिंसा, डराने-धमकाने और कार्य में बाधा डालने की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जवाबी हलफनामा दाखिल किया है। आयोग (ECI) ने आरोप लगाया है कि चुनाव अधिकारियों के खिलाफ दी जा रही धमकियों पर कार्रवाई करने और/या बूथ लेवल अधिकारियों (BLOs) की शिकायतों पर प्राथमिकी (FIR) दर्ज करने में राज्य मशीनरी की ओर से अनिच्छा दिखाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ममता पर भड़काऊ भाषण का आरोप

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में आयोग ने कहा कि पश्चिम बंगाल ही एकमात्र राज्य है, जहां SIR ड्यूटी कर रहे चुनाव अधिकारियों को इस तरह की बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, जबकि अन्य राज्यों में यह प्रक्रिया काफी सुचारु रूप से चल रही है। ECI ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर डर का माहौल बनाने वाले और भड़काऊ भाषण देने का भी आरोप लगाया है। आयोग का कहना है कि इन भाषणों का प्रभाव यह पड़ा है कि चुनाव अधिकारियों के बीच इतना भय और दहशत का वातावरण बन गया कि कुछ अधिकारियों ने SIR ड्यूटी से खुद को हटाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) को पत्र लिखे हैं।

ECI ने ये सभी दावे सुप्रीम कोर्ट में दाखिल इस जवाबी हलफनामे में किए हैं। जिस याचिका में अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन तक राज्य पुलिस अधिकारियों को ECI के अधीन तैनात करने के निर्देश देने की मांग की गई है। ECI ने यह भी रेखांकित किया है कि पश्चिम बंगाल के CEO देश के एकमात्र ऐसे निर्वाचन अधिकारी हैं जिन्हें भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा खतरे के आकलन के बाद 'Y+' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है।



> 'राज्य की माननीय मुख्यमंत्री ने लगातार ऐसे सार्वजनिक भाषण दिए हैं, जिनसे मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन में लगे चुनाव अधिकारियों के बीच भय और दहशत का वातावरण पैदा हो रहा है।' -ECI ने हलफनामे में कहा

### तोड़फोड़ की दो घटनाओं का जिक्र

हलफनामे में 24 नवंबर 2025 को घेराव की एक घटना का उल्लेख किया गया है, जिसमें भीड़ ने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में तोड़फोड़ की और अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोका। ECI का दावा है कि इस मामले में न तो कोई FIR दर्ज की गई और न ही किसी को हिरासत में लिया गया। ECI ने 15 जनवरी 2026 की एक और घटना का भी उल्लेख किया है, जिसमें प्रखंड विकास अधिकारी (BDO) के कार्यालय पर 700 लोगों के एक समूह ने हमला कर तोड़-फोड़ की।

### कहा, राज्य का सहयोग आवश्यक है

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाबी हलफनामे में ECI ने बताया कि मसौदा मतदाता सूची में राज्य में 58 लाख पंजीकृत मतदाताओं को अनुपस्थित, मृत या स्थानांतरित के रूप में चिह्नित किया गया है। मतदाताओं की स्थिति का पता लगाने के लिए निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (EROs) द्वारा लगभग 1.51 करोड़ नोटिस जारी किए जा रहे हैं। ऐसे में इस चरण पर राज्य सरकार का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा।

## जान की कीमत तय करना असंभव : SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि कानून को मानवीय जीवन की वास्तविकताओं के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए, विशेषकर उन मामलों में जहां पारिवारिक बंधन अचानक टूट जाता हो। यह टिप्पणी अदालत ने सड़क दुर्घटना में मारे गए एक शख्स के परिजनों को दिए जाने वाले मुआवजे की राशि बढ़ाते हुए की।

सड़क हादसे में मृत शख्स के परिवारीजनों के लिए मुआवजा बढ़ाते हुए की टिप्पणी

जस्टिस दीपंकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि जब किसी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है और उसके आश्रित मुआवजे के लिए आवेदन करते हैं, तो कोई भी धनराशि वास्तव में उस क्षति की भरपाई नहीं कर सकती। मुआवजा केवल एक मोटा अनुमान होता है, जो आश्रितों पर पड़े आर्थिक बोझ को कम करने का एक प्रतीकात्मक प्रयास मात्र है। किसी प्रियजन के खो जाने की कीमत तय करना असंभव है। अदालत ने कहा कि पति-पत्नी, संतान या माता-पिता से संबंधित मुआवजा, सभी भावनात्मक शून्यता को स्वीकार करने से जुड़े होते हैं, लेकिन दी जाने वाली राशि कभी भी एक मोटे अनुमान से अधिक नहीं हो सकती। यह अमापनीय को मापने की कोशिश करने जैसा है। दरअसल, जून 2011 में 37 साल के शख्स की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। पीठ ने कहा कि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, चेन्नै ने मृतक के परिवार को 9.37 लाख रुपये का मुआवजा दिया था। इसके बाद मद्रास हाई कोर्ट ने मुआवजे की राशि बढ़ाकर 10.51 लाख रुपये कर दी थी। मृतक के परिजनों ने मुआवजे में और वृद्धि की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। अपील पर विचार करते हुए शीर्ष अदालत ने मुआवजे की राशि बढ़ाकर 20.80 लाख रुपये कर दी।

## 'जनता ने नकार दिया तो आप न्यायिक मंच का सहारा ले रहे हैं'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने प्रशांत किशोर (PK) की जन सुराज पार्टी की उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें बिहार विधानसभा चुनाव को चुनौती देकर नए सिरे से चुनाव कराने की मांग की गई थी। कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि आपकी पार्टी को कितने वोट मिले? अगर जनता ने आपको नकार दिया है, तो फिर आप लोकप्रियता पाने के लिए न्यायिक मंच का सहारा ले रहे हैं। पार्टी का आरोप था कि कर्ज में डूबे राज्य ने आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 15,600 करोड़ रुपये वितरित किए, जिससे अन्य दलों को समान अवसर (लेवल प्लेइंग फील्ड) नहीं मिल सका। याचिकाकर्ता की गुहार पर कोर्ट ने हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल करने की इजाजत दे दी।

बिहार में दोबारा चुनाव करवाने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार

## 'NEET पीजी के कटऑफ में कमी का कारण स्पष्ट करें'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नैशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (NBEMS) से कहा कि वह NEET-PG 2025-26 के लिए क्वॉलिफाइंग कट-ऑफ प्रतिशत में की गई कमी के पीछे के कारण स्पष्ट करते हुए हलफनामा दाखिल करे। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ, NBEMS के 13 जनवरी को जारी उस नोटिस को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसके तहत क्वॉलिफाइंग कट-ऑफ प्रतिशत घटाया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा परस्पर प्रतिस्पर्धी पहलुओं से जुड़ा है, जिनके बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। बेंच ने यह संकेत दिया कि अदालत यह जांच करेगी कि निर्णय अत्यधिक गलत तो नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट यह जांच करेगी कि निर्णय अत्यधिक गलत तो नहीं है







## US ने अपने लोगों से कहा, जल्द ईरान से बाहर निकलें

AFP



ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी (दाएं) और अमेरिकी प्रतिनिधि मिले।

■ **NBT रिपोर्ट:** अमेरिका ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह जारी की है। यह चेतावनी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को दी गई नई चेतावनी के कुछ घंटों बाद आई है।

TOI के अनुसार, यह सलाह ऐसे समय दी गई है, जब ईरान हाल के महीनों में हुए बड़े प्रदर्शनों के असर से उबर रहा है, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने असामान्य रूप से सख्त भाषा में कहा कि उड़ानों में बाधा आ सकती है। जो लोग तुरंत ईरान नहीं छोड़ सकते, उन्हें सुरक्षित स्थान पर रहने और खाने-पीने, पानी व दवाइयों का पर्याप्त इंतजाम रखने को कहा गया है।

### US-ईरान के बीच ओमान में बातचीत

**एपी, मस्कट (ओमान):** ओमान की मध्यस्थता में शुक्रवार को ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत हुई। ये अप्रत्यक्ष बातचीत ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हुई। ओमान के विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने पहले ईरान के प्रतिनिधि अराघची से अलग मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के पश्चिम एशिया मामलों के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दामाद जैरेड कुशनर से बातचीत की। बातचीत में अमेरिकी नौसेना के एडमिरल ब्रैड कूपर भी मौजूद थे।

## रूसः सैन्य खुफिया विभाग के उप प्रमुख को गोली मारी

■ **एपी, मॉस्को:** रूस की राजधानी मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर ने सैन्य खुफिया विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर एलेक्सेव को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव साल 2011 से रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी के प्रथम उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव को कई गोलियां लगी हैं और उनका इलाज किया जा रहा है।

## पाकिस्तान में 24 आतंकवादी ढेर

■ **भाषा, पेशावर:** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग खुफिया अभियानों में 24 आतंकवादियों को मार गिराया। ओरकजई जिले में 14 जबकि खैबर में 10 आतंकवादियों को मार गिराया गया। इससे पहले जनवरी में, खैबर पख्तूनख्वा में दो अलग-अलग अभियानों में 11 आतंकवादी मारे गए थे। सेना ने कहा कि सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे ऐसे अभियान पूरी गति से जारी रहेंगे।

## मेघालय खदान विस्फोट में दो गिरफ्तार, मरने वाले 25 हुए

■ पीटीआई, शिलॉन्ग

**अवैध कोयला** खदान में विस्फोट के सिलसिले में मेघालय पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को हुए इस विस्फोट में 18 लोगों की जान चली गई है। वहीं, मेघालय हाई कोर्ट ने इस घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए पूर्वी जयंतिया हिल्स के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को अवैध खनन में शामिल खदान मालिकों और संचालकों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। अदालत ने दोनों अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने और की गई कार्रवाई का विवरण देने के लिए भी तलब किया है। डीजीपी आई. नोंग्रांग ने कहा कि दो की गिरफ्तारी के अलावा तीसरे शख्स की भी पहचान की गई है और मामले में जांच जारी है।

मेघालय हाई कोर्ट ने खदान मालिकों और संचालकों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया

पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले के सुटुंगा-थांगस्कू इलाके में एक अवैध कोयला खदान में गुरुवार को हुए विस्फोट के बाद शुक्रवार को रात और शवों की बरामदगी के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई। गुरुवार को 18 शव बरामद किए गए थे। इनमें से 12 शवों की पहचान हो चुकी है। इनमें नेपाल के दो भाई भी शामिल थे। दोनों नेपाल के खोटांग जिले के बाराहपोखरी ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड नंबर एक के सालपारी मंजांग के निवासी थे। घायलों में चार नेपाल से, दो असम से और एक स्थानीय नागरिक है। सभी का इलाज हो रहा है। मलबे में अधिक लोगों के फंसे होने की आशंका के मद्देनजर शुक्रवार सुबह राहत-बचाव अभियान फिर से शुरू किया गया। सेना और वायु सेना को भी तैयार रखा गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने संगमा से बात की और बचाव कार्यों के लिए केंद्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

### क्या बोले सीएम संगमा?

सीएम संगमा ने कहा कि पुलिस को इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं और चेतावनी दी है कि अवैध खनन गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम ने घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से तीन-तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

## बांग्लादेशः यूनुस के घर के बाहर प्रदर्शन

■ **आईएएनएस, ढाका:** बांग्लादेश में 9वें राष्ट्रीय पे ग्रेड को तुरंत लागू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारी मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के आधिकारिक आवास 'जमुना' के पास जमा हो गए, जिससे तनाव बढ़ गया। हालात संभालने के लिए सुरक्षा बलों ने बैरिकेडिंग की और पुलिस ने वाटर कैनन और साउंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे सिर्फ वेतनमान संशोधन की मांग कर रहे हैं।

## मणिपुर में बंद, रैली निकाली गई

■ **पीटीआई, चुराचांदपुर/इंफाल :** मणिपुर में नई सरकार के गठन के अगले ही दिन भड़की हिंसा की चिंगारी शुक्रवार को भी जारी रही। सरकार गठन में कुकी समुदाय के तीन विधायकों की भागीदारी के खिलाफ राज्य के तीन पहाड़ी जिलों में हजारों लोगों ने रैली निकाली। इसी मामले में दो आदिवासी संगठनों ने चुराचांदपुर में 'पूर्ण बंद' का आह्वान किया था, जिससे इस कुकी-जो बहुल जिले में जनजीवन प्रभावित रहा।

## 22 भाषाओं में बोलेगा देसी 'भारत जेन AI'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI image



**भारत अब** विदेशी AI सिस्टम पर निर्भर रहने के बजाय अपना देसी, सुरक्षित और भारतीय भाषाओं पर आधारित AI प्लैटफॉर्म तैयार कर रहा है, जो आने वाले समय में डिजिटल इंडिया को नई दिशा देगा। देश का पहला सरकारी और देसी सॉवरेन AI मॉडल भारत GenAI इसी महीने 22 संविधानिक भाषाओं में टेक्स्ट मॉडल के रूप में पूरा कर लिया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में दी जानकारी

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में बताया कि यह AI सिस्टम अंग्रेजी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हिंदी, तमिल, तेलुगु, बंगाली, मराठी, उर्दू सहित देश की सभी प्रमुख भाषाओं में संवाद कर सकेगा। बोलने और देखने की क्षमता वाला AI मॉडल स्पीच और विजन तकनीक से लैस होगा। भारत GenAI, इंडिया AI मिशन के तहत विकसित किया जा रहा है और यह भारत का पहला राष्ट्रीय फाउंडेशनल लार्ज लैंग्वेज मॉडल होगा जिसे पूरी तरह भारतीय जरूरतों और सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों के अनुसार डिजाइन किया गया है। इसका उपयोग कृषि, आयुर्वेद, स्वास्थ्य सेवाओं और कानूनी सहायता में भी किया जाएगा।

### एक लाख करोड़ से तकनीक को बढ़ावा


सरकार ने एक लाख करोड़ का रिसर्च, डिवेलपमेंट एंड इनोवेशन फंड शुरू किया है, जिससे AI और नई तकनीकों के विकास को वित्तीय समर्थन मिलेगा। इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। इसके उपयोग, डेटा सुरक्षा और कीमत को लेकर नियम बनाए जा रहे हैं। इस परियोजना का नेतृत्व IIT बॉम्बे कर रहा है, जिसमें IIT मद्रास, IIT हैदराबाद, IIT कानपुर, IIT मंडी और IIT इंदौर शामिल हैं।

## ऐक्टर विजय को देना होगा जुर्माना

■ **आईएएनएस, मद्रास :** मद्रास उच्च न्यायालय ने अभिनेता और टीवीके प्रमुख विजय के खिलाफ आयकर विभाग द्वारा 1.50 करोड़ रुपये जुर्माना अदा करने के आदेश को बरकरार रखने का फैसला लिया है। साल 2016-17 में अभिनेता ने 35,42,91,890 रुपये की संपत्ति घोषित की थी। आरोप लगा कि उन्होंने अपनी पूरी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया। उन्होंने अपनी आय के जुड़ी कई जानकारी छिपाई। इस पर उन पर जुर्माना लगाया गया था।

## PM का मलयेशिया दौरा आज से

■ **आईएएनएस, कुआलालंपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर शनिवार को मलयेशिया रवाना होंगे। प्रवासी भारतीय उनका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



नरेंद्र मोदी

इनमें वो कलाकार भी हैं, जो पीएम मोदी के सामने अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय मूल के प्रदीप बत्रा ने कहा कि वे 10 साल बाद प्रधानमंत्री मोदी को अपने सामने देखेंगे।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 पाकिस्तान में हुए आतंकी हमले के समय किस देश के राष्ट्रपति मौजूद थे?
A. उज्बेकिस्तान B. तुर्किये C. ईरान

2 ओमान के विदेश मंत्री कौन हैं, जिन्होंने ईरान और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में मध्यस्थता की?
A. बद्र अल-बुसैदी B. सुल्तान बिन असाद C. सईद बद्र बिन हमद

3 भारत में विकसित किए जा रहे स्वदेशी और सॉवरेन AI प्लेटफॉर्म का नाम क्या है?
A. इंडिया स्मार्ट AI B. भारत GenAI C. डिजिटल भारत AI

4 बढ़ते तनाव के बीच किस देश ने अपने नागरिकों से तुरंत ईरान छोड़ने को कहा है?
A. ओमान B. इस्राइल C. अमेरिका

5 पीएम मोदी आज से किस देश के दो दिन के दौरे पर रहेंगे?
A. थाईलैंड B. मलयेशिया C. इंडोनेशिया

### कल के जवाब

A1 B. ओमान A2 A. चपुराकेत A3 B. जनरल मनोज मुकुंद नरवणे A4 C. हिमाचल प्रदेश A5 A. 294

### लकी विनर्स



1. नीलिमा सिंघल, गाजियाबाद
2. उमेश शर्मा, गाजियाबाद
3. चारिश अली खान, लखनऊ

### ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# मोदी ने कहा- बच्चों को पौराणिक कहानियों पर गेम बनाने चाहिए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शुक्रवार को देशभर के छात्रों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान बोर्ड परीक्षाओं और जीवन की चुनौतियों पर बातचीत की। छात्रों ने परीक्षा से जुड़े तनाव और घबराहट को पीछे छोड़ परीक्षा की तैयारी पर प्रधानमंत्री से महत्वपूर्ण टिप्स हासिल किए।

पीएम ने कहा कि गेमिंग केवल रुचि नहीं, बल्कि कौशल भी है। स्कूली बच्चों को भारतीय संस्कृति से जुड़ी पौराणिक कहानियों पर आधारित गेम विकसित करने चाहिए, लेकिन डेटा सस्ता होने की वजह से केवल मस्ती के लिए गेमिंग नहीं करनी चाहिए। सरकार ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ कानून बनाया है।

**लखनऊ में राज्यपाल ने छात्राओं के साथ देखा प्रसारण:** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को केकेवी गर्ल्स इंटर कॉलेज चारबाग की छात्राओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'परीक्षा पर चर्चा-2026' का प्रसारण देखा। इस मौके पर राज्यपाल ने छात्राओं को अध्ययन एवं परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से प्रधानमंत्रीकी ओर से दिये गए सुझावों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

### स्टूडेंट्स के सवाल पर कहा, अपने पैटर्न पर भरोसा रखें

छात्रों ने सवाल किया कि परीक्षा के समय अलग-अलग पैटर्न से पढ़ाई करने के सुझाव से कन्फ्यूजन हो जाती है कि कौन सा पैटर्न सही है? इस पर पीएम ने कहा कि अपने पैटर्न पर भरोसा रखें और उसे फॉलो करें, इसके साथ ही आपके पास आने वाले सभी सुझावों को भी ध्यान में रखें। पीएम ने परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण को लेकर कहा कि जैसे परीक्षा पर चर्चा जब शुरू किया गया था, तब एक पैटर्न था। अब 'परीक्षा पे चर्चा' में कुछ बदलाव किए हैं, लेकिन अपनी मूल शैली को नहीं छोड़ा।


**PM ने AI पर भी दी सलाह**

पीएम ने छात्रों से कहा कि आप लोग भाग्यशाली हैं कि आपको मौजूदा दौर में इतनी बेहतर टेक्नॉलजी का अवसर मिला है, जो मेरे जमाने में नहीं था। उसका सही उपयोग करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर एआई से पूछें कि बेस्ट बायोग्राफी बताए तो वह ऐसा करेगा, फिर बाजार में जाइए और उसमें से किताब खरीदिए तो एआई आपके काम आया।

- परीक्षा पे चर्चा का 9वां संस्करण, पीएम मोदी ने छात्रों को दिए टिप्स।
- पढ़ाई, कौशल, आराम और शौक में संतुलन ही विकास की कुंजी।
- मोदी ने कहा- एआई का उपयोग समझदारी से करें।

### वाह चाय वाले को चाय!

सिक्किम की एक छात्रा ने उन्हें 'चाय' भेंट की, जिस पर पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा कि 'चाय वाले को चाय'। एक छात्रा उनका स्केच लेकर आई। उत्तराखंड का एक छात्र पीएम मोदी के लिए खास तरह की टोकरी लेकर आया, जिसका धार्मिक महत्व है।



### गेम पर कहा...

'पंचतंत्र पर गेम बनाने के बारे में सोचें, घर के लोगों को अच्छा लगेगा, फिर घर के लोग आईडिया देना शुरू करेंगे। हनुमान जी वाली कथा पर गेम बनाने के बारे में सोचें, घर वाले यह भी कहेंगे कि अभिमन्यु वाली घटना पर गेम बनाओ, कैसे अभिमन्यु बाहर निकलेगा? तो आपको नए-नए आइडियाज आएंगे। गेमिंग में आपकी रुचि है तो यह अच्छी चीज है। आप संकोच मत कीजिए।'

### कहा- जीवन में संतुलन जरूरी है

पीएम ने कहा कि जीवन में संतुलन आवश्यक है, चाहे वह खाने और सोने के बीच हो, पढ़ाई और खेलने के बीच हो या कौशल और अंकों के बीच हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी एक तरफ बहुत अधिक झुकाव असंतुलन पैदा करता है, जबकि उचित संतुलन स्थिरता सुनिश्चित करता है। उन्होंने समझाया कि कौशल दो प्रकार के होते हैं, जीवन कौशल और व्यावसायिक कौशल और दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा के बिना कोई भी कौशल विकसित नहीं हो सकता और कौशल की शुरुआत ज्ञान से होती है।

### भारत की समृद्ध कहानियों पर गेम बनाने की दी सलाह

एक छात्र ने पढ़ाई पर ही ध्यान केंद्रित करने के सामाजिक दबाव के बावजूद गेमिंग में अपना भविष्य बनाने के बारे में सवाल उठाया। प्रधानमंत्री ने समझाया कि माता-पिता को शुरुआत में संदेह होता है, लेकिन सफलता मिलने पर वे गर्व महसूस करते हैं और जश्न मनाते हैं। उन्होंने छात्र को पंचतंत्र या पौराणिक कथाओं जैसी भारत की समृद्ध कहानियों पर आधारित गेम बनाकर गेमिंग में अपनी रुचि को रचनात्मक रूप से इस्तेमाल करने और पहचान हासिल करने के लिए उन्हें सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गेमिंग एक ऐसा कौशल है, जिसमें गति और सतर्कता की आवश्यकता होती है, जो आत्म-विकास में योगदान देता है। पीएम ने गेमिंग में जुए के खिलाफ चेतावनी दी। यदि ध्यान, संतुलन और नैतिक मूल्यों के साथ अपनाया जाए तो गेमिंग एक उपयोगी कौशल और करियर का रास्ता बन सकता है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFLP2 User: cci Time: 02-07-2026 00:13 Color:

20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच

# T20 में सुपर-20 की महाजंग

टी20 वर्ल्ड कप का 10वां एडिशन आज से भारत और श्रीलंका में शुरू हो रहा है। बीस-बीस ओवर्स की इस महाजंग में शामिल होने जा रही दुनिया की 20 सुपर टीमों पर एक नजर-

**साल 2025 में टी20I रेकॉर्ड** — मैच खेले | जीते | हारे | नो रिजल्ट | ICC टी20 रैंकिंग्स

## GROUP A

### भारत
ICC रैंकिंग 1 — मैच खेले 21, जीते 16, हारे 3, नो रिजल्ट 2

**खास बात**
टीम लगातार दूसरे और कुल तीसरे खिताब की प्रबल दावेदार होगी। वर्ल्ड रैंकिंग्स में टॉप पर है और टीम में मैच विनर्स की भरमार है।

**स्टार प्लेयर**
सूर्यकुमार यादव: पिछले वर्ल्ड कप फाइनल में मैच पलट देने वाला कैच लपकने वाले सूर्यकुमार टीम की कमान संभालेंगे। वह लय में लौट आए हैं।

### नामीबिया
ICC रैंकिंग 15 — मैच खेले 12, जीते 9, हारे 3

**खास बात**
टीम ने 2021, 2022 और 2024 में टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वॉलिफाई किया है। साल 2027 के टी20 वर्ल्ड कप के संयुक्त मेजबानों में नामीबिया भी है।

**स्टार प्लेयर**
गेरहार्ड इरास्मस: लगातार चौथे टी20 वर्ल्ड कप में टीम की कमान संभाल रहे इरास्मस ने पिछले साल अक्टूबर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20I में नामीबिया को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी।



### नीदरलैंड्स
ICC रैंकिंग 13 — मैच खेले 11, जीते 5, हारे 5, नो रिजल्ट 1

**खास बात**
साल 2009 में अपने डेब्यू पर ही इंग्लैंड को हराकर सनसनी फैला दी थी। 2022 में साउथ अफ्रीका को बाहर किया था। टीम का छठा वर्ल्ड कप है।

**स्टार प्लेयर**
स्कॉट एडवर्ड्स: इनकी अगुआई में ही टीम ने पिछले दो वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को हराया था। अनुभवी प्लेयर्स में से एक स्कॉट विकेटकीपर बैटर हैं।

### पाकिस्तान
ICC रैंकिंग 6 — मैच खेले 34, जीते 21, हारे 13

**खास बात**
2009 की चैंपियन 'अंडर डॉग' के तौर पर उतरेगी। फहीम अशरफ, शादाब खान, मो. नवाज के रूप में कुछ अच्छे ऑलराउंडर्स हैं।

**स्टार प्लेयर**
बाबर आजम: टी20I में सर्वाधिक रन बनाने वाले बाबर पर सारा फोकस रहेगा। पिछले कुछ समय में खास प्रदर्शन नहीं, पर उनसे बड़ी उम्मीदें हैं।

### अमेरिका
ICC रैंकिंग 18 — मैच खेले 9, जीते 8, हारे 1

**खास बात**
लगातार दूसरा टी20 वर्ल्ड कप होगा। 2024 में सुपर-8 तक का सफर तय किया। इस दौरान सात मैच में उसने दो जीत भी हासिल की।

**स्टार प्लेयर**
सौरभ नेत्रावलकर: पिछले टी20 वर्ल्ड कप में अमेरिकी टीम के सनसनी बनकर उभरे। सौरभ पर फिर होंगी निगाहें। भारतीय मूल के इस पेसर को यहां सपोर्ट भी मिलने की उम्मीद है।

## GROUP B

### ऑस्ट्रेलिया
ICC रैंकिंग 2 — मैच खेले 16, जीते 10, हारे 3, नो रिजल्ट 3

**खास बात**
वनडे की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को टी20 वर्ल्ड कप जीतने के लिए 7 एडिशंस का इंतजार करना पड़ा। पहला टी20 खिताब 2021 में जीता।

**स्टार प्लेयर**
ट्रेविस हेड: तीनों फॉर्मेट में उपयोगिता साबित की है। बड़े मैचों में रनों की भूख बढ़ जाती है। 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल और 2023 WTC में शतकीय पारी खेल चुके हैं।

### आयरलैंड
ICC रैंकिंग 11 — मैच खेले 9, जीते 1, हारे 6, नो रिजल्ट 2

**खास बात**
टीम ने टी20 वर्ल्ड कप के अपने डेब्यू मैच में ही बांग्लादेश को हरा दिया था। साल 2024 में हुए वर्ल्ड कप में आयरलैंड एक भी जीत हासिल नहीं कर पाया था।

**स्टार प्लेयर**
पॉल स्टर्लिंग: आयरलैंड के सारे टी20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड का हिस्सा रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप में कुल 24 मैचों में 419 रन बनाए हैं। टी20I में आयरलैंड के लिए सर्वाधिक 3798 रन बनाए हैं।



### श्रीलंका
ICC रैंकिंग 8 — मैच खेले 18, जीते 9, हारे 9

**खास बात**
टीम 2014 में पहली बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद लगातार चार एडिशंस के सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई। 2022 में 16 टीम में सातवें पर रही।

**स्टार प्लेयर**
वानिंदु हसरंगा: टी20 में 240 मैच में 2000+ रन बनाए हैं और 337 विकेट लिए हैं। वह टी20I बोलिंग रैंकिंग्स में छठे और ऑलराउंडर्स में 12वें पर हैं।

### जिंबाब्वे
ICC रैंकिंग 12 — मैच खेले 25, जीते 10, हारे 13, नो रिजल्ट 2

**खास बात**
जिंबाब्वे ने अब तक नौ टी20 वर्ल्ड कप के छह संस्करणों में भाग लिया है। 2022 में सुपर-12 तक पहुंचना इस टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

**स्टार प्लेयर**
सिकंदर रजा: कप्तान सिकंदर को दुनिया भर की टी20 लीग्स में खेलने का अनुभव है। वह ऑलराउंडर्स की टी20I रैंकिंग्स में दूसरे स्थान पर हैं।

### ओमान
ICC रैंकिंग 20 — मैच खेले 15, जीते 8, हारे 7

**खास बात**
टीम ने डेब्यू टी20 वर्ल्ड कप मैच में आयरलैंड को हराया था। टीम वर्ल्ड कप के 10 में सिर्फ दो मैच ही जीत सकी है। पिछली बार आखिरी स्थान पर रही थी।

**स्टार प्लेयर**
जतिंदर सिंह: कप्तान जतिंदर ने ओमान के लिए 72 मैचों में 1606 रन बनाए हैं, जो सर्वाधिक है। टीम के लिए दूसरे सर्वाधिक टी20I खेलने वाले प्लेयर भी हैं।

## GROUP C

### इंग्लैंड
ICC रैंकिंग 3 — मैच खेले 15, जीते 8, हारे 5, नो रिजल्ट 2

**खास बात**
साल 2010 और 2022 की टी20 वर्ल्ड चैंपियन और एक बार की रनरअप रही। टीम इस बार भी दावेदारों में शामिल है।

**स्टार प्लेयर**
हैरी ब्रूक: टीम की कमान युवा हैरी ब्रूक के हाथों में है। टी20 फॉर्मेट में उनका 150+ का स्ट्राइक रेट बताता है कि वह अपना दिन होने पर कितने विध्वंसक साबित हो सकते हैं।

### इटली
ICC रैंकिंग 27 — मैच खेले 3, जीते 2, हारे 1

**खास बात**
फुटबॉल का पावरहाउस माना जाने वाला इटली पहली बार किसी क्रिकेट वर्ल्ड कप में हिस्सा ले रहा है। क्वॉलिफायर्स में बेहतर रन रेट होने के कारण टीम यहां तक पहुंची।

**स्टार प्लेयर**
वेन मैडसेन: दुनिया भर की टी20 लीग में 219 मैच का अनुभव है। उन्होंने टी20 फॉर्मेट में कुल 5516 रन बनाए हैं। वेन मैक्स हड्डेड, वाइटैलिटी ब्लास्ट, एसए20 और पैपसल में खेल चुके हैं।



### नेपाल
ICC रैंकिंग 16 — मैच खेले 17, जीते 12, हारे 4, नो रिजल्ट 1

**खास बात**
टीम कुल तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने जा रही है। साल 2024 में हुए वर्ल्ड कप में नेपाल एक भी मैच नहीं जीत सका था।

**स्टार प्लेयर**
दीपेंद्र सिंह ऐरी: दीपेंद्र 2000 टी20I रन पूरे करने वाले पहले नेपाली प्लेयर बन सकते हैं। इनके नाम टी20I में सबसे तेज (नौ बॉल में) फिफ्टी लगाने का रेकॉर्ड है।

### वेस्टइंडीज
ICC रैंकिंग 7 — मैच खेले 23, जीते 7, हारे 15, नो रिजल्ट 1

**खास बात**
टीम में जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, रोस्टन चेज और मैथ्यू फोर्ड जैसे हरफनमौला हैं। रोवमैन पॉवेल, हेटमायर जैसे बिग हिटर्स भी हैं।

**स्टार प्लेयर**
शिमरॉन हेटमायर: हेटमायर का प्रदर्शन टीम के लिए सबसे अहम होगा। बाएं हाथ का यह बैटर टीम के लिए एक्स-फैक्टर साबित हो सकता है।

### स्कॉटलैंड
ICC रैंकिंग 14 — [illegible], 7, हारे 4

**खास बात**
क्वॉलिफाई ना कर पाने के कारण टीम का लगातार पांचवां टी20 वर्ल्ड कप खेलने का सपना टूट गया था, लेकिन बांग्लादेश के हटने से एंट्री मिल ही गई।

**स्टार प्लेयर**
जॉर्ज मन्सी: मन्सी दुनिया के उन 10 प्लेयर्स में हैं, जिन्होंने टी20I में 30+ औसत और 140+ स्ट्राइक रेट से 2000+ रन बनाए हैं। देश के लिए 100+ सिक्स लगा चुके हैं।

## GROUP D

### न्यूजीलैंड
ICC रैंकिंग 4 — मैच खेले 22, जीते 12, हारे 6, नो रिजल्ट 4

**खास बात**
टूर्नामेंट के पहले ही एडिशन में सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाली इस टीम को अपने पहले खिताब का इंतजार है।

**स्टार प्लेयर**
टिम सीफर्ट: सीफर्ट टीम में इस फॉर्मेट के सबसे खतरनाक नाम हैं। वह बैटर्स की टी20I रैंकिंग्स में टॉप-10 में शामिल इकलौते कीवी बल्लेबाज हैं।

### अफगानिस्तान
ICC रैंकिंग 10 — मैच खेले 15, जीते 8, हारे 7

**खास बात**
साल 2010 टी20 वर्ल्ड कप में पहली बार मौका मिला। टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में अफगान टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर सभी को हैरान कर दिया था।

**स्टार प्लेयर**
राशिद खान: अफगानी टीम के पहले ग्लोबल स्टार हैं। वह सबसे कम उम्र में वनडे बोलिंग रैंकिंग्स में पहला स्थान हासिल करने वाले बोलर हैं। सबसे तेज 100 वनडे विकेट का रेकॉर्ड भी बनाया।



### यूएई
ICC रैंकिंग 17 — मैच खेले 23, जीते 11, हारे 12

**खास बात**
टीम कुल तीसरी बार मेंस टी20 वर्ल्ड कप में भाग लेगी। 2014 और 2022 में पहले ही राउंड में बाहर हो गई थी। इस बार भी राह आसान नहीं होगी।

**स्टार प्लेयर**
मुहम्मद वसीम: कप्तान मुहम्मद वसीम के पास है। उनके नाम टी20I में तीन शतक हैं। उन्होंने टी20I में 150+ स्ट्राइक रेट से तीन हजार से ज्यादा रन बनाए हैं।

### साउथ अफ्रीका
ICC रैंकिंग 5 — मैच खेले 18, जीते 6, हारे 12


**खास बात**
इस फॉर्मेट के वर्ल्ड कप के हर एडिशन में भाग लेने वाली साउथ अफ्रीकी टीम को अपने पहले टी20 वर्ल्ड कप खिताब का इंतजार है।

**स्टार प्लेयर**
एडेन मार्करम: मार्करम ICC वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को जीत दिलाने वाले इकलौते कप्तान हैं। हालांकि, यह जीत उन्होंने 2014 में अंडर-19 वर्ल्ड कप में हासिल की थी।

### कनाडा
ICC रैंकिंग 19 — मैच खेले 17, जीते 13, हारे 4

**खास बात**
टी20 वर्ल्ड कप में कनाडा की यह दूसरी भागीदारी होगी। उन्होंने साल 2024 एडिशन में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने आयरलैंड को हराया था।

**स्टार प्लेयर**
दिलप्रीत बाजवा: मिडल ऑर्डर के हार्ड हिटिंग बैटर हैं। कुल 17 टी20I में स्ट्राइक रेट 133.22 है। घर फिफ्टी में 57 और 68 रन की उनकी दो पारियां क्रमशः 18 और 22 गेंदों पर थी।



*सभी जीत-हार के आंकड़े 2025 में खेले गए मुकाबलों के हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: cci Time: 02-07-2026 00:30 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) › शनिवार, 7 फरवरी 2026 › माघ 18, शक संवत 1947, फाल्गुन कृष्ण षष्ठी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 18* › मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow/twitter.com/nbtlucknow Vol.8 no 37

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



मैंने सिर्फ इतना सोचा कि पूरे टूर्नामेंट में जिस तरह परफॉर्मेंस दी है, बस उसे जारी रखूंगा और अपना नैचरल गेम खेलूंगा। -वैभव सूर्यवंशी



वैलंटाइंस वीक शुरू, आज रोज़ डे

# वर्ल्ड कप का सूर्योदय

प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बने वैभव

175 रन | 80 बॉल | 15 फोर | 15 सिक्स



## भारत ने इंग्लैंड को 100 रन से हराकर U-19 वर्ल्ड कप जीता

■ पीटीआई, हरारे (जिंबाब्वे)

वैभव सूर्यवंशी की तूफानी पारी (80 गेंदों पर 175 रन) के दम पर भारत ने इंग्लैंड को 100 रन से हराकर छठी बार U-19 वर्ल्ड कप जीत लिया है। भारत ने 2022 में वेस्टइंडीज में इंग्लैंड को हराकर ही खिताब जीता था।

हरारे में शुक्रवार को खेले गए फाइनल में भारत ने टॉस जीतकर पहले खेलने का फैसला लिया। वैभव ने शुरुआत से अपने अंदाज में बल्लेबाजी की और इंग्लिश बोलर्स को टिकने ही नहीं दिया। वैभव ने सिर्फ 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और इसी अंदाज में खेलते हुए अगले 50 रन सिर्फ 23 गेंद में बना लिए। उनकी 175 रन की पारी में से 150 रन सिर्फ बाउंड्री से ही आए, जिसमें 15 छक्के और इतने ही चौके शामिल थे। कप्तान आयुष म्हात्रे के साथ उन्होंने 142 रन की साझेदारी की, जिसकी बदौलत भारत ने 9 विकेट पर 411 रन का रेकॉर्ड स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लैंड टीम कालेब फाल्कोनर (115 रन, 67 गेंद) के शतक और सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिन्स (66 रन) के अर्धशतक के बावजूद 40.2 ओवर में 311 रन ही बना सकी। ▸▸पेज 11

**411/9** रन बनाए भारत ने

**311** रन इंग्लैंड बना पाई

### ...जब बरसा वैभव

- U-19 वर्ल्ड कप फाइनल में किसी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर।
- एक इनिंग में सर्वाधिक सिक्स (15) लगाने का यूथ रेकॉर्ड बनाया।
- अंडर-19 क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन (71 गेंद में) का रेकॉर्ड भी है।
- टूर्नामेंट के इतिहास में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।
- 1412 रन बनाकर वैभव IND U-19 के लिए यूथ वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। विजय जोल के 1404 रनों के रेकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

**विश्वकप में भारत का दबदबा**

2000, 2008, 2012, 2018, 2022

विश्व कप घर लाने वाली अंडर-19 टीम पर गर्व है। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया और असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। यह जीत कई युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगी। -नरेंद्र मोदी, पीएम

## विवाद के बाद 'घूसखोर पंडत' का कंटेंट हटाया गया

■ भाषा, नई दिल्ली/मुंबई : वेब सीरीज घूसखोर पंडत के टीजर पर विवाद के बाद डायरेक्टर नीरज पांडेय ने सभी प्रचार सामग्री वापस लेने का ऐलान किया है। कहा कि उनका इरादा किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था। वहीं, हजरतगंज कोतवाली पुलिस ने डायरेक्टर और उनकी टीम के खिलाफ जाति विशेष को अपमानित करने और वैमनस्यता फैलाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

हजरतगंज पुलिस ने डायरेक्टर और उनकी टीम पर FIR दर्ज की

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि केंद्र ने नेटफ्लिक्स को सीरीज का टीजर और अन्य प्रचार सामग्री सोशल मीडिया से हटाने के लिए कहा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक भी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सभी प्रचार सामग्री को सभी प्लैटफॉर्म से हटाने का निर्देश दिया था। ▸▸पेज 7

# SIR की मियाद एक माह बढ़ी

## UP में अब 6 मार्च तक दावे, 10 अप्रैल को आएगी वोटर लिस्ट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : चुनाव आयोग ने प्रदेश में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के बाद जारी ड्राफ्ट लिस्ट पर दावे और आपत्तियों की तारीख एक महीने और बढ़ा दी है। अब ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर 6 मार्च तक आपत्तियां की जा सकेंगी। इस तारीख तक वोटर बनने के लिए आवेदन करने वालों के नाम भी अंतिम लिस्ट में शामिल किए जाएंगे।

SIR की प्रक्रिया शुरू होने के बाद यूपी में तीसरी बार इसकी तारीख बढ़ी है। नई मियाद के मुताबिक, 27 मार्च तक नोटिस और उस पर सुनवाई की प्रक्रिया चलेगी। पहले इसकी सीमा 27 फरवरी थी। पिछले दिनों बैठक में राजनीतिक दलों ने भी इसकी मियाद बढ़ाने का सुझाव दिया था। इस पर चुनाव आयोग को पत्र भेजा गया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को बताया कि अब अंतिम वोटर लिस्ट 6 मार्च के बजाय 10 अप्रैल को प्रकाशित की जाएगी।

AI Image




**37.80** लाख लोगों ने वोटर बनने के लिए भरे हैं फॉर्म-6

**9.50** लाख लोगों ने एंट्री में सुधार के लिए फॉर्म-8 भरे

(यह आंकड़ा 6 जनवरी को ड्राफ्ट लिस्ट जारी होने के बाद अब तक का है।)

### लाखों फॉर्म-7 आने के दावे सही नहीं



CEO नवदीप रिणवा ने विपक्ष सहित अन्य राजनीतिक दलों के उन दावों को गलत बताया, जिसमें फर्जी ढंग से नाम काटे जाने के लिए लाखों फॉर्म-7 जमा किए जाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि अब तक केवल 82,684 फॉर्म-7 जमा हुए हैं। इन पर भी सुनवाई के आधार पर नाम काटे या रखे जाने का फैसला लिया जाएगा। फॉर्म-7 में जिसके खिलाफ आपत्ति की गई है, उसका नाम व वोटर आईडी और आपत्ति किए जाने का विवरण भी अनिवार्य है। इसमें सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। ऐसे में भारी संख्या में फॉर्म-7 जमा करने और नाम काटे जाने की शिकायतें सही नहीं हैं।

**9% नोटिस पर सुनवाई :** CEO ने बताया कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल 3.36 करोड़ वोटरों को नोटिस भेजे जाने हैं। इनमें अब तक 2.37 करोड़ नोटिस जेनरेट किए गए हैं और 86.27 लाख लोगों तक नोटिस मिले हैं। इनमें 30.30 लाख मामलों की सुनवाई हो चुकी है। यह संख्या नोटिस के दायरे में आने वालों की लगभग 9% है।

# मस्जिद में आत्मघाती हमला, 31 मरे

## इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान धमाका, 169 घायल

■ एपी, इस्लामाबाद : पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद के बाहर एक आत्मघाती बम धमाके में 31 लोगों की मौत हो गई। 169 लोग घायल हुए। पुलिस ने बताया कि विस्फोट इस्लामाबाद के तरलाई इलाके में खदीजातुल कुबरा मस्जिद-सह-इमामबाड़ा में हुआ। घायल लोगों और बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जहां कई गंभीर हालत में हैं। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की और आरोपियों को न्याय के कठघरे में लाने की बात कही।



PTI

हमलावर ने मस्जिद के गेट पर धमाका कर दिया। कई लोगों की हालत गंभीर है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आत्मघाती हमलावर को इमामबाड़ा के गेट पर रोक लिया गया था, लेकिन उसने खुद को विस्फोट में उड़ा लिया। फिलहाल किसी समूह ने विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, पुलिस सूत्रों ने बताया कि हमलावर एक विदेशी नागरिक था और उसके संबंध 'फितना अल ख्वारिज' से थे। यह शब्द तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव पाकिस्तान के दौरे पर हैं। इस घटना से कुछ महीने पहले इस्लामाबाद में जिला एवं सत्र न्यायालय भवन के बाहर हुए एक आत्मघाती विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई थी।

## महिला को गर्भ जारी रखने को मजबूर नहीं कर सकते : SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कोई भी अदालत किसी महिला, खासकर नाबालिग को अनचाही गर्भावस्था जारी रखने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। बेंच ने 30 हफ्ते की गर्भवती नाबालिग लड़की के मेडिकल टर्मिनेशन (गर्भपात) की इजाजत दे दी।



न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में गर्भवती लड़की की प्रजनन स्वायत्तता को प्राथमिकता मिलनी चाहिए, विशेषकर जब वह गर्भ जारी न रखने की इच्छा जता चुकी हो। कोर्ट ने माना कि मामला संबंध की प्रकृति से नहीं, बल्कि नाबालिग के अधिकार और हित से जुड़ा है।

**खबरों के अंदर की बात**

**NBT Lens**

देखें पेज 11


## फटाफट खबरें

### 3.7 तीव्रता का भूकंप, गोंडा में था केंद्र

गोंडा समेत आसपास के कई जिलों में शुक्रवार सुबह 7:32 बजे भूकंप के झटके महसूस हुए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.7 रही। केंद्र गोंडा के इटियाथोक स्थित इटहिया नकटोरा गांव में जमीन से 9 से 10 किमी नीचे रहा। लखनऊ से इसकी सीधी दूरी करीब 120 किमी है।

### रिंकू सिंह की फेसबुक ID हैक, FIR

क्रिकेटर रिंकू सिंह की फेसबुक आईडी किसी ने हैक कर ली है। साथ ही पे-आउट से मिलने वाली रकम भी हड़प ली। उनके फेसबुक पेज पर करीब 16 लाख फॉलोअर हैं। अलीगढ़ की साइबर थाना पुलिस ने रिंकू के छोटे भाई की शिकायत पर शुक्रवार को इसकी रिपोर्ट दर्ज की।



### 25% से कम नंबर तो न बन पाएंगे होमगार्ड

होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 के लिए लिखित परीक्षा 25, 26 व 27 अप्रैल को दो-दो पालियों में होगी। इसमें 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। हर प्रश्न के सही उत्तर पर एक अंक मिलेगा। नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी, लेकिन 25% से कम अंक पाने वाले अभ्यर्थी अयोग्य घोषित कर दिए जाएंगे। ▸▸पेज 9

### हैपी मॉर्निंग

**टीचर:** क्लास में लड़ाई क्यों नहीं करनी चाहिए?
**स्टूडेंट:** पता नहीं परीक्षा में किसके पीछे बैठना पड़ जाए।

## ...जब पीएम मोदी बोले, अभी 25 साल बाकी हैं

### परीक्षा पे चर्चा, बच्चों को सुनाया 75वें जन्मदिन का किस्सा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान स्टूडेंट्स से जीवन की चुनौतियों पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'एक नेता ने 17 सितंबर को मुझे मेरे जन्मदिन पर फोन किया और कहा कि आपके 75 साल हो गए हैं, तो मैंने उनसे कहा कि 25 अभी बाकी हैं। मैं बीते हुए को नहीं गिनता, जो बचा है, उसकी गिनती करता हूं।' इसके जरिए पीएम ने बच्चों को प्रेरणा दी कि जो बीता है, उसकी गिनती में समय बर्बाद मत कीजिए। जो बचा है, उसे जीने के बारे में सोचिए।

पीएम ने कहा कि परीक्षाएं त्योहारों की तरह होती हैं, उनका उत्सव मनाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल मस्ती के लिए गेमिंग नहीं करनी चाहिए, पौराणिक कहानियों पर आधारित गेम भी विकसित करने चाहिए।

**वाह चाय वाले को चाय!**



स्टूडेंट पीएम के लिए गिफ्ट भी लाए। सिक्किम की एक छात्रा ने 'चाय' भेंट की तो पीएम ने हंसते हुए कहा कि 'चाय वाले को चाय'। ▸▸पेज 12

**AI पर सलाह:** पीएम ने छात्रों से कहा कि आप भाग्यशाली हैं कि इतनी बेहतर टेक्नोलॉजी का अवसर मिला है। AI आपकी ताकत बढ़ाने वाला होना चाहिए।

## नोएडा के बाद दिल्ली में गड्ढे ने ले ली युवक की जान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जनकपुरी में सड़क पर जल बोर्ड की ओर से खोदे गए गड्ढे में बाइक समेत गिरने से गुरुवार रात कॉल सेंटर कर्मचारी कमल ध्यानी (25) की मौत हो गई। वह रात में घर नहीं पहुंचे तो परिवार ने पांच थानों के चक्कर लगाए। आखिर में सुबह गड्ढे में उनका शव और बाइक मिली।

FIR दर्ज, जल बोर्ड के तीन इंजिनियर सस्पेंड

इस मामले में जल बोर्ड के तीन इंजिनियर सस्पेंड किए गए हैं। साथ ही एक अधिकारी और कॉन्ट्रैक्टर पर FIR दर्ज की गई है। इससे पहले 16 जनवरी की रात नोएडा में पानी से भरे गड्ढे में कार गिरने से सॉफ्टवेयर इंजिनियर युवराज मेहता (27) की मौत हो गई थी।

## मंत्री का काफिला रोकने वाले MLA को BJP ने दिया नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला रोकने वाले चरखारी के विधायक बृजभूषण राजपूत को भारतीय जनता पार्टी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें सात दिन में जवाब देना होगा, हालांकि बृजभूषण का कहना है कि उन्हें कोई नोटिस नहीं मिला है। बृजभूषण ने 30 जनवरी को मंत्री का काफिला रोककर हर घर नल योजना में पाइप लाइन बिछाने के दौरान खराब हुई सड़कों का मुद्दा उठाया था।

सात दिन में देना होगा जवाब

## सिर्फ पूछताछ के लिए नहीं कर सकते गिरफ्तार: SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी की गिरफ्तारी केवल सवाल पूछने के लिए नहीं की जा सकती। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अगुआई वाली बेंच ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि BNSS-2023 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तारी की शक्ति की व्याख्या एक सख्त ऑब्जेक्टिव आवश्यकता के रूप में होनी चाहिए, न कि पुलिस अधिकारी की व्यक्तिपरक सुविधा के तौर पर।

इलाहाबाद हाई कोर्ट का आदेश पलटा

**राहत** RBI ने किया ऐलान, जल्द लाया जाएगा फ्रेमवर्क

# साइबर फ्रॉड पर ₹25 हज़ार मुआवज़ा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों को धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन के मामले में 25,000 रुपये तक का मुआवजा मिल सकेगा। देशभर में बढ़ते ऐसे मामलों के बीच रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। इसके लिए रिजर्व बैंक नया फ्रेमवर्क लाने जा रहा है। इसमें 50 हजार रुपये या उससे कम की धोखाधड़ी के मामलों को शामिल किया जाएगा। ग्राहक से 'बिना सवाल पूछे' 85% राशि (अधिकतम 25 हजार रुपये) वापस की जाएगी। ग्राहक इस सुविधा का लाभ अपने जीवनकाल में सिर्फ एक बार उठा सकेंगे। RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि कस्टमर ने भले ही खुद ठगों को OTP बताया हो, तब भी वे मुआवजा पाने के हकदार होंगे। डिजिटल धोखाधड़ी में 50 हजार तक की राशि वाले मामले 65% हैं।

ऑनलाइन फ्रॉड के 65% केस 50,000 से कम के: RBI

**लोन रिकवरी एजेंटों की मनमानी रुकेगी :** संजय मल्होत्रा ने कहा कि लोन रिकवरी एजेंटों की मनमानी रोकने, मिस सेलिंग और अनधिकृत डिजिटल लेन-देन में ग्राहकों की देनदारी सीमित करने के लिए गाइडलाइंस का मसौदा जारी करेंगे। यहां मिस-सेलिंग से मतलब ग्राहकों को धोखे से गलत लोन, इंश्योरेंस या इन्वेस्टमेंट प्रॉडक्ट बेचना है। इस पर लगाम के लिए सख्त गाइडलाइंस आएंगी। यूपीआई के इस्तेमाल में भी सुधार होगा। ▸▸पेज 10

### ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं

RBI ने उम्मीद के मुताबिक अपनी मुख्य ब्याज दर (रीपो रेट) में कोई बदलाव नहीं किया। महंगाई के काबू में रहने, अमेरिका और यूरोपीय संघ (EU) के साथ व्यापार समझौतों के बाद अर्थव्यवस्था में मजबूती आने की उम्मीद से यह फैसला लिया गया है। RBI ने सर्वसम्मति से रीपो रेट को 5.25% पर बनाए रखने का फैसला किया। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और EMI भी नहीं बढ़ेगी। रीपो वह रेट है जिस पर आरबीआई बैंकों को लोन देता है। संजय मल्होत्रा ने कहा कि दुनियाभर में चुनौतियां बढ़ी हैं, लेकिन अमेरिका संग व्यापार समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है।





CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG2 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-06-2026 21:30 Color:

# विकास और बदलाव का साक्षी फतेहपुर

## सतत विकास से सशक्तीकरण की ओर

वर्तमान में फतेहपुर जिला विकास और प्रगति का प्रतीक बनकर उभरा है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में सकारात्मक पहल की गई है। ऐसे में, पांच प्रमुख क्षेत्रों में मुख्य प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर हासिल किए गए स्कोर इस जिले के विकास को दर्शा रहे हैं।

| शिक्षा | बुनियादी सुविधाएं | कृषि एवं सिंचाई | स्वास्थ्य व पोषण | वित्तीय समावेश व कौशल विकास |
|---|---|---|---|---|
| स्कोर 85.8 (जून 2025) | स्कोर 89.2 (जून 2025) | स्कोर 26.1 (जून 2025) | स्कोर 85.1 (जून 2025) | स्कोर 59.4 (जून 2025) |
| 30% | 10% | 20% | 30% | 10% |






## जून 2025 तक 61.8 रहा फतेहपुर का चैंपियंस ऑफ चेंज कम्पोजिट स्कोर


फतेहपुर ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक 112 जिलों में 8वां स्थान हासिल कर देश के शीर्ष 10 आकांक्षी जिलों में अपनी जगह बनाई है। जिले को छह बार 'गुड रैंक' मिली है, जिसमें तीन बार ओवरऑल रैंकिंग और एक-एक बार आधारभूत संरचना, कृषि एवं जल संसाधन तथा स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल हुई है।

## उत्तम शिक्षा के माध्यम से युवा प्रतिभाएं हो रहीं सशक्त

- शैक्षणिक सत्र शुरू होने के एक माह के भीतर 100% बच्चों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई गईं।
- 220 स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित की गईं और 42 सरकारी स्कूलों का नवीनीकरण किया गया।
- बड़ी संख्या में छात्र अपनी पढ़ाई आगे जारी रख रहे हैं। प्राथमिक से उच्च प्राथमिक में 84.69% और उच्च प्राथमिक से माध्यमिक में 89.47% छात्र आगे की कक्षाओं में पहुंचे।
- बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है। 85.84% स्कूलों में पेयजल और 79.46% माध्यमिक स्कूलों में बिजली की सुविधा बेहतर हुई है।
- 71.02% प्राथमिक स्कूल अब आरटीई अधिनियम के छात्र व शिक्षक अनुपात (पीटीआर) मानकों का पालन कर रहे हैं।
- 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में महिला साक्षरता दर 58% तक पहुंच गई है।


डॉ. भीमराव आम्बेडकर राजकीय बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## अवसंरचनात्मक सुधार से व्यापक परिवर्तन की ओर फतेहपुर





### आधारभूत संरचना में किए गए सुधार और नई पहल जिले की प्रगति को गति दे रहे हैं, जिसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है

- वर्ष 2018 से अब तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 14 सड़कें बनाई गईं, जिनकी कुल लागत ₹ 127.49 करोड़ है।
- मार्च 2018 से अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 32,447 आवास निर्मित किए गए। इस योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2021-22 में अकेले 14,491 घर बनाए गए।
- वर्ष 2018 से अब तक विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) योजना के तहत लगभग 2,094 तालाब और 62 बाल उद्यान विकसित किए गए।
- सभी गांवों में पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया।
- लगभग 804 पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई।

## वित्तीय समावेशन और कौशल विकास

- सामाजिक सुरक्षा कवरेज में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत नामांकन बढ़कर प्रति लाख आबादी लगभग 19,000 हो गए हैं, जो वित्तीय जागरूकता और बीमा पहुंच में सुधार को दर्शाता है।
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) में भी मजबूत भागीदारी रही, जहां नामांकन प्रति लाख आबादी 45,600 से अधिक पहुंच गए हैं। इससे राज्य मानकों की ओर तेजी से प्रगति और परिवारों को बेहतर जोखिम सुरक्षा मिली है।
- अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत कवरेज ने राज्य का आकांक्षी लक्ष्य हासिल कर लिया है। लाभार्थियों की संख्या प्रति लाख आबादी लगभग 12,000 तक पहुंच गई है, जो असंगठित क्षेत्र के कामगारों में दीर्घकालिक वित्तीय योजना को दर्शाता है।
- बैंक खातों में आधार सीडिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 91% से अधिक खाते आधार से जुड़े हैं, जिससे प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) की दक्षता और पारदर्शिता बढ़ी है।
- जनधन खातों की संख्या में भी तेज वृद्धि हुई है। प्रति लाख आबादी 53,900 से अधिक खाते खुल चुके हैं, जिससे ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में समावेशी बैंकिंग को मजबूती मिली है।


अमर शहीद जोधा सिंह अटैया ठाकुर दरियाव सिंह मेडिकल कॉलेज

### स्वास्थ्य सेवाएं

- अनुमानित कुल गर्भधारण के मुकाबले 100% गर्भवती महिलाओं का एएनसी (प्रसवपूर्व देखभाल) पंजीकरण किया गया है। साथ ही एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) कार्यक्रम के तहत 100% गर्भवती महिलाएं पूरक पोषण नियमित रूप से प्राप्त कर रही हैं।
- गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के उपचार में जिले ने 100% सफलता हासिल की है।
- प्रारंभिक गर्भावस्था पंजीकरण में जिला लक्ष्य के बेहद करीब है। 98.71% एएनसी पंजीकरण पहले तीन महीनों में हो रहे हैं, जो लगभग 100% के आकांक्षी लक्ष्य के बराबर है और राज्य के सर्वश्रेष्ठ (98.26%) से भी बेहतर है।

#### एआई आधारित टीकाकरण ऐप


- फतेहपुर जिला प्रशासन ने नवजात शिशुओं में टीकाकरण कवरेज बढ़ाने के लिए आकांक्षी ब्लॉक हसवा में एआई आधारित स्मार्ट वैक्सीनेशन ट्रैकिंग सिस्टम शुरू किया है।




- यह नया ऐप टीकाकरण की स्थिति की रियल टाइम निगरानी की सुविधा देता है, जिससे समय पर और पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके।

## क्षेत्रीय पर्यटन को मिल रहा बढ़ावा

- गंगा और यमुना के बीच स्थित फतेहपुर को दोआब कहा जाता है। यह भारत की संस्कृति, साहस और निरंतरता का जीवंत संग्रहालय है।
- सम्राटों और संतों की कथाओं से लेकर फलों के बागानों और प्राचीन मंदिरों तक, फतेहपुर इतिहास और सादगी से भरपूर अनूठा पर्यटन स्थल है।
- यहां बहने वाली गंगा नदी देश और आसपास के शहरों से आने वाले श्रद्धालुओं और विरासत प्रेमियों को आकर्षित करती है।
- भारत के स्वतंत्रता संग्राम के समय फतेहपुर एक अहम केंद्र था, जहां से कई स्वतंत्रता सेनानियों का जुड़ाव रहा है।
- फतेहपुर ने हिंदी भाषा के विकास में भी अहम भूमिका निभाई है। यहीं राष्ट्रकवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी का जन्म हुआ।
- गंगा तट पर स्थित ओम घाट एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां महान ऋषि भृगु ने लंबे समय तक तपस्या की थी।
- बावनी इमली एक और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल है, जो स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों के बलिदान का प्रतीक माना जाता है।


फतेहपुर में स्थित ओम घाट

## विकास की कहानी बुन रहा फतेहपुर का टेक्सटाइल उद्योग


एक जनपद, एक उत्पाद योजना के तहत फतेहपुर की बेडशीट्स देश और दुनिया में लोकप्रियता कर रही है हासिल

- फतेहपुर जिले की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में तौलिए, जीन्स और बेडशीट्स का उत्पादन होता है, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में लोकप्रिय हैं।
- एक जनपद, एक उत्पाद के तहत पारंपरिक कारीगरी को बढ़ावा देने, स्थानीय रोजगार सृजित करने और कारीगरों के लिए बेहतर मार्केटिंग अवसर प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।
- इसके अलावा, यहां कृषि उपकरण, स्टील फर्नीचर और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ भी तैयार किए जाते हैं।
- इस योजना के माध्यम से फतेहपुर के टेक्सटाइल सेक्टर, विशेष रूप से उच्च गुणवत्ता और आरामदायक बेडिंग उत्पादों की मार्केटिंग को बढ़ाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है।

## कृषि क्षेत्र में नए सुधार व प्रमुख उपलब्धियां




### लखपति दीदी

सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (सीआरपी) **939**

संभावित लखपति दीदियां (पीएलडी) **73,773**

डिजिटल आजीविका रजिस्टर (डीएआर) के अंतर्गत कुल पंजीकरण **2,31,446**

### कनेक्टिविटी

फतेहपुर में व्यापक अवसंरचनात्मक सुधार व उससे जुड़ी परियोजनाओं के जरिए कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। एनएच-232 के 133 किमी लंबे रायबरेली-फतेहपुर-बांदा मार्ग के नवीनीकरण से सड़क की स्थिति बेहतर हुई है, जिससे वाहनों की आवाजाही सुगम हुई और यात्रा समय काफी कम हो गया है।

रेल मार्ग पर भी फतेहपुर की अहम भूमिका है। यह नई दिल्ली, कोलकाता, कानपुर और प्रयागराज को जोड़ने वाली मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का प्रमुख हॉल्ट है। खागा और बिंदकी रोड जैसे स्टेशनों पर नई ट्रेनों के हॉल्ट शुरू होने से आवागमन और बेहतर हुआ है।

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

# ई-कॉमर्स साइट्स पर बिक रहा जानलेवा मांझा

## दुकानों पर कसी नकेल तो ई-कॉमर्स साइट्स को बना लिया ठिकाना, प्रतिबंधित नायलॉन के मांझे की बिक्री सबसे ज्यादा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : पिछले तीन दिनों में लखनऊ में मांझे से गर्दन कटने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग बुरी तरह से घायल हो गए। इन हादसों से एक बार फिर से मौत की इस डोर की बिक्री पर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस दुकानों में छानबीन कर रही है, जबकि ई-कॉमर्स साइट्स पर नॉयलान समेत कई प्रकार के बैन मांझे धड़ल्ले से बिक रहे हैं। इसके अलावा कुछ दुकानदार चोरी-छिपे खतरनाक मांझा बेच रहे हैं। पतंग बेचने वालों का दावा है कि खतरनाक मांझा मोनो काइट नाम से ऑनलाइन आसानी से मिल जाता है, जिस पर कोई रोक नहीं है।

विभिन्न उत्पादों की बिक्री करने वाली प्रतिष्ठित ई-कॉमर्स साइट्स भी इन प्रतिबंधित मांझों पर रोक नहीं लगा पा रही हैं। इसके अलावा कई ऐसे लोग हैं, जिन्होंने खुद की वेबसाइट बनाकर बिक्री शुरू कर दी है। गूगल पर KITE MAJHA सर्च करते ही प्रतिष्ठित ई-कॉमर्स साइट्स के अलावा दर्जन भर से ज्यादा वेबसाइट दिख रही हैं।


NBT पड़ताल

इन सभी वेबसाइट पर प्रतिबंधित मांझों की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। 200 रुपये से 5,000 रुपये तक के कॉर्ड बिक रहे हैं। इनकी शॉपिंग को बताकर बिक्री की जा रही है। पतंगबाजी से जुड़े लोगों ने बताया कि पेच काटने की होड़ में कुछ लोग तार या मछली पकड़ने वाली डोर बांध लेते हैं। ये दोनों जानलेवा हैं। तार की वजह से शॉर्ट सर्किट भी हो जाता है। कई बार पतंगों में बंधे तार से मेट्रो की लाइन बाधित हो चुकी है।

**सस्ता व मजबूत होने से डिमांड ज्यादा**
लखनऊ में पतंग बेचने वाले दुकानदारों ने बताया कि वे कपास के धागे से बना मांझा बरेली से मंगवाते हैं। यह जानलेवा नहीं होता और दबाव पड़ने पर तुरंत टूट जाता है। इस मांझे को पांच मिनट के लिए पानी में डाल दें तो इसका रंग व उसमें लगी चावल व पत्थर की परत उतर जाती है जबकि, खतरनाक मांझा नायलॉन और केमिकल से तैयार किया जाता है। यह आसानी से नहीं टूटता है। खतरनाक मांझा ऑनलाइन आसानी से मिल जाता है।

### इन साइट पर नायलॉन मांझों की बिक्री

- www.amazon.in Brand 0.50 MM Dia Clear Super Strong Nylon MONOFILAMENT
- www. PatangDori.com Beat Mono kite nylon wire manjha easily
- www.bablakites.com Super Sharp Manjha in 9 Cord to Compete Chinese Dor/ manjha
- www.bareillymanjha.co.in KOLKATA Tournament Winner 2023; Power Cutting Solution against plastic, nylon, and China threads



### चाइनीज मांझे से अब बिजलीकर्मी घायल

■ NBT न्यूज, लखनऊ : चाइनीज मांझे से हो रहे हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। महज 24 घंटे में एक युवक की मौत के बाद दो और लोग इस खतरनाक मांझे की चपेट में आकर घायल हो चुके हैं। ताजा मामला गोमती नगर विस्तार का है, जहां बिजली विभाग के एक कर्मचारी गुरुवार शाम को मांझे की चपेट में आने से घायल हो गए।

बिजली विभाग में तैनात सुधीर गुरुवार शाम करीब पांच बजे बिजलीघर जा रहे थे। इसी दौरान गोमतीनगर विस्तार इलाके में उनकी गर्दन में मांझा फंस गया, लेकिन गाड़ी की स्पीड कम होने से गहरी चोट नहीं आई। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। इससे कुछ घंटे पहले शहीद पथ पर स्कूटी से जा रहे सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी बृजेश राय भी चीनी मांझे की चपेट में आ गए थे। तेज धार वाले मांझे से उनके गाल और होंठ कट गए थे। लगातार हो रही इन घटनाओं से साफ है कि प्रतिबंध के बावजूद शहर में खुलेआम खतरनाक मांझे की बिक्री और इस्तेमाल जारी है। लगातार तीसरी घटना सामने आने के बाद पुलिस की सख्ती पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



24 घंटे में तीन हादसे, पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल

## सख्त शीशे को बारीक पीसकर बनाते हैं धारदार

### बरेली का मांझा कही ज्यादा खतरनाक, बड़े पतंगबाज इस्तेमाल के खिलाफ

सैयद अब्बास रिजवी, लखनऊ

चाइनीज मांझे के अलावा जरूरत से ज्यादा पिसा हुआ शीशा मिलाकर तैयार किया जा रहा मांझा गर्दन में फंसने पर ब्लेड और तलवार की तरह वार कर रहा है। खासकर, दोपहिया वाहन सवारों की गर्दन पर धारदार मांझा गहरे तक घाव कर रहा है। ट्रेन की हेडलाइट का शीशा और शराब की बोतलों का सख्त शीशा बारीक पीसकर धागे पर मढ़ने के चलन ने सबको चौंका दिया है, जिससे मांझा ब्लेड की तरह काम करने लगता। यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि खुलेआम मौत बांटने वाला कारोबार बन चुका है। बीते दिनों दुबग्गा निवासी शौरव की मांझे से गला कटने से जान चली गई थी। पतंग क्लबों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि चाइनीज मांझे के अलावा अधिक धारदार मांझा बनाने, बेचने और इस्तेमाल करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### 'पुलिस से करेंगे शिकायत'

बड़े पतंगबाज उस्ताद अबा भय्यू ने बताया कि चाइनीज मांझा सस्ता होने से इसे कम उम्र के लोग इसे खरीद लेते हैं। जैसा नक्‍र सूती धागा, जो कॉटन का होता है, उससे मांझा बनता है, वह कमजोर होता है। किसी जगह पर हल्के से फंसने पर फौरन टूट जाता है। जो लोग धारदार मांझा इस्तेमाल करेंगे, हम उनकी शिकायत पुलिस से करेंगे।

### 'पुलिस नियमित चेक करे'

बजाजा निवासी पतंगबाज हैदर अब्बास (मीनू) बताते हैं कि लोग पिसा शीशा अधिक मिलाकर मांझे को ब्लेड और तलवार जैसा धारधार कर रहे हैं। कई मांझा सूतने वाले धागे के ऊपर पिसा शीशा अधिक मढ़ रहे हैं। धारदार होने से पतंगबाज आसानी से पेच काट लेते हैं। पुलिस नियमित जांच करे।

### बरेली मांझे का सबसे बड़ा सेंटर

काजमैन निवासी पतंगबाज यामीन अली उर्फ (मामू) ने बताया कि ट्रेन की हेडलाइट का शीशा और ब्रैंडेड शराब की बोतलें, जिनका शीशा बेहद हार्ड होता है, उसे बारीक पीसकर मांझा तैयार किया जा रहा है। मांझा सूतने वालों के यहां बाकायदा रेट तय है। बरेली ऐसे मांझे का सबसे बड़ा सेंटर है।

### 'रखा जाता है मांझे का ध्यान'

ए-वन पतंग क्लब इरफान का कहना है कि चाइनीज मांझा पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक हो गया है। मांझे को धारदार बनाने के लिए उसमें जरूरत से ज्यादा शीशा मिलाया जा रहा है, इस पर रोक बेहद जरूरी हो गई है। हमारा क्लब वन, टू, थ्री धागे से बनी रील का ही इस्तेमाल करता है। सब इसका ध्यान रखें।


- बरेली का मांझा: 100 रुपये से 500 रुपये की फिरकी
- लखनऊ का मांझा: 80 रुपये से 250 रुपये की फिरकी
- चाईनीज मांझा : 300 रुपये से 1500 रुपये की फिरकी (चोरी छिपे बिक रहा)

### इस तरह बना रहे

- चाइनीज मांझे को नायलॉन और मटैलिक पाउडर से बनाया जाता है। इसमें एल्युमिनियम ऑक्साइड और लेड मिलाने के बाद इस मांझे पर कांच के टुकड़ेए धातु और लोहे के बुरादे को गोंद से मिलाकर धार लगाई जाती है।
- लखनऊ का मांझा बनाने में काजी (पका हुआ चावल) हल्का शीशा पिसा हुआ, इजबगोल की भूसी और रंग मिलाया जाता है।
- बरेली का मांझा बनाने में अधिक धारदार पिसा हुआ शीशा, गोंद, केमिकल, काजी (पका हुआ चावल), सेलखड़ी, इसबगोल की भूसी और रंग मिलाया जाता है।

### सजा का प्रावधान

- चाइनीज मांझा खरीदने और बेचने वालों पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के तहत पांच साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।
- भारतीय न्याय संहिता की धारा 188 के तहत छह महीने तक की सजा या जुर्माना हो सकता है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत 50,000 रुपये तक का जुर्माना और पांच साल की सजा का प्रावधान है।



केंद्रीय बजट ने ओरेंज अर्थव्यवस्था को महत्व दिया है!

### शहर में आज

- सतेश्वरी मातृ मंदिर का स्थापना दिवस समारोह, रानीकटरा, चौपटिया, सुबह 8 बजे।
- कॉलेज ऑफ नर्सिंग बाबा एजुकेशन सोसाइटी में मेंटल हेल्थपर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 56, मटियारी, देवा रोड, चिनहट, सुबह 9 बजे।
- लोक जीवन फाउंडेशन की ओर से आरोग्य पाकशाला में पारंपरिक चिकित्सा कार्यशाला, हिंदी मीडिया सेंटर, 1/55, विनीतखंड, हुसड़िया चौराहा, गोमतीनगर, सुबह 11 बजे।
- फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदेशिक प्रदर्शनी, जनभवन, सुबह 11 बजे।
- स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का 17वां उत्तर प्रदेश राज्य सम्मेलन, नेहरू युवा केंद्र, हुसैनाबाद, दोपहर 12 बजे।
- आदाब अर्ज लखनऊ की ओर से दि टेस्ट ऑफ लखनऊ फूड सफारी, एचपी पेट्रोल पंप, रिपब्लिक मोटर्स शोरूम, निकट कोनेश्वर मंदिर, चौक दोपहर 1:30 बजे।
- उ.प्र. राज्य ललित कला अकादमी का 65वां स्थापना दिवस, अकादमी परिसर, लाल बारादरी, कैसरबाग, दोपहर 2 बजे।

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,580.40 (+266.47) |
| निफ्टी | 25,693.70 (+50.90) |
| यूएस डॉलर | 90.41 (+0.02) |
| यूरो | 106.68 (+0.13) |

### सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
लखनऊ ₹1,55,845
चांदी .999 टंच प्रति किलो
लखनऊ ₹2,75,000

### मौसम

अधिकतम तापमान 24.3°
न्यूनतम तापमान 9°
सूर्यास्त शनिवार 5:52 | सूर्योदय रविवार 6:49

देखें पेज पांच
नाम 'ग्रिड', काम 'जाम'

## नए विधानभवन के निर्माण के लिए कंसल्टेंट नियुक्त

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नए विधानभवन के निर्माण के लिए शासन के निर्देश पर एलडीए ने कंसल्टेंट नियुक्त कर दिया है। कंसल्टेंट की ओर से विधानभवन के निर्माण को लेकर अपनी रिपोर्ट तीन महीने के भीतर एलडीए को सौंपना है। नए विधानभवन के निर्माण को लेकर सहारा शहर की जमीन को चिह्नित की गई है।

PWD को निर्माण एजेंसी का जिम्मा

नए विधानभवन और सचिवालय परिसर के निर्माण व विकास के लिए शासन ने विभागीय जिम्मेदारियां तय कर दी हैं। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को इस परियोजना का नोडल विभाग बनाया गया है। PWD को एक मुख्य अभियंता की अगुआई में विशेष कार्य इकाई गठित कर परियोजना को आगे बढ़ाने के निर्देश दिया गया है।

## RSM में 3 अस्पतालों के ब्लड सैंपल की जांच

काम की खबरें

टीबी हॉस्पिटल, भाऊराव देवरस हॉस्पिटल, 50 बेड का चिनहट अस्पताल शामिल

■ NBT न्यूज, लखनऊ : राम सागर मिश्र संयुक्त अस्पताल (RSM) में अब तीन और अस्पतालों के ब्लड सैंपल की जांच शुरू होने से मरीजों को बड़ी सुविधा मिलेगी। टीबी हॉस्पिटल ठाकुरगंज, भाऊराव देवरस हॉस्पिटल महानगर और 50 बेड अस्पताल चिनहट से आने वाले सैंपलों की जांच अब यहीं की जाएगी। इससे इन अस्पतालों में इलाज करवा रहे मरीजों को समय पर जांच रिपोर्ट मिल सकेगी। स्पोक और हब मॉडल आधारित पैथोलॉजी लैब से यह मुमकिन होगा। फिलहाल, RSM में रोजाना पांच सौ के करीब जांचें होती हैं। RSM की लैब को यह जिम्मेदारी अपर निदेशक लखनऊ मंडल डॉ. जीपी गुप्ता ने शुक्रवार को सौंपी।

अस्पताल के सीएमएस डॉ. वीके शर्मा के अनुसार इससे मरीजों को निजी लैब में महंगी जांच कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकारी अस्पताल में ही सटीक और भरोसेमंद जांच होने से मरीजों का समय और पैसा दोनों बचेगा। एक ही केंद्र पर आधुनिक मशीनों से जांच होने के कारण रिपोर्ट में देरी की समस्या भी कम होगी। खासकर कैंसर, हार्मोन, हार्ट, डायबिटीज और थायरॉयड जैसी गंभीर बीमारियों की जांच जल्दी होने से इलाज समय पर शुरू किया जा सकेगा।

इसके अलावा दूर-दराज के मरीजों को लखनऊ के अलग-अलग अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ब्लड सैंपल सीधे राम सागर मिश्र अस्पताल की लैब में भेजे जाएंगे और रिपोर्ट मोबाइल पर मुहैया करा दी जाएगी।


### दोनों ओर से ट्रेनों में दिए जाएंगे बेडरोल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लंबी दूरी की ट्रेनों में अब एक साथ बेडरोल नहीं चढ़ाया जाएगा। बदली व्यवस्था में ट्रेनों के शुरुआती और अंतिम स्टेशन पर बेडरोल चढ़ाए जाएंगे। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने 42 ट्रेनों में यह सुविधा शुरू करने की योजना बनाई है। लंबी दूरी की ट्रेनों में ऐसी शिकायत अधिक होती है कि उन्हें इस्तेमाल किये गए कंबल, चादर दे दिए गए। अब रेलवे ने दोनों तरफ से बेडरोल स्टॉक में रखने की व्यवस्था शुरू की है। इसमें लखनऊ-चंडीगढ़ व चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस, जयनगर-नई दिल्ली व नई दिल्ली-जयनगर एक्सप्रेस समेत 10 ट्रेनें हैं।

गंदे बेडरोल की शिकायतों को देखते हुए लिया गया निर्णय

### अमीनाबाद और ऐशबाग में आज बंद रहेगी बिजली

■ NBT न्यूज, लखनऊ : ट्रांसफॉर्मर में मरम्मत कार्य के चलते शनिवार को अमीनाबाद उपकेंद्र से संचालित गूंगे नवाब पार्क, मुमताज मार्केट में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। वहीं, ऐशबाग उपकेंद्र संचालित राम नगर, धोबीघाट, पीली कॉलोनी, तकिया चांद अली शाह, तिलक नगर, माल गोदाम रोड, प्रताप पार्क, तकिया चांद अली शाह इलाके में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी। साथ ही हाइडिल कॉलोनी, बनारसी टोला में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी।




बैद्यनाथ
स्थापित 1917
असली आयुर्वेद
CONCENTRATION
हर तैयारी के लिए
आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर आधारित
*NO SIDE EFFECTS
मन को शांत करने में सहायक
मानसिक थकान और तनाव को कम करने में मददगार
पढ़ाई में फोकस और सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने में लाभकारी
www.baidyanath.co.in
contact@baidyanath.co.in

## गर्ल्स स्कूलों के आसपास लॉ ऐंड ऑर्डर पर मांगा जवाब

■ NBT न्यूज, लखनऊ : हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने लखनऊ के गर्ल्स स्कूलों के आसपास कानून व्यवस्था की समस्या का संज्ञान लिया है। न्यायालय ने कहा कि हमारी जानकारी में आया है कि कुछ गर्ल्स स्कूलों के खुलने और बंद होने के समय जब छात्राएं स्कूल कैंपस के बाहर होती हैं, कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो रही है। न्यायालय ने स्टेशन रोड, चारबाग स्थित एपी सेन गर्ल्स पीजी कॉलेज का जिक्र करते हुए कहा कि उक्त स्कूल की लड़कियों को तंग करने की भी घटनाएं सामने आई हैं। न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को अगली सुनवाई पर पूरी जानकारी कोर्ट को देने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजिडेंट्स की ओर से साल 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने स्कूलों की वजह से होने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात के संबंध में पूर्व में कई आदेश दिए हैं। इस बार की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने गर्ल्स स्कूलों की छात्राओं को परेशान किए जाने पर भी चिंता जताई।



HC ने एपी सेन कॉलेज का जिक्र कर राज्य सरकार के अधिवक्ता से पूरी जानकारी देने को कहा


**जाम के मामले में डीजी यातायात तलब :** वहीं, पूर्व के आदेश के अनुपालन में सीएमएस स्टेशन रोड, सीएमएस गोमती नगर एक्सटेंशन, सीएमएस गोमती नगर-1, सेंट एग्नस जयपुरिया स्कूल, लामार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज और लोरेटो कॉन्वेंट इंटर कॉलेज के प्रतिनिधि न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए और अपने-अपने विद्यालयों के आसपास यातायात समस्या से निपटने के उपायों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कोर्ट ने 17 फरवरी पर डीजी, यातायात को भी उपस्थित होकर अपने सुझाव देने को कहा है।

## फोर्स न मिलने से अतिक्रमण हटाने नहीं गई LDA टीम

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: नेहरू एन्क्लेव और गायत्री पार्क के पीछे अतिक्रमण को शुक्रवार को एलडीए की टीम को हटाना था। लेकिन फोर्स न मिलने के कारण तय तारीख व समय पर एलडीए की टीम अतिक्रमण पर कार्रवाई करने नहीं पहुंची। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव का कहना है कि जल्द अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता डॉ. अंजू वार्ष्णेय और एजाज खान का आरोप है कि नेहरू एन्क्लेव स्थित गायत्री पार्क सहित आसपास की सड़क और फुटपाथ पर ठेला-खोमचा लगाकर और झोपड़-पट्टी बनाकर अतिक्रमण किया गया है।

## नहीं करना होगा आवेदन, डाक से घर पहुंचेगी डिग्री


■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में अब छात्रों को डिग्री के लिए शुल्क नहीं देना पड़ेगा। न ही डिग्री के लिए विवि में आवेदन करना होगा। विवि की ओर से अब सभी छात्रों को कोर्स पूरा होने के बाद डिग्री घर भेज दी जाएगी। इसके लिए विवि ने इसी साल से नई व्यवस्था लागू कर दी है। इस साल जितने भी छात्र पास हुए हैं, उनकी डिग्री बिना आवेदन पोस्ट के माध्यम से घर भेजी जा रही है। आधे से ज्यादा छात्रों की डिग्री पहुंच चुकी है। इससे जहां छात्रों को डिग्री के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, वहीं एलयू को डिग्री को सालों तक सहेजना नहीं पड़ेगा। LU में पासआउट होने के बाद डिग्री के लिए आवेदन करना पड़ता था। पहले तीन साल डिग्री मुफ्त दी जाती थी, जबकि उसके बाद 1200 रुपये शुल्क देना पड़ता है। इसमें भी एक महीने का समय लग जाता है। इस साल से राज्यपाल के आदेश पर विवि की ओर से सभी छात्रों को डिग्री अब उनके घर भेजना शुरू कर दिया गया है। लगभग एक लाख डिग्री अब तक भेजी जा चुकी हैं। हालांकि पुराने पासआउट छात्रों के लिए अब भी पुराना नियम लागू है। उन्हें शुल्क देने के बाद ही डिग्री दी जाएगी।



**वापस भी आ रही डिग्रियां :** विवि में दाखिला लेते समय छात्रों की ओर से जो पता अंकित किया गया था, विवि के रेकॉर्ड में छात्रों का वही पता है। ऐसे में विवि उसी पते पर डिग्री पोस्ट कर रहा है, लेकिन काफी संख्या में ऐसे छात्र भी हैं, जो किराए पर रहते थे और वे मकान छोड़ चुके हैं। ऐसे में उनकी डिग्री एलयू वापस लौट रही है, क्योंकि उस पते पर छात्र मौजूद ही नहीं है।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आपको 7 फरवरी, 2026 को आमंत्रित करता है
राष्ट्रीय मेगा एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम
सेंट बिज़नेस लोन
• ब्याज दर (ROI) 7.75% से प्रारंभ
• ऋण राशि ₹ 25 करोड़ तक
सेंट इंजीनियरिंग
• ब्याज दर (ROI) 7.75% से प्रारंभ*
• ऋण राशि ₹ 50 करोड़ तक
सेंट होटल
• ब्याज दर RBLR (वर्तमान में 8.25%) से प्रारंभ
• ऋण राशि ₹ 100 करोड़ तक
सेंट संजीवनी
• ब्याज दर RBLR (8.25%) + 0.15%* से प्रारंभ
• ऋण राशि ₹ 100 करोड़ तक
ऋण के लिए स्कैन करें
922 390 1111
1800 30 30
www.centralbank.bank.in

Shape Tomorrow's Minds on Prime Education & Future of Health with YEIDA




PLOTS FOR HOSPITAL, CHILD WELFARE & MATERNITY CENTRE
SCHEME CODE: YEA/ INST 2025-2026/06
Availability of Plots in Sector 18, 20 & 22 E
SCHEME BROCHURE CAN BE DOWNLOAD HERE

| S. No. | Use | Plot No. | Pocket | Sector | Area in Sq.Mtr. | Rate of Allotment Per Sq.Mtr | Reserved Price (Rs.) | EMD Amount (Rs.) (10%) | Incremental Value for Bid (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Child Welfare and Maternity Centre | PH-1 | C | 20 | 5000 | 27330 | 13,66,50,000.00 | 1,36,65,000.00 | 6,83,250.00 |
| 2 | Hospital | 13 | - | 22E | 10115 | 27330 | 27,64,42,950.00 | 2,76,44,295.00 | 13,82,214.75 |
| 3 | Hospital | H-2 | R | 20 | 10900 | 27330 | 29,78,97,000.00 | 2,97,89,700.00 | 14,89,485.00 |
| 4 | Hospital | H-2/F1-A | - | 18 | 6378 | 27330 | 17,43,10,740.00 | 1,74,31,074.00 | 8,71,554.00 |
| 5 | Hospital | H-3/F1-A | - | 18 | 5300 | 27330 | 14,48,49,000.00 | 1,44,84,900.00 | 7,24,245.00 |

SCHEME OPENS ON 07.02.2026
SCHEME CLOSING ON 25.02.2026 AT 05:00 PM
DATE & TIME FOR DISPLAY OF NAME OF QUALIFIED / DISQUALIFIED BIDDER 20.03.2026 AT 05:00 PM
DATE & TIME OF E-AUCTION 25.03.2026 AT 11:00 AM TO TILL END

PLOTS FOR NURSERY SCHOOL & CRECHE
SCHEME CODE: - YEA/ INST 2025-2026/07
Availability of Plots in Sector 17,18, & 22 D
SCHEME BROCHURE CAN BE DOWNLOAD HERE

| S. No. | Use | Plot No. | Pocket | Sector | Area in Sq.Mtr. | Rate of Allotment Per Sq.Mtr | Total Premium of the Plot (Rs.) | Registration Amount (Rs.) (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Nursery school | NS-1 | - | 17 | 1000 | 18030 | 18,030,000.00 | 1,803,000.00 |
| 2 | Nursery school | NS-4 | - | 22D | 1400 | 18030 | 25,242,000.00 | 2,524,200.00 |
| 3 | Nursery school | NS-21 | 5D | 18 | 1300 | 18030 | 23,439,000.00 | 2,343,900.00 |
| 4 | Creche | Crh.-1 | I | 18 | 1000 | 18030 | 18,030,000.00 | 1,803,000.00 |
| 5 | Creche | Crh.-3 | 2C | 18 | 1000 | 18030 | 18,030,000.00 | 1,803,000.00 |
| 6 | Creche | Crh.-7 | J | 18 | 1000 | 18030 | 18,030,000.00 | 1,803,000.00 |

SCHEME OPENS ON 07.02.2026
SCHEME CLOSING ON 05.03.2026
To know more, refer to the brochure which can be downloaded from our website: www.yamunaexpresswayauthority.com
To know more please contact : 9899788021
Banking Partners
HDFC BANK
WORLD CLASS AMENITIES
Close to Noida International Airport, Jewar
Near International Film City
F-1 MotoGP Track
Medical Devices Park
Electronics Manufacturing Cluster
Dedicated MSME Apparel, Handicraft and Toy Park
Adjacent to Yamuna Expressway
Connectivity from Eastern Peripheral Expressway with Yamuna Expressway (Proposed)
YEIDA FUTURE IS HERE
YAMUNA EXPRESSWAY INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY
(U.P. Government Undertaking)
1st Floor, Commercial Complex, Block-P-02, Sector Omega-1, Greater Noida-201308, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P.
Toll Free : 1800 180 8296 • Website: www.yamunaexpresswayauthority.com

# बगैर कनेक्शन भेज दिया हजारों का वॉटर बिल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: राजाजीपुरम के दरियापुर स्थित लेबर कॉलोनी में जलकल विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बिना पानी कनेक्शन के ही विभाग ने कॉलोनीवासियों को हजारों रुपये के बकाया बिल भेज दिए हैं। लेबर कॉलोनी के लगभग हर घर पर 16 हजार से लेकर 25 हजार रुपये से अधिक का बिल थमा दिया गया है। बिल मिलने के बाद कॉलोनी में रहने वाली महिलाएं खासतौर पर परेशान हैं, क्योंकि ज्यादातर घरों में झाड़ू-पोछा कर गुजारा करती हैं।

आरोप है कि उनके घरों में कभी भी जलकल विभाग की ओर से पानी का कनेक्शन नहीं लगाया गया, इसके बावजूद भारी भरकम बिल भेजकर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है।

**लापरवाही**

- कॉलोनी की महिलाओं ने नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर किया प्रदर्शन
- जलकल विभाग के अफसरों पर उत्पीड़न का लगाया आरोप

लेबर कॉलोनी निवासी रश्मि ने बताया कि उन्हें 16 हजार रुपये का बिल भेजा गया है, जिसे भरना उनके लिए बेहद मुश्किल है। अंजलि ने कहा कि उनके घर में पानी का कनेक्शन नहीं है, फिर भी 22,400 रुपये का बकाया दिखाया गया है। 90 वर्षीय बुजुर्ग विद्या ने भी बताया कि घर में कमाने वाला कोई नहीं है, बावजूद इसके 20,500 रुपये का बिल भेजा गया। महिलाओं ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर जलकल विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि बिल माफ नहीं किया गया तो वे मजबूरन धरना देंगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सुनवाई के लिए कोई उच्च अधिकारी नहीं मिला, इसलिए शनिवार को वे दोबारा प्रदर्शन करेंगी।



राजाजीपुरम के दरियापुर स्थित लेबर कॉलोनी की महिलाओं ने जताया विरोध।

# क्यों शिफ्ट नहीं किया पेट्रोल पंप : मेयर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : फन मॉल के पीछे आरआर वर्कशॉप की जमीन पर नगर निगम के नए मुख्यालय के निर्माण कार्य को देखने के लिए शुक्रवार को मेयर मौके पर पहुंची थीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में अवरोध बने पेट्रोल पंप को अब तक स्थानांतरित न किए जाने पर चीफ इंजिनियर आरआर मनोज प्रभात को फटकार लगाई। इस मौके पर नगर आयुक्त गौरव कुमार भी मौजूद रहे।

**चीफ इंजिनियर आरआर को लगाई फटकार**

मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि नगर निगम की वर्कशॉप और उससे जुड़े पेट्रोल पंप को स्थानांतरित करने के निर्देश लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व ही दिए जा चुके थे। इसके बावजूद अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा कि जब नगर विकास मंत्री एके शर्मा द्वारा भूमि पूजन किया गया था। उसी वक्त पेट्रोल पंप को हटाने के निर्देश दिए गए थे तो अबतक यह काम क्यों नहीं हुआ। मेयर ने चीफ इंजिनियर आरआर को यह स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि जब तक नई जगह पर पेट्रोल टंकी की स्थापना नहीं हो जाती, तब तक डीजल और अन्य ईंधन की व्यवस्था किसी अन्य वैकल्पिक पंप से की जाए। मेयर ने बताया कि मुख्यालय भवन के निर्माण का कार्य कर रही एजेंसी सीएंडडीएस द्वारा इस मामले को लेकर उन्हें शिकायत की गई थी।



मेयर ने शुक्रवार को आरआर वर्कशॉप में नगर निगम के नए मुख्यालय का काम देखा। इस दौरान नगर आयुक्त भी मौजूद थे।


# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया — Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम (A Govt. of India Undertaking)

एआरबी, लखनऊ : भू-तल, यूनियन बैंक भवन, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010,
ईमेल:- ubin0578720@unionbankofindia.bank

## मेगा ई-नीलामी बिक्री सूचना (सरफेसी अधिनियम के अन्तर्गत)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के **विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।**

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक/बंधक है जिसका सांकेतिक / भौतिक कब्जा यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, का विक्रय दिनांक **13.03.2026** (समय: दोपहर: 12:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) को होने वाली ई-नीलामी में **"जहाँ है", "जैसा है", "जो कुछ भी है"** और **"बिना किसी सहारे के आधार"** पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है।

**ऑनलाइन ई-नीलामी की वेबसाइट https://baanknet.com**
**नीलामी दिनांक व समय: 13 मार्च, 2026, दोपहर: 12:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित)**

| क्र. सं. | ऋणी एवं जमानतकर्ताओं का नाम और पता | ई-नीलामी हेतु सम्पत्तियों का विवरण | 1. आरक्षित मूल्य 2. ई.एम.डी. 3. बढ़ी हुई धनराशि | 1. शाखा प्रमुख/सम्पर्क 2. प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क सूत्र 3. प्राधिकृत अधिकारी की ई-मेल आईडी 4. वसूली अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क सूत्र | ब्याज एवं अन्य खर्च के साथ बकाया धनराशि | भार का विवरण / कब्जा सांकेतिक/भौतिक / लंबित मुकदमे का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1) मेसर्स माँ काली इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स, प्रोप. सुश्री सुमन यादव, पुत्री उमेश चंद्र यादव, 75, मानस एन्क्लेव, इंदिरानगर, लखनऊ, उ.प्र.-226015 (ऋणी) 2) सुश्री सुमन यादव, पुत्री उमेश चंद्र यादव, 75, मानस एन्क्लेव, इंदिरानगर, लखनऊ, उ.प्र.-226015 (प्रोपाइटर) 3) श्री उमेश चंद्र यादव, पुत्र स्व. राम कलेश, 75, मानस एन्क्लेव, इंदिरानगर, लखनऊ, उ.प्र.-226015 (जमानतकर्ता) | साम्यिक बंधक एक किता भूखण्ड-377, खसरा संख्या-20 का भाग, ग्राम-सुरसंढा, परगना एवं तहसील- नवाबगंज, जिला-बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफल: 167.286 वर्ग मीटर, स्वामित्व: सुश्री सुमन यादव, पुत्री उमेश चंद्र यादव।** **चौहद्दी:-पूर्व**-30 फीट कच्चा रास्ता, **पश्चिम**-अन्य का प्लॉट, उत्तर-अन्य का प्लॉट, **दक्षिण**-अन्य का प्लॉट, | 1.रु. 20,00,000/- 2.रु. 2,00,000/- 3.रु. 20,000/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री अरुण कुमार गुप्ता/7081777870 | रू. 43,63,507.95 (रुपये तैंतालीस लाख तिरसठ हजार पाँच सौ सात व पैसे पंचानवे मात्र) मांग सूचना दिनांक 14.07.2025 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं / सांकेतिक / प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 2. | 1) मेसर्स प्रिया गुप्ता, प्रोप्राइटर श्रीमती प्रिया गुप्ता, पत्नी रंजीत कुमार गुप्ता के माध्यम से, पता-सी/ओ रंजीत कुमार गुप्ता, अस्ति रोड, कटही, बख्शी का तालाब, बरगदी मगय, लखनऊ, उ.प्र.-226201 (ऋणी) 2) श्री रंजीत कुमार गुप्ता, पुत्र नंद लाल गुप्ता, पता-154, बरगदी मगय, बख्शी का तालाब, लखनऊ, उ.प्र.-227202 (जमानतकर्ता) | सभी भाग व हिस्से आवासीय प्लॉट स्थित गाटा संख्या 417 का भाग, ग्राम-बरगदी मगय, परगना-महोना, तहसील-बख्शी का तालाब, जिला-लखनऊ, **क्षेत्रफल: 300.00 वर्ग मीटर, स्वामित्व: श्रीमती प्रिया गुप्ता, पत्नी श्री रंजीत कुमार,** निवासी-अकरोही, बख्शी का तालाब, मगपुर बना, बख्शी का तालाब, लखनऊ, उ.प्र.-226201 **विक्रय विलेख के अनुसार प्लॉट संख्या 128, 129 एवं 130 की संयुक्त चौहद्दी:-पूर्व**-खेत गाटा संख्या 413, **पश्चिम**-खेत गाटा संख्या 418, **उत्तर** -खेत गाटा संख्या 416, **दक्षिण**-चकरोड | 1.रु. 36,00,000/- 2.रु. 3,60,000/- 3.रु. 36,000/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री अनुज कुमार/7457071504 | रू. 26,70,733.14 (रुपये छब्बीस लाख सत्तर हजार सात सौ तैंतीस व पैसे चौदह मात्र) मांग सूचना दिनांक 20.12.2024 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं / सांकेतिक / प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 3. | 1) श्री अनिल कुमार शर्मा, पता: 119/252, राम नगर, दर्शनपुरवा, आर्य समाज के सामने, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208012 (ऋणी) 2) श्रीमती विनीता शर्मा पत्नी श्री अनिल कुमार शर्मा, पता: 119/252, राम नगर, दर्शनपुरवा, आर्य समाज के सामने, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208012 (ऋणी) 3) श्री अरुण कुमार शर्मा पुत्र स्व. संत प्रसाद शर्मा, पता: 119/252, राम नगर, दर्शनपुरवा, आर्य समाज के सामने, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208012 (मृतक स्व. संत प्रसाद शर्मा और स्व. राज कली पत्नी संत प्रसाद शर्मा-जमानतकर्ता की संपत्ति) | भाग संख्या 31-बी और 32-ए, स्थित: 119/252, राम नगर, दर्शनपुरवा, जिला कानपुर, उत्तर प्रदेश **क्षेत्रफल: 100 वर्ग गज या 83.61 वर्ग मीटर, मालिक: श्री संत प्रसाद शर्मा और श्रीमती राज कली पत्नी श्री संत प्रसाद शर्मा** **चौहद्दी:-पूर्व:** संपत्ति भाग संख्या 31-ए, **पश्चिम:** इस हिस्से की दीवार, उसके बाद भाग संख्या 32-बी, **उत्तर:** अन्य मकान, **दक्षिण**-10 फीट सामान्य रास्ता | 1.रु. 48,00,000/- 2.रु. 4,80,000/- 3.रु. 48,000/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री प्रमोद कुमार/7023104016 | रू. 57,49,808.84 (रुपये सत्तावन लाख उनचास हजार आठ सौ आठ व पैसे चौरासी मात्र) मांग सूचना दिनांक 13.10.2025 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं / सांकेतिक / प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 4. | ऋणी:-1(क) मेसर्स नेचुरल एरोमैटिक प्राइवेट लिमिटेड, पता-1: 30 एवं 31, समर गार्डन, इस्माइलगंज, इंदिरानगर, लखनऊ, उ.प्र.-226001 पता-2: गोदाम स्थित निकट आशीर्वाद पैलेस, तहसील- फतेहपुर, जिला-बाराबंकी, उ.प्र.-226001, पता-3: गोदाम स्थित गाटा सं. 575 मिन, जरही रोड, मिहींपुरवा, बहराइच, उ.प्र.-271855, पता-4: प्लॉट, गाटा सं. 455, शिवपुर रोड, ग्राम कोटवा, नानपारा, बहराइच, उ.प्र.-271865 1(ख) आफिया पुत्री अफताब (निदेशक), पता-1: निवासी पठानान मोहल्ला, मुराद नगर, उ.प्र.-201206, पता-2: बी-20, कमला नेहरू नगर, खुर्रम नगर, लखनऊ-226022 1(ग) सुमन यादव पुत्री सालिक राम यादव (निदेशक), पता: 139, मंगल आरा मशीन, मिहनपुरवा, बहराइच-271855 1(घ) शिवम यादव पुत्र सालिक राम यादव (निदेशक), पता: गाटा सं. 575 मिन, मिहनपुरवा, बहराइच-271855 1(ड) नीरू खरे पत्नी दिलीप कुमार खरे (निदेशक), पता: 403/80 बी, कटरा बिजन बेग, चौपटिया चौक, लखनऊ-226003 जमानतकर्ता:-2(क) इल्हान ट्रेडिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (कॉरपोरेट जमानतकर्ता), पता-1: हाफिज खां, दुकान सं. 8, प्रिंस कॉम्प्लेक्स, खुर्रम नगर, श्याम नगर, लखनऊ-226022, पता-2: प्लॉट सं. 63/4929, अंसारी रोड, निकट राम मंदिर, दरियागंज, नई दिल्ली 2(ख) सुमन यादव पुत्री सालिक राम यादव (व्यक्तिगत जमानतकर्ता), पता: 139, मंगल आरा मशीन, मिहनपुरवा, बहराइच-271855 2(ग) शिवम यादव पुत्र सालिक राम यादव (व्यक्तिगत जमानतकर्ता), पता: गाटा सं. 575 मिन, मिहिनपुरवा, बहराइच-271855 2(घ) नीरू खरे पत्नी दिलीप कुमार खरे (व्यक्तिगत जमानतकर्ता), पता: 403/80 बी, कटरा बिजन बेग, चौपटिया चौक, लखनऊ-226003 2(ड) सुनील यादव पुत्र सालिक राम यादव (व्यक्तिगत जमानतकर्ता), पता: 139, जामी रोड, मिहिनपुरवा, बहराइच, उ.प्र.-271855 2(च) अंजू खरे पत्नी सुनील माथुर (व्यक्तिगत जमानतकर्ता), पता: 515/69, अबाबा का पुरवा, निशातगंज, लखनऊ-226006 2(छ) मोहम्मद अजीमुल्लाह पुत्र नूर मोहम्मद (व्यक्तिगत जमानतकर्ता), पता: 135, मोहल्ला जुब्लीगंज पश्चिमी, नानपारा, बहराइच-271865 2(ज) दिलीप कुमार खरे पुत्र महेश प्रकाश (व्यक्तिगत जमानतकर्ता), पता: 403/80 बी, कटरा बिजन बेग, चौपटिया चौक, लखनऊ-226003 2(झ) आफिया पुत्री अफताब (व्यक्तिगत जमानतकर्ता), पता-1: निवासी-पठानान मोहल्ला, मुराद नगर, उ.प्र.-201206, पता-2:बी-20, कमला नेहरू नगर, खुर्रम नगर, लखनऊ-226022 2(ञ) तहसीन फातिमा पत्नी महबूब अहमद (व्यक्तिगत जमानतकर्ता), पता: भग्गापुरवा, नई सब्जी मंडी, नानपारा देहाती, बहराइच-271865 | 1) साम्यिक बंधक सभी भाग व हिस्से भूमि व भवन स्थित गाटा संख्या 575 मिन, ग्राम-मिहिनपुरवा, परगना-नानपारा, तहसील- मिहिनपुरवा, जिला-बहराइच, उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफल 160.00 वर्ग मीटर, स्वामित्व सुमन यादव पुत्री सालिक राम यादव** (विक्रय विलेख दस्तावेज संख्या 3533/2022, दिनांक 26.07.2022 के अनुसार)। **विक्रय विलेख के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी: पूर्व**-लगभग 15 फीट चौड़ी सड़क (इंटरलॉकिंग), **पश्चिम**-श्री सतीश का मकान, **उत्तर**-श्री राम गोपाल का मकान, **दक्षिण**-लगभग 15 फीट चौड़ी सड़क. | 1.रु. 30,20,000/- 2.रु. 3,02,000/- 3.रु. 30,200/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री अरुण कुमार गुप्ता/ 7081777870 | रु. 3,87,46,906.84 (रुपये तीन करोड़, सतासी लाख, छियालिस हजार, नौ सौ छः व पैसे चौरासी मात्र)मांग सूचना दिनांक 04.10.2025 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं / सांकेतिक |
| | | 2) साम्यिक बंधक सभी भाग व हिस्से भूमि व भवन स्थित गाटा संख्या 575 मिन, ग्राम-मिहिनपुरवा, परगना-नानपारा, तहसील-मिहिनपुरवा, जिला-बहराइच, उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफल 320.00 वर्ग मीटर, स्वामित्व सुनील यादव पुत्र सालिक राम यादव** (विक्रय विलेख दस्तावेज सं. 4269/2022, दिनांक 02.09.2022 के अनुसार) **चौहद्दी:-पूर्व**-अन्य की संपत्ति, **पश्चिम**-सड़क, **उत्तर**-लगभग 15 फीट चौड़ी सड़क, **दक्षिण**-श्री तालिक एवं हाशिम अली का मकान | 1.रु. 1,07,00,000/- 2.रु. 10,70,000/- 3.रु. 1,00,000/- | | | सांकेतिक |
| | | 3) साम्यिक बंधक सभी भाग व हिस्से भूमि व भवन स्थित गाटा संख्या 575 मिन, ग्राम-मिहिनपुरवा, परगना-नानपारा, तहसील-मिहिनपुरवा, जिला-बहराइच, उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफल 200.00 वर्ग मीटर, स्वामित्व शिवम यादव पुत्र सालिक राम यादव** (विक्रय विलेख दस्तावेज संख्या 3534/2022, दिनांक 26.07.2022 के अनुसार)। **विक्रय विलेख के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी:-पूर्व**-अन्य की संपत्ति, **पश्चिम**- लगभग 15 फीट चौड़ी सड़क, **उत्तर**-अन्य की संपत्ति, **दक्षिण**-लगभग 15 फीट चौड़ी सड़क | 1.रु. 39,00,000/- 2.रु. 3,90,000/- 3.रु. 39,000/- | | | सांकेतिक / प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** और **https://baanknet.com** में दिये गए लिंक को देखें। पंजीकरण, ईएमडी भुगतान और बोली-प्रक्रिया के नियमों के लिए वेबसाइट **https://baanknet.com** पर जाएं। ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं के पास वैध ई-मेल आईडी, केवाईसी दस्तावेज, बैंक डिटेल और सक्रिय दूरभाष नम्बर अवश्य होना चाहिए। केवाईसी दस्तावेजों के अनुमोदन के लिए बोलीदाताओं/खरीदार के पास **"डिजिलॉकर सुविधा"** होनी चाहिए। इच्छुक बोलीदाता/खरीदार वेबसाइट के होम पेज पर दिए गए क्रेता मैनुअल द्वारा निर्देशित हो सकते हैं।

**Security interest (Enforcement) Rule, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत 30 दिन की बिक्री सूचना।**

इसे Security interest (Enforcement) Rule, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई-नीलामी/बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों/जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक: 07.02.2026 स्थान: लखनऊ/कानपुर/बहराइच प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया



## मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग संभाग आगर मालवा

**संक्षेप निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 10/2025-26 नि.लिपिक दिनांक 03.02.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

| क्र. | ऑन लाइन टेंडर क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | कार्य की निर्धारित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_PWDRB_479748_1 | लोक निर्माण विभाग संभाग आगर मालवा के अन्तर्गत ठिकरिया से पाट मार्ग मय विद्युतीकरण सहित लंबाई 3.66 कि.मी. (द्वितीय आमंत्रण) | 331.03 | 331030/- | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| | | योग | 331.03 लाख | | |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑन लाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेन्ट) वेबसाईट के माध्यम से दिनांक 23.02.2026 समय 17.30 तक क्रय किया जाएगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं। यदि निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह प्रकाशित नहीं किया जायेगा। संशोधन वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" G-25416/25

Sd/-
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग आगर मालवा


# रोडवेज़ जनता सेवा का किराया 20% कम, चालक-परिचालक को 14 पैसे ज्यादा मानदेय

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : परिवहन निगम की जनता बस सेवा का किराया 20% कम रखने के बाद अब चालक व परिचालक के मानदेय में 14 पैसे प्रतिकिमी की बढ़ोतरी की गई है। परिवहन निगम मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 299 बसों का संचालन कर रहा है। इसके तहत लखनऊ रीजन से 27 रूटों पर 32 बसों का संचालन किया जा रहा है। 20 क्षेत्रों में 299 बसों का संचालन किया जा रहा है।

AI Image



परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री जनता सेवा में अभी तक संविदा चालकों व परिचालकों को प्रति किलोमीटर 2.18 रुपये की दर से भुगतान किया जा रहा था। नए निर्णय के अनुसार अब उन्हें 2.32 रुपये प्रति किमी की दर से भुगतान किया जाएगा। परिवहन निगम द्वारा इस प्रकार उनके मानदेय में 14 पैसे प्रति किमी की वृद्धि की गई है। इस निर्णय से बस संचालकों व संबंधित सेवा प्रदाताओं को आर्थिक संबल प्राप्त होगा, जिससे बसों का नियमित, सुरक्षित एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। साथ ही, आम नागरिकों को बेहतर एवं निरंतर परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जनता सेवा की बसों का किराया साधारण बसों की तुलना में 20% कम है। इससे यात्रियों को कम किराए में गंतव्य तक पहुंचने की सुविधा मिल रही है।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन, 1, चकबस्त रोड कैसरबाग लखनऊ-226018
दूरभाष संख्या: 0522-2622080 Email: lkocmo@gmail.com

**विज्ञप्ति**

मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-86/एसपीएमयू/एनएचएम/एनयूएचएम/15th FC/Poly-clinic/2025-26/3068-2 दिनांक 09.09.2025 एवं पत्रांक-91/एसपीएमयू/एनएचएम/एनयूएचएम/PMABHIM/15th FC/Poly-clinic/2025-26/30-2 दिनांक 08.09.2025 के द्वारा शहरी क्षेत्रों में जनसमुदाय के निकट गुणवत्तापरक एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यरत क्षेत्रों में पूर्व से संचालित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को पॉलीक्लीनिक के रूप में उच्चीकृत करते हुये इन पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय ओ0पी0डी0 सेवायें प्रदान किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। जनपद-लखनऊ में चिन्हित कुल 14 पॉलीक्लीनिकों पर प्रतिदिन दो विशेषज्ञों द्वारा ओ0पी0डी0 एवं सम्बन्धित सेवायें प्रदान किया जाना है। पॉलीक्लीनिक का विवरण निम्नवत है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | City Polyclinic - UPHC Barawan Kala | 8 | City Polyclinic - UPHC Naka |
| 2 | City Polyclinic - UPHC Jankipuram | 9 | City Polyclinic - UPHC Vrindawan |
| 3 | City Polyclinic - UPHC IIM Road | 10 | City Polyclinic - UPHC New Haidarganj |
| 4 | City Polyclinic - UPHC Jarhara | 11 | City Polyclinic - UPHC Bharwara |
| 5 | City Polyclinic - UPHC Chitwapur HP Aurangabad | 12 | City Polyclinic - UPHC Nadarganj |
| 6 | City Polyclinic - UFWC Chitwapur | 13 | City Polyclinic - UPHC Jamau |
| 7 | City Polyclinic - UPHC Khargapur | 14 | City Polyclinic - UPHC Sadar Top Khana Bazar (Cantt) |

जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक में प्राप्त अनुमोदन के क्रम में पॉलीक्लीनिक पर कार्य करने हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों **(Obstetrician & Gynaecologist, Pediatrician, General Physician, Opthalomologist, Dermatologist, Ent Surgeon, Psychiatrist, Orthopaedic Surgeon)** की आवश्यकता है एतद्द्वारा उपरोक्त विशेषज्ञता के इच्छुक चिकित्सकों से कार्य करने के इच्छुक आवेदन पत्र **दिनांक 15.02.2026** तक आमंत्रित किये जाते है।

इस सम्बन्ध में अन्य आवश्यक शर्तें एवं प्रतिबन्ध निम्नवत है:-

1. पॉलीक्लीनिक में प्रत्येक कार्य दिवस पर रोस्टर के अनुसार विशेषज्ञों द्वारा सेवायें उपलब्ध करायी जायेंगी। विशेषज्ञों द्वारा टेलीमेडिसिन के माध्यम से भी सेवायें प्रदान की जायेंगी।
2. पॉलीक्लीनिक के कार्य अवधि का समय नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के समान होगा।
3. विशेषज्ञों द्वारा किये गये ओ0पी0डी0 हेतु रू0 5000/- प्रति विशेषज्ञ प्रति दिवस अधिकतम 25 कार्य दिवसों हेतु देय होगा।
4. कार्य (JOB & RESPONSIBILITIES OF HR UNDER POLYCLINIC) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी **जनपद-लखनऊ की वेब साइट www.lucknow.nic.in से ली जा सकती है।**
5. **इच्छुक विशेषज्ञ चिकित्सक अपना आवेदन पत्र, फोटोग्राफ के साथ समस्त शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी स्वहस्ताक्षरित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुये कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन, 1, चकबस्त रोड कैसरबाग, लखनऊ में रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट / अधोहस्ताक्षरी कार्यालय डाक अनुभाग में दिनांक 15.02.2026 तक प्रेषित / जमा कर सकते है। इम्पैनलमेंट के उपरान्त 70 वर्ष की आयु तक कार्य लिया जा सकता है।**
6. आवेदन पत्र पूर्ण रूप से उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त ही जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा इम्पैनलमेंट हेतु कार्यवाही की जायेगी। इस सम्बन्ध में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जनपद-लखनऊ



## कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

पत्रांक: 173/कार्य-9/(26)/74
दिनांक 04.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम की ओर से नलकूप निर्माण एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 07.02.2026 से 11.02.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग) उत्तर प्रदेश जल निगम, फ्लैट नं0 आर0-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00 + 18% जी.एस.टी.(1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
**निविदा विक्रय की तिथि** - 07.02.2026 से 11.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे।
**निविदा डालने की तिथि** - 12.02.2026 अपराह्न 12:00 बजे।
**निविदा खोलने की तिथि** - 12.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे।



## ncrtc राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.

(भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)

निविदा सं. डीओ/यूडी/सीडीआर/ओए/01 **ई-निविदा सूचना** निविदा आईडी 2026_एनसीआरटीसी_264411_1

दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर की चेनेज (00000-35200) के बीच आने वाले DTL, TPDDL, DMRC, NDMC आदि के 220 kV और 66/33 kV EHT ओवरहेड/केबल लाइनों की शिफ्ट करने/बदलने के कार्य के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

विस्तृत जानकारी, एवं अनुवर्ती परिशिष्ट/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो), के लिए कृपया एनसीआरटीसी वेबसाइट www.ncrtc.in या सीपीपी पोर्टल www.etenders.gov.in/eprocure/app को 07.02.2026 से 09.03.2026 (15:00 बजे तक) देखें। हस्ता/-ईडी/प्रोक्योरमेंट



## U.P. Power Transmission Corporation Ltd.

Executive Engineer, Lucknow

**Press Release**

Electricity Transmission Division-II Invites e-auction bids for the SALE OF SCRAP at following substations:

1. 132 KV Substation, Gomti Nagar.
2. 132 KV Substation, Khurram Nagar.
3. 132 KV Substation, N.K.N.
4. 220 KV Substation, Chinhat
5. 220 KV Substation, B.K.T.

2. E-auction to be done on 'as is where is' basis in separate lots through M/S M.S.T.C.
3. Details of E-auctions
Date of auction: 20.02.2026
Auction catalogue, Auction no:-
1. MSTC/LKO/UTTAR PRADESH POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED /13/LUCKNOW/25-26/60362
2. MSTC/LKO/UTTAR PRADESH POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED /12/LUCKNOW/25-26/60361
3. Terms and conditions are available on www.mstcecommerce.com
4. All the auction related information and corrigendum, if any shall only be uploaded on above Website.
5. Contact Officer:
eetd2lko@upptcl.org, Mobile NO. 9450909414

"Save Electricity in the interest of the Nation" RO-201/06.02.26



संख्या एफ.80/डीसीएफ(एस)/विकास/ई-निविदा/2025-26/7467
दिनांक: 04/02/2026

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**वन एवं वन्य जीव विभाग**
**उप वन संरक्षक कार्यालय (दक्षिण)**
**डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, तुगलकाबाद, नई दिल्ली-110044**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

"दक्षिण वन मंडल के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए एक वर्ष की अवधि हेतु 80,000 वृक्ष पौधों एवं 86,500 झाड़ी पौधों का सृजन तथा उनका रखरखाव, एवं रोपण क्षेत्र के चारों ओर तारबंदी का कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गई है (निविदा संख्या 2026_DFWL_286156_1)"। यदि निविदाकर्ता/बोलीदाता को निविदा दस्तावेज में निहित किसी भी बात के अर्थ के बारे में कोई संदेह है, तो वह उप वन संरक्षक, दक्षिण वन प्रभाग, वन एवं वन्यजीव विभाग, दिल्ली सरकार, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, नई दिल्ली-110044 के कार्यालय से स्पष्टीकरण मांग सकता है। अनुमानित लागत रु. 13,13,99,744/- (तेरह करोड़ तेरह लाख निन्यानवे हजार सात सौ चवालीस मात्र)। बोली प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय 04.02.2026 को अपराह्न 1:00 बजे से 25.02.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक है।

नोट:-
1. उपर्युक्त कार्य का विवरण और पात्रता मानदंड वेबसाइट- govtprocurement.delhi.gov.in से देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
2. संशोधन/परिवर्तन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल उल्लिखित वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

उप वन संरक्षक
दक्षिण वन प्रभाग

DIP/Shabdarth/Classified/0434/25-26



**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**वन एवं वन्य जीव विभाग**
**उप वन संरक्षक कार्यालय (दक्षिण)**
**डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, तुगलकाबाद, नई दिल्ली-110044**

संख्या एफ.86/डीसीएफ (एस)/विकास/ई-निविदा/2025-26/7476 दिनांक: 04/02/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

" दक्षिण वन मंडल के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए डेरा में 55,500 वृक्ष पौधों एवं 60,000 झाड़ी पौधों का सृजन, एक वर्ष की अवधि हेतु उनका रखरखाव तथा रोपण क्षेत्र के चारों ओर तारबंदी का कार्य, ई-निविदा आमंत्रित की गई है (निविदा संख्या 2026_DFWL_286169_1)"। यदि निविदाकर्ता/बोलीदाता को निविदा दस्तावेज में निहित किसी भी बात के अर्थ के बारे में कोई संदेह है, तो वह उप वन संरक्षक, दक्षिण वन प्रभाग, वन एवं वन्यजीव विभाग, दिल्ली सरकार, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, नई दिल्ली-110044 के कार्यालय से स्पष्टीकरण मांग सकता है।

अनुमानित लागत रु. 10,37,88,400/- (रुपये दस करोड़ सैंतीस लाख अट्ठासी हजार चार सौ मात्र)। बोली प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय 04.02.2026 को अपराह्न 3:00 बजे से 25.02.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक है।

नोट:-
1. उपर्युक्त कार्य का विवरण और पात्रता मानदंड वेबसाइट- govtprocurement.delhi.gov.in से देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
2. संशोधन/परिवर्तन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल उल्लिखित वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

उप वन संरक्षक
दक्षिण वन प्रभाग

DIP/Shabdarth/Classified/0432/25-26



**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**वन एवं वन्य जीव विभाग**
**उप वन संरक्षक कार्यालय (दक्षिण)**
**डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, तुगलकाबाद, नई दिल्ली-110044**

संख्या एफ.87/डीसीएफ(एस)/विकास/ई-निविदा/2025-26/7482 दिनांक:04/02/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

"दक्षिण वन मंडल के अंतर्गत वर्ष 2026 - 27 के लिए मैदानगढ़ी में 71,000 वृक्ष पौधों एवं 76,000 झाड़ी पौधों का सृजन, एक वर्ष की अवधि हेतु उनका रखरखाव तथा रोपण क्षेत्र के चारों ओर तारबंदी का कार्य, ई-निविदा आमंत्रित की गई है (निविदा संख्या 2026_DFWL_ 1)"। यदि निविदाकर्ता/बोलीदाता को निविदा दस्तावेज में निहित किसी भी बात के अर्थ के बारे में कोई संदेह है, तो वह उप वन संरक्षक, दक्षिण वन प्रभाग, वन एवं वन्यजीव विभाग, दिल्ली सरकार, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, नई दिल्ली-110044 के कार्यालय से स्पष्टीकरण मांग सकता है। अनुमानित लागत रु. 10,28,57,177/- (दस करोड़ अट्ठाईस लाख सत्तावन हजार एक सौ सतहत्तर रुपये मात्र)। बोली प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय 04.02.2026 को अपराह्न 2:00 बजे से 25.02.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक है।

नोट:-
1. उपर्युक्त कार्य का विवरण और पात्रता मानदंड वेबसाइट- govtprocurement.delhi.gov.in से देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
2. संशोधन/परिवर्तन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल उल्लिखित वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

उप वन संरक्षक
दक्षिण वन प्रभाग

DIP/Shabdarth/Classified/0433/25-26

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: pratik.awasthi@timesofindia.co Time: 02-07-2026 00:40 Color:





लग रहा ट्रैफिक जाम

7 मीटर चौड़ी रोड पर दोनों तरफ निर्मित हो रहे फुटपाथ, 19 करोड़ किए जाएंगे खर्च

# नाम 'ग्रिड', काम 'जाम'!

## सीएम ग्रिड निर्माण के नाम पर पार्क रोड को कर दिया संकरा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम ग्रिड योजना के पीछे मकसद सड़कों को हाईटेक कर उसे हर तरह की सुविधा से लैस करना था। लेकिन राजधानी में सीएम ग्रिड के तहत बन रही सड़क भविष्य में ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ा सकती है।

हजरतगंज की सबसे व्यस्त पार्क रोड पर सीएम ग्रिड के तहत निर्मित हो रही सड़क को फुटपाथ निर्माण के नाम पर संकरा कर दिया है। सड़क के दोनों तरफ नालियों को तोड़कर उस पर फुटपाथ बनाया जा रहा है। फुटपाथ से पार्क रोड संकरी हो गई है, जिससे इस रूट पर अभी से ही ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। यहां फुटपाथ निर्माण को लेकर नगर निगम के इंजिनियरिंग से जुड़े कई अफसरों ने भी आपत्ति जताई थी, पर सीएम ग्रिड के तहत फुटपाथ अनिवार्य रूप से निर्मित होने का हवाला देकर सड़क संकरी कर दी गई। हालांकि पूरे प्रॉजेक्ट को पूरा करने के लिए 31 मार्च 2026 की डेडलाइन रखी गई है।



### 800 मीटर सड़क पर हो रहा है काम

पार्क रोड पर विधायक आवास से लेकर कसमंडा अपार्टमेंट तक 800 मीटर सड़क सीएम ग्रिड योजना के तहत बनाई रही है। योजना के लिए करीब 19 करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जा रहा है। इतना भारी बजट खर्च करने के पीछे वजह सड़क को बेहतर बनाना और उसे हर तरह से व्यवस्थित करना है। लेकिन योजना के तहत इस रूट पर हाईटेक के बजाए फुटपाथ निर्माण कर सड़क को संकरा कर दिया गया है। पहले यह सड़क करीब 7 मीटर चौड़ी हुआ करती थी। अब सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ निर्माण होने से यह केवल 5 मीटर चौड़ी हो रह गई है। ऐसे में सिविल अस्पताल रूट पर हर वक्त ट्रैफिक जाम रहता है। अस्पताल तिराहे से कसमंडा अपार्टमेंट तक सीएम ग्रिड का काम करीब 70% पूरा हो गया है। सड़क के दोनों तरफ चौड़े-चौड़े फुटपाथ बना दिए गए हैं। लेकिन फुटपाथ पर अवैध रूप से दुकानें लगना शुरू हो गई हैं। बाकी बचे फुटपाथ पर वाहनों की पार्किंग हो रही है।

### अभी से उखड़ने लगी इंटरलॉकिंग

कसमंडा अपार्टमेंट से सिविल अस्पताल तिराहे तक फुटपाथ पर इंटरलॉकिंग कर दी गई है। लेकिन मौजूदा वक्त में इंटरलॉकिंग टूट रही है। कई जगह फुटपाथ को वाहन चालकों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है।

### ये काम होने हैं

योजना के तहत सड़क से संबंधित सभी सुविधाएं, जैसे- यूटिलिटी डक्ट, फुटपाथ, ग्रीन जोन, सौर आधारित स्ट्रीट लाइट, बस स्टॉप, ईवी चार्जिंग स्टेशन, सौंदर्यीकरण, पैदल यात्री सुविधा आदि सुविधा दी जानी है। सभी सड़कों को सुरक्षित, टिकाऊ और समावेशी बनाया जाना है। ये सड़कें हरियाली और पर्यावरण के अनुकूल होंगी।

सीएम ग्रिड में फुटपाथ इस मार्ग के कुछ हिस्सों में ही निर्मित हो रहा है। सिविल अस्पताल के दीवार की ओर फुटपाथ का निर्माण नहीं हो रहा है। कोई समस्या होती है तो निर्माण का डिजाइन बदला जाएगा।
-अतुल मिश्रा, प्रभारी, सीएम ग्रिड योजना

## फटाफट खबरें

### बच्चों ने राज्य संग्रहालय का किया भ्रमण



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: अल्फा जनरेशन (2010 से 2024 के बीच जन्मे) को भारतीय कला, संस्कृति और विरासत से प्रामाणिक स्तर पर जोड़ने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग ने एक पहल की है। राज्य संग्रहालय में निजी विद्यालयों के कक्षा एक तक के लगभग 700 छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए विशेष भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान संग्रहालय निदेशालय की निदेशक डॉ. सृष्टि धवन, सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका सहित संग्रहालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने राज्य संग्रहालय के इस प्रयास की सराहना की है।

### सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन पर दिया प्रशिक्षण

■ NBT न्यूज, लखनऊ: स्तन कैंसर की प्रारंभिक पहचान और रोकथाम को लेकर क्वीन मैरी महिला अस्पताल में सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में लगभग 100 स्वास्थ्यकर्मियों को सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. सीमा मेहरोत्रा ने जानकारी दी कि कार्यक्रम को प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने FOGSI की ब्रेस्ट एवं प्यूएपेरल हेल्थ कमिटी, लखनऊ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिकल सोसायटी (LOGS) और JHPIEGO की टीम के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें स्तन कैंसर के लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. सीमा और डॉ. मीतिका ने किया।

### संतोषी माता को 56 व्यंजनों का लगाया भोग



■ NBT न्यूज, लखनऊ: चौपटिया, रानीकटरा स्थित प्रचीन संतोषी माता मंदिर का तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को हर्षोल्लास और भक्तिभाव से शुरू हुआ। पहले दिन सुबह 5 बजे शंखनाद समारोह के बाद शाम तक भजनों से देवी की महिमा का गुणगान किया गया। इस अवसर पर देवी संतोषी माता को मंगाई गई 56 लहंगा-चुनरी पहनाई गईं। उसी के अनुसार गहने धारण कराए गए। देवी को पूड़ी, पनीर सहित 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। साथ ही संतोषी माता को गुड़-चने का विशेष भोग लगाया गया। मंदिर के समिति के सेक्रेटरी हिमांशु ने बताया कि यहां दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को फल, मिठाई के साथ गुड़-चना का प्रसाद भी दिया गया। तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह के दूसरे शनिवार को रामचरित मानस का अखंड पाठ शुरू होगा।

### ईश्वर धाम मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया

■ NBT न्यूज, लखनऊ: इंदिरा नगर, सेक्टर-8 स्थित ईश्वर धाम मंदिर का 23वां वार्षिकोत्सव शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर राम दरबार का भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर को फूलों और बिजली की झालरों से सजाया गया। सुबह भगवान का अभिषेक और श्रृंगार हुआ। इसके बाद हवन किया गया। श्रीराम के सहस्रनामावली का पाठ हुआ। इसके बाद भंडारा हुआ। शाम को भजन गायक किशोर चतुर्वेदी ने भजन प्रस्तुत किए। समारोह में मंदिर की संस्थापिका शारदा पांडेय, गौरव पांडेय, पंकज गुप्ता, सुधा सिंह समेत बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

### आईसीयू में संक्रमण नियंत्रण को लेकर चर्चा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: आईसीयू में होने वाले गंभीर संक्रमणों की रोकथाम को कम करने के उद्देश्य से डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की ओर से शुक्रवार को वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें इंटेंसिव केयर यूनिट्स में संक्रमण नियंत्रण को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन की अध्यक्ष प्रो. ज्योत्सना अग्रवाल ने साक्ष्य-आधारित संक्रमण नियंत्रण और अस्पतालों में तुरंत सुधार लाने वाले उपायों पर अपने विचार रखे, जबकि प्रो. मनोदीप सेन ने अंतरराष्ट्रीय दिशानिर्देशों को बेडसाइड प्रैक्टिस में लागू करने पर जोर दिया। 'जीरो CLABSI और VAE की ओर: बंडल्स के माध्यम से रोगी देखभाल में बदलाव' विषय पर हुई कार्यशाला इंडियन असोसिएशन ऑफ मेडिकल माइक्रोबायोलॉजिस्ट के यूपी-यूके चैप्टर के 21वें वार्षिक सम्मेलन यूपी-यूके माइक्रोकॉन 2026 से पहले आयोजित की गई।

### प्रसूताओं को दिए मातृत्व किट

■ NBT न्यूज, लखनऊ: वीरांगना अवंतीबाई महिला अस्पताल (डफरिन) में शिववेदी एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी की ओर से प्रसूताओं को मातृत्व किट दी गई। इस पहल का उद्देश्य मां और नवजात के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल और स्वच्छता को बढ़ावा देना रहा। मातृत्व किट में प्रसूताओं एवं शिशुओं के लिए पोषण, स्वच्छता तथा नवजात देखभाल से जुड़ी कई चीजें थीं। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों ने मातृत्व देखभाल के महत्व पर भी जानकारी दी।

फूलों से महका जनभवन, गवर्नर आनंदीबेन पटेल ने किया उद्घाटन

# गुलाबी गोभी, सिंदूर के फल संग दिखे रॉकेट और मोर्टार

**फल, शाक-भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में उमड़ी भीड़**




■ NBT न्यूज, लखनऊ: जन भवन में आयोजित तीन दिवसीय फल, शाक-भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का शुक्रवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उद्घाटन किया। पहले दिन खूब भीड़ उमड़ी। लोगों ने जनभवन स्थित गांधी सभागार, जनकक्ष, कलाकक्ष की भव्यता को परिवारीजनों के साथ कैमरे में कैद किया। भारतीय सेना के जवानों की ओर से लगाए गए विभिन्न आधुनिक हथियारों वाले स्टॉल के साथ ही जापानी तकनीक से तैयार किए पौष्टिक फ्रूटिका टमाटर, गुलाबी गोभी, गुलाब के फूल की प्रजातियों व सिंदूर के फलों ने लोगों को खूब लुभाया। खान-पान के स्टॉलों पर 7 वैराइटी की शहद, मद्रासी मेथी, सत्तू के लड्डू, कच्ची हल्दी के अचार आदि व्यंजनों का लोगों ने स्वाद चखा। डाक विभाग की ओर से प्रदर्शनी में टिकट और लिफाफों का स्टॉल भी लगाया गया।

**हथियारों की बताईं खूबियां, बच्चों ने की रोबोट की सवारी :** प्रदर्शनी में पहली बार भारतीय सेना की ओर से युद्ध के दौरान उपयोग में लाए जाने वाले आधुनिक हथियारों का स्टॉल लगाकर प्रदर्शन किया गया। स्टॉल पर सजे ब्लैक हॉर्नेट ड्रोन, रात के अंधेरे में रॉकेट सहित किसी भी तरह की गतिविधियों को देखने के लिए उपयोग में लाई जाने वाली टीआई-दूरबीन, दुश्मन को टारगेट करने के लिए टीआईआईओ साइट दूरबीन, 20 किलोमीटर तक मार करने वाली 80 एमएम की फायर मोर्टार देखने के लिए लोग उत्सुक नजर आए। हथियारों के उपयोग और तकनीक के बारे में लोगों ने सेना के जवानों से सवाल किए। इसके साथ ही स्टॉल पर मौजूद रोबोट पर सेना के जवानों ने बच्चों को सवारी कराने के साथ ही युद्ध में रेडियो जोन या उपकरणों के साथ उपयोग और महत्व बताया।

प्रदर्शनी में पहुंचे आमजन को कला कक्ष के संग्रहालय में रखीं कृतियों, जनकक्ष व गांधी सभागार की छत पर उकेरी गई विभिन्न तरह की कला कृतियों ने खूब रोमांचित किया। मध्यकालीन अष्ट धातु की बनी नेपाल के कलाकार मनी रत्न की कलाकृति हरि वाहन अवलोकितेश्वर, प्राचीन काल में बने ड्रोन आदि उपकरणों ने लोगों की जिज्ञासा बढ़ाई।

### राज्यपाल ने यूपी मेट्रो के स्टॉल का किया निरीक्षण

प्रदर्शनी के दौरान पहले दिन राज्यपाल ने यूपी मेट्रो के स्टॉल का निरीक्षण किया। स्टॉल पर मरुण, आकृति, यूपीएमआरसी के लोगो के आकार वाले सेल्फी पॉइंट बनाए गए। इसके साथ ही स्टॉल के माध्यम से सौर ऊर्जा का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन का संदेश दिया।





### सात तरह के शहद

हरदोई से पहुंचे ओपी मौर्य ने जामुन, बबूल, तुलसी, कश्मीरी, यूकेलिप्टस आदि सात तरह के शहद दिखाई। वहीं लखनऊ के प्रदीप दीक्षित ने ज्यादा पाचक और पौष्टिक रागी के आटे से तैयार पास्ता और मैक्रोनी की वैराइटी का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही सत्तू के लड्डू और पहाड़ी मीठे अदरक के अचार का प्रदर्शन किया।

### रंग-बिरंगे फूलों ने खूब लुभाया

एलडीए की ओर से प्रदर्शनी में पहली बार लगाए गए स्टॉल पर विभिन्न प्रजातियों के रंग-बिरंगे फूलों ने लोगों को खूब लुभाया। स्टॉल पर हल्के गुलाबी और नीलेपन के साथ सफेद रंग की गुलाब की सबसे नई प्रजाति लेवंडर मऊ ने लोगों की वाहवाही लूटी। इसके साथ ही फलों के स्टॉल पर गुलाबी रंग के रखे ड्रैगन फ्रूट और हल्के कांटेदार गुलाबी रंग के कागज की थाली में सजे सिंदूर के फलों ने लोगों को खूब लुभाया।

### फ्रूटिका टमाटर, गिरजा गोभी

कानपुर स्थित चंद्रशेखर आजाद कृषि विवि और जापान सरकार के सहयोग से तैयार किए गए फ्रूटिका टमाटर और गिरजा गोभी, फ्रेटेसी-एस-1 प्रजाति की ब्रोकली प्रदर्शनी ग्राउंड पर चर्चा में रही। वैज्ञानिकों ने बताया कि ये ज्यादा उत्पादन देने के साथ ही अधिक पौष्टिक हैं। निजी संस्था की ओर से लगाए गए स्टॉल पर वैलनटीन प्रजाति से पीले रंग के गोभी, हल्के गुलाबी रंग का पत्ता गोभी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा।

# खूब आईं हाउस टैक्स और म्यूटेशन में गड़बड़ी की शिकायतें



### समाधान दिवस में भीड़ को संभालने के लिए नगर आयुक्त को खुद मोर्चा संभालना पड़ा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: नगर निगम मुख्यालय में हाउस टैक्स में गड़बड़ी और म्यूटेशन न किए जाने को लेकर बड़ी संख्या में फरियादियों की भीड़ पहुंच गई। भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई कि नगर आयुक्त और मेयर को खुद अपनी कुर्सी से उठकर मोर्चा संभालना पड़ा। पहली बार फरियादियों के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाया गया था, जहां फरियादी नंबर पहले लेने के लिए हंगामा कर रहे थे। इससे अव्यवस्था हो गई, जिसके बाद नगर आयुक्त गौरव कुमार और मेयर सुषमा खर्कवाल रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पहुंच गए। वहां रजिस्ट्रेशन कर रहे कर्मचारियों को फटकार लगाई और मौके पर ईटीएफ को बुलाकर भीड़ को नियंत्रित किया।

लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के सेकंड फ्लोर पर स्थित त्रिलोकनाथ हॉल में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन था। मौके पर आठों जोन से भवन स्वामी अपनी समस्या लेकर मेयर और नगर आयुक्त से न्याय की गुहार लगाने पहुंचे थे। फरियादियों का आरोप है कि जोन स्तर पर उनकी समस्या का समाधान नहीं होता है, जिसके चलते उच्च अफसरों के पास समस्या के निस्तारण के लिए आना पड़ता है। सबसे ज्यादा फरियादियों की भीड़ जोन एक, जोन आठ, जोन छह और जोन चार के काउंटर पर थी। इससे साबित होता है कि जोन स्तर पर हाउस टैक्स और म्यूटेशन से जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

### पहली बार रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हुई

समाधान दिवस में पीड़ितों का रेकॉर्ड रखने के लिए पहली बार उनका रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। मेयर सुषमा खर्कवाल का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत के रेकॉर्ड रखने से उनकी समस्या के निस्तारण का फॉलोअप करने में सहूलियत होगी। इसके साथ ही समस्या के लिए कौन अफसर जिम्मेदार है, उनकी जवाबदेही तय करने में आसानी होगी।

### रिटायर्ड कर अधीक्षक न्याय के लिए पहुंचे

नगर निगम में टैक्स अधीक्षक रहे विनोद कुमार जायसवाल भी समाधान दिवस में पहुंचे। वह लालकुआं वॉर्ड के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि 2001 में पिता की मृत्यु हो गई थी। उसके बाद से उन्होंने हाउस आईडी अपने नाम ट्रांसफर करवाई। तब से मेरे नाम के साथ पिताजी के नाम पर भी हाउस टैक्स आ रहा है। मेयर ने जोनल अधिकारी ओपी सिंह को निर्देश दिए हैं कि तुरंत इस मामले में कार्रवाई की जाए।

### बुआ ने अपने नाम करवा लिया घर

जोन-3 में पुरनिया से आकाश अपनी बुआ के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंचे थे। उनका कहना है कि पिताजी की मृत्यु के बाद बुआ ने घर अपने नाम करवा लिया। अब हमें उस पर हक नहीं मिल पा रहा है।

### 'भाजपा पार्षद नहीं करते हैं सुनवाई'

एक तरफ नगर निगम में समाधान दिवस चल रहा था तो दूसरी तरफ सरोजनी नगर सेकंड वॉर्ड के अवध विहार कॉलोनी से बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौके पर पहुंच गए। सड़क, नाली की समस्या को लेकर लोगों की मेयर से कहासुनी भी हुई। इसके बाद नाराज लोग गैलरी में आ गए और नगर निगम के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। मोहम्मद अल्तमस ने कहा कि स्कूल जाता हूं तो बेकार सड़क होने की वजह से गिर गया। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि हमारी कॉलोनी में जलभराव की समस्या है। पार्षद रामनरेश रावत सुनवाई नहीं कर रहे हैं। हम लोगों ने ही जिताया। आज हमारा ही काम नहीं हो रहा है। पिछली बार सपा के पार्षद नगेंद्र थे, उन्होंने भी काम नहीं कराया।

### आसपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: आजाद समाज पार्टी (आसपा) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल नगर निगम से अपनी गाड़ी से निकल रही थीं। तभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया। कार्यकर्ता गाड़ी के सामने लेट गए और निगम मुख्यालय से निकलने नहीं दिया। आसपा के कार्यकर्ताओं का कहना है कि सीतापुर रोड स्थित डॉ. अंबेडकर की होर्डिंग हटाई गई। मेयर से वार्ता के बाद आसपा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन खत्म कर दिया।

### 'शोध पर आधारित है यूनानी चिकित्सा'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: यूनानी चिकित्सा पद्धति के वैज्ञानिक आधार, आधुनिक शोध के नतीजों को लेकर केंद्रीय यूनानी अनुसंधान संस्थान में विशेषज्ञों ने इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए एक सुर में कहा। यूनानी चिकित्सा मिलन और अनुभव कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि यूनानी चिकित्सा सिर्फ पारंपरिक इलाज पद्धति नहीं है, बल्कि इसके पीछे ठोस वैज्ञानिक सिद्धांत और बरसों का शोध जुड़ा हुआ है। उप निदेशक डॉ. नजमुस सहर ने कहा कि यूनानी चिकित्सा पर लगातार अनुसंधान हो रहा है और आधुनिक विज्ञान के साथ इसे जोड़कर नई संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आरिफा ने यूनानी चिकित्सा के वैज्ञानिक पक्ष पर रोशनी डाली।

## राज्यपाल ने एनसीसी कैडेटों को किया सम्मानित

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : जनभवन में शुक्रवार को आयोजित अलंकरण समारोह में राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के एनसीसी कैडेटों को सम्मानित किया।

समारोह में एनसीसी निदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल गौरव गौतम ने कैडेटों की उपलब्धियों के बारे में बताया और उनके प्रशिक्षण की सराहना की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मेधावी कैडेटों को स्वर्ण और रजत पदक प्रदान किया। एनसीसी ग्रुप गाजियाबाद को इंटर-ग्रुप कॉम्पिटिशन बैनर भेंट किया गया, जिसे एनसीसी ग्रुप गाजियाबाद के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह ने प्राप्त किया। इसके अलावा युवा आपदा मित्र योजना के तहत समुदायिक प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में प्रशिक्षित उत्तर प्रदेश के एनसीसी कैडेटों को भी आरडीसी-2026 के दौरान विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों की ओर से आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।



**स्वर्ण पदक विजेता**

- एसयूओ अजीत कुमार सिंह, 92 यूपी बटालियन एनसीसी, वाराणसी 'ए'
- एसयूओ दिया नेहरा, 8 यूपी बटालियन एनसीसी, अलीगढ़
- एसयूओ महक, 30 यूपी बटालियन एनसीसी, बरेली
- यूओ रूबी, 36 यूपी बटालियन एनसीसी, गाजियाबाद
- एल/कॉर्पोरल सूरज वर्मा, 64 यूपी बटालियन एनसीसी, लखनऊ
- कैडेट शिवम तिवारी, 1 यूपी नेवल यूनिट एनसीसी, प्रयागराज

## अग्निवीर भर्ती रैली में पहुंचे 265 कैंडिडेट



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में शुक्रवार को भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली का आगाज हुआ। पहले दिन सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ के तहत आने वाले 13 जिलों की सभी तहसीलों से अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं और 10वीं पास) श्रेणी के अभ्यर्थियों को बुलाया गया। इस श्रेणी के लिए कुल 370 उम्मीदवारों को कॉल लेटर जारी किए गए थे, जिनमें से 265 अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया।

7 फरवरी को क्लर्क और एसकेटी श्रेणी की भर्ती

मेजर जनरल मनीष कुमार, जेडआरओ (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) ने भर्ती रैली को हरी झंडी दिखाकर औपचारिक रूप से शुभारंभ किया। उन्होंने अभ्यर्थियों को अनुशासन, ईमानदारी और मेहनत के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का संदेश दिया। 7 फरवरी को इन्हीं 13 जिलों की सभी तहसीलों के लिए अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल श्रेणी की भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। इसमें लिखित योग्यता के साथ शारीरिक और तकनीकी मानकों की भी कड़ी जांच की जाएगी।

### 13 जिलों से 13 हजार अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट

आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस लखनऊ के तहत औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ जिलों से करीब 13,000 अभ्यर्थियों को इस भर्ती रैली के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है।

तीज-त्योहार | 3 मार्च को चंद्र ग्रहण लगने के कारण कहीं-कहीं 4 को भी खेला जाएगा रंग

# चौक में 2 मार्च को होलिका दहन, 4 को निकलेगा जुलूस

■ NBT न्यूज, लखनऊ: इस साल 2 मार्च को फाल्गुन की पूर्णिमा को होली जलेगी, लेकिन 3 तारीख को चंद्र ग्रहण पड़ने के कारण कहीं-कहीं चार मार्च को रंग खेला जाएगा। चौक में होलिका दहन 2 मार्च को फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि पर भद्रा बीत जाने के बाद किया जाएगा, जबकि होली का जुलूस 4 मार्च को निकाला जाएगा।

5 को होगा हास्य कवि सम्मेलन चकल्लस

ये जानकारी होलिकोत्सव समिति चौक के संयोजक अनुराग मिश्र उर्फ अन्नू मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि होलिका दहन के दूसरे दिन 3 तारीख को ग्रहण पड़ेगा, इसलिए उस दिन छोड़कर 4 तारीख को जुलूस निकाला जाएगा। 5 तारीख को हास्य कवि सम्मेलन चकल्लस आयोजित किया जाएगा। वहीं चौपटिया में शुभ संस्कार समिति की ओर से होली का जुलूस निकाला जाता है। समिति के महामंत्री रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया कि 2 मार्च को पूर्णिमा पर भद्रा के बाद होली जलाई जाएगी। 3 मार्च को ग्रहण पड़ रहा है, इसलिए होली का जुलूस 4 मार्च को निकाला जाएगा। इसी दिन होली का रंग खेला जाएगा।



AI image


### अमीनाबाद : भद्रा खत्म होने के बाद जलेगी होली

अमीनाबाद में होलिका महोत्सव समिति के अध्यक्ष मुनीश चौधरी बताते हैं कि 2 मार्च को पूर्णिमा पर भद्रा का समय बीत जाने के बाद 4 बजे के आस-पास होली जलाई जाएगी। उसके बाद 3 तारीख को सुबह से रंग खेला जाएगा। ग्रहण के सवाल पर वह कहते हैं कि ग्रहण तो दोपहर बाद लगेगा और वहां शाम को अंधेरा होने पर दिखाई भी देगा, तो सुबह तो रंग खेल ही सकते हैं। उन्होंने कहा कि वैसे भी होली का रंग तो दोपहर 2 बजे तक बंद हो जाएगा। सूतक के विचार पर वह बोले इससे रंग से क्या मतलब है। अमीनाबाद में होलिका मंडप सजाने की प्रतियोगिता होती है। यहां थोड़ी ही दूर पर दो जगह एक नजीराबाद चौराहे पर और दूसरी अमीनाबाद चौराहे पर होली जलती है।

### दोपहर 3:21 बजे से ग्रहण काल

अलीगंज स्थित स्वास्तिक ज्योतिष केंद्र के ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि काशी के पंचांग के अनुसार 2 मार्च को पूर्णिमा तिथि शाम 5:18 बजे से शुरू हो कर अगले दिन 3 मार्च की शाम 4 बजकर 33 मिनट तक रहेगी। उसी दिन भद्रा भी पूर्णिमा के साथ शाम 5:18 बजे से शुरू होकर आधी रात के बाद सुबह 4:56 बजे तक रहेगा।

नए साल का पहला चंद्र ग्रहण 3 मार्च को पड़ेगा। यह एक ग्रस्तोदय चंद्र ग्रहण होगा जो भारत के कुछ हिस्सों में दिखेगा। ग्रहण काल दोपहर 3: 21 बजे से शुरू होकर शाम 6: 46 बजे तक रहेगा। 3 मार्च को सूतक सुबह 9:20 बजे से शाम 6: 46 बजे तक रहेगा। ग्रहण का सूतक 9 घंटे पहले से माना जाता है।



AI image

**वैदिक द्रिक पंचांग के अनुसार:** पूर्णिमा 2 मार्च को शाम 5: 55 से शुरू होगी और अगले दिन 3 मार्च को 5:07 बजे तक रहेगी। भद्रा भी 5: 55 से शुरू होकर अगले दिन 4: 30 बजे समाप्त होगा। यहीं चंद्र ग्रहण तीन को दोपहर 3:21 से शुरू होकर शाम 6:46 तक रहेगा। सूतक सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLP6 User: suneet.awasthi@timesofindia.co Time: 02-07-2026 00:16 Color:




**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक: 176/कार्य-9/(26)/76
दिनांक 05.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम की ओर से एक नग नलकूप निर्माण हेतु 300 मि.मी. एवं 200 मि.मी. व्यास के एम.एस.ई.आर.डब्लू. पाईप 7.1 मि.मी. मोटाई के तथा 300x200 मि.मी. साईज की नलकूप असेम्बली की आपूर्ति एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 07.02.2026 से 12.02.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग) उत्तर प्रदेश जल निगम, फ्लैट नं0 आर0-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00+18% जी.एस.टी. (1000.00 + 180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
**निविदा विक्रय की तिथि** - 07.02.2026 से 12.02.2026 अपराह्न 04:00 बजे।
**निविदा डालने की तिथि** - 13.02.2026 अपराह्न 12:00 बजे।
**निविदा खोलने की तिथि** - 13.02.2026 अपराह्न 02:00 बजे।

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक: 181/कार्य-9/(26)/79
दिनांक 05.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम की ओर से विभिन्न वि0/यां0 कार्यों हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 07.02.2026 से 13.02.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग) उत्तर प्रदेश जल निगम, फ्लैट नं0 आर0-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00 + 18% जी.एस.टी. (1000.00 + 180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
**निविदा विक्रय की तिथि** - 07.02.2026 से 13.02.2026 अपराह्न 04:00 बजे।
**निविदा डालने की तिथि** - 16.02.2026 अपराह्न 12:00 बजे।
**निविदा खोलने की तिथि** - 16.02.2026 अपराह्न 02:00 बजे।

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक: 174/कार्य-9/(26)/75
दिनांक 04.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम की ओर से विभिन्न QWS के अन्तर्गत विभिन्न वि0/यां0 कार्यों हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 07.02.2026 से 12.02.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग) उत्तर प्रदेश जल निगम, फ्लैट नं0 आर0-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00 + 18% जी.एस.टी. (1000.00 + 180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
**निविदा विक्रय की तिथि** - 07.02.2026 से 12.02.2026 अपराह्न 04:00 बजे।
**निविदा डालने की तिथि** - 13.02.2026 अपराह्न 02:00 बजे।
**निविदा खोलने की तिथि** - 13.02.2026 अपराह्न 04:00 बजे।

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक: 179/कार्य-9/(26)/77
दिनांक 05.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम की ओर से एस.टी.पी. के निर्माण कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 07.02.2026 से 12.02.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग) उत्तर प्रदेश जल निगम, फ्लैट नं0 आर0-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00 + 18% जी.एस.टी. (1000.00 + 180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
**निविदा विक्रय की तिथि** - 07.02.2026 से 12.02.2026 अपराह्न 04:00 बजे।
**निविदा डालने की तिथि** - 13.02.2026 अपराह्न 01:00 बजे।
**निविदा खोलने की तिथि** - 13.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे।


# शहर की मधु और सुषमा की जोड़ी ने खिताब कब्जाया

**सिटी स्पोर्ट्स**

**यूपी स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप**

■ NBT न्यूज, लखनऊ

शहर की मधु ज्ञानचंदानी व सुषमा की जोड़ी ने शुक्रवार को महिला युगल (45 वर्ष से अधिक) का खिताब अपने नाम किया। योनेक्स सनराइज यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप में कोर्ट पर बेहतरीन जुगलबंदी दिखाते हुए मधु व सुषमा की जोड़ी ने कानपुर की निधि कनोडिया व गाजियाबाद की सुनीता यादव को 21-4, 21-8 से हराकर चैंपियन बनीं।

साथ ही, मधु ने महिला एकल (45 वर्ष से अधिक) के फाइनल में जगह बनाई। गोमती नगर स्थित बीबीडी बैडमिंटन अकैडमी पर खेली जा रही अनिल कुमार ध्वानी की स्मृति में आयोजित योनेक्स सनराइज यूपी स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला एकल के सेमीफाइनल में मधु ने लखनऊ की ही सविता सिंह 21-17, 16-21, 21-12 से पराजित किया। जबकि दूसरे सेमीफाइनल में गाजियाबाद की अनुराधा शर्मा ने दूसरी वरीय यूपी पुलिस की अर्चना को 21-12, 21-9 से हराते हुए फाइनल में जगह बनाई। मधु के सामने शनिवार को गाजियाबाद की अनुराधा शर्मा की चुनौती होगी।



**सुषमा दोहरी जीत से फाइनल में**

चैंपियनशिप के दूसरे दिन महिला एकल (50 वर्ष से अधिक) में लखनऊ की सुषमा और मिश्रित युगल (45 वर्ष से अधिक) आयु वर्ग में दूसरे वरीय के लखनऊ के शैलेंद्र पावाह व मधु ज्ञानचंदानी भी खिताब होड़ में पहुंचे। सुषमा ने सेमीफाइनल में दूसरी वरीय कानपुर की निधि कनोडिया को 21-4, 21-7 से हराया। मिश्रित युगल में शैलेंद्र व मधु ने बहराइच के अनुतोष कमल व लखनऊ की सविता सिंह की जोड़ी को 21-8, 21-8 से हराया। वहीं, लखनऊ की कल्पना सिंह व नोएडा के रविंद्र सिंह की जोड़ी ने शीर्ष वरीय मेरठ के सुरेंद्र कुमार व गाजियाबाद की अनुराधा शर्मा को 21-13, 21-11 से हराया।

**अरुण पुरुष युगल के फाइनल में**

पुरुष वर्ग में शहर के अरुण कक्कड़ भी फाइनल में पहुंचे। अरुण ने पुरुष युगल (65 वर्ष से अधिक) के फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। अरुण ने गोरखपुर के संजय श्रीवास्तव के साथ जोड़ी बनाते हुए मेरठ के रण पाल सिंह व वीरेंद्र सिंह को 21-9, 21-11 से हराकर खिताबी होड़ में जगह बनाई। वहीं, अरुण ने पुरुष एकल (70 वर्ष से अधिक) के क्वार्टर फाइनल में कानपुर के राजीव को 21-10, 21-11 से पराजित किया और सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

# सुकुंथन की ट्रिपल हैटट्रिक से SDAT की धमाकेदार जीत



**सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट**

■ NBT न्यूज, लखनऊ

पी. सुकुंथन के आक्रामक खेल शैली ने शुक्रवार को गोमती नगर स्थित मो. शाहिद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में दर्शकों को रोमांचक खेल देखने को मिला। कप्तान के शानदार खेल की बदौलत तमिलनाडु स्पोर्ट्स डिवेलपमेंट अथॉरिटी (एसडीएटी) ने असम हॉकी पर गोल की झड़ी लगा दी। मुकाबले में कप्तान पी. सुकुंथन ने ट्रिपल हैटट्रिक जमाई और तमिलनाडु ने 16-0 से मुकाबला जीता।

मुकाबले में तमिलनाडु ने पहले से तीसरे क्वार्टर के बीच आठ गोल दागे। जबकि अंतिम क्वार्टर में कुल आठ गोल हुए। सुकुंथन ने 12, आर. कौशिक ने दो, आरएस बालाजी एवं के. कवि दर्शन ने एक-एक गोल किया। 36वें ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट में कुल चार मुकाबले खेले गए। जिसमें एमएमएस अकैडमी शाहाबाद, पंजाब इंस्टिट्यूट ऑफ मोहाली और राउंड ग्लास हॉकी अकैडमी ने भी एकतरफा मुकाबला जीता। दिन के दूसरे मैच में, एमएमएस अकैडमी ने सेपो मणिपुर के खिलाफ 5-0 से मुकाबला जीता। कप्तान ऋषि और अकलभनोत सिंह ने दो-दो गोल करने में सफलता हासिल की। राजस्थान के खिलाफ जगवीर सिंह ने तीन, जसराज सिंह, गुरनूर सिंह, गुरकीरत सिंह व गुरनूरिंद सिंह ने एक-एक गोल कर पंजाब को 7-0 से जीत दिलाई। आखिरी मुकाबले में, राउंड ग्लास हॉकी अकैडमी ने लालू दिवाकर के दो गोल की मदद से भिलकर बदर हॉकी अकैडमी को 2-0 से हराया और अगले दौर में जगह बनाई।

## BBA टूरिज्म की टॉपर बनीं परलीन कौर



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान (AKITM) की छात्रा परलीन कौर ने बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (BBA) टूरिज्म में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने पांचवें सेमेस्टर में 80.20% अंकों के साथ यह सफलता हासिल की है। यह संस्थान लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध है। विश्वविद्यालय स्तर पर भी उन्होंने टॉप किया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और महानिदेशक पर्यटन डॉ. वेदपति मिश्रा ने परलीन को बधाई दी है।

## विजय और अभ्युदय का शानदार प्रदर्शन, MFPCA बना चैंपियन

**बीबीडी सी डिवीजन लीग**



■ NBT न्यूज, लखनऊ : विजय यादव की सधी हुई गेंदबाजी और फिर अभ्युदय की नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर मल्टी फैसिलिटी प्रोफेशनल क्रिकेट अरीना (एमएफपीसीए) बीबीडी सी डिवीजन लीग चैंपियन बना। उसने फाइनल में सिंह्रा क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराया। इसके साथ ही, एमएफपीसीए ने सी डिवीजन से निकलकर बीबीडी बी डिवीजन में छलांग लगाई।

लीग का फाइनल मुकाबला जीसीआरजी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। सिंह्रा ने पहले टॉस जीता और बैटिंग करने का फैसला किया। सिंह्रा के शुरुआती तीन बल्लेबाज सस्ते में आउट हो गए। कप्तान व विकेटकीपर अर्पित गोस्वामी 43, वैभव तिवारी 45 और गौतम वर्मा ने 34 रन जोड़कर टीम को 49.2 ओवर में 158 रन पर पहुंचाया। टीम के अन्य आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू पाए।

विजय यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए 12.2 ओवर में 36 रन देकर पांच विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच बने। पौरुष मिश्रा को तीन और राघवेंद्र कनौजिया को दो सफलता मिली। जवाब में एमएफपीसीए ने 34 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम ने चार विकेट खोकर 160 रन बनाए। ओपनर अभ्युदय प्रताप सिंह ने नाबाद 91 रनों की पारी खेली और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

## वार्षिकोत्सव में नन्हे-मुन्नों ने बांधा समां

■ NBT न्यूज, लखनऊ : इंदिरा नगर सेक्टर-25 स्थित प्रिटी पेटल्स स्कूल का 21वां वार्षिकोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया।

को-ऑपरेटिव एंड को-ऑपरेट प्रबंध रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में आयोजित कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग नृत्य व गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि एसीपी गाजीपुर सर्कल अनिंद्य विक्रम सिंह और विद्यालय अध्यक्ष अमित आर्या ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साह बढ़ाया। अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की।


**TIMES interact** Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code


**BUSINESS CONNECT** TIMES interact

**FROZEN SEAFOOD FACTORY & 1,000 MT COLD STORE FOR SALE | KERALA**

Excellent opportunity to acquire a **running, profit-generating** seafood export facility & independent cold storage, with potential to establish a leading position in **seafood processing and export** from India.
* **Fully operational,** with **Complete infrastructure** in place, near Aroor, **Alappuzha.**
* **Access to Marine & Farmed Seafood**, enabling year-round **utilisation.**
* **Built** to international standards (EU / USA / China approved, FSSAI, HACCP certified)
* **50+ TPD** processing capacity
* **2.6 Acres** with NH-66 frontage
* **1,000 MT** Palletized Cold Store with **50 Cents land** near **Cochin**

IDEAL FOR EXPORTERS, STRATEGIC INVESTORS AND FOOD PROCESSING GROUPS
Offered at an **Attractive Valuation**, enabling **Faster ROI & Strong Land Asset Security.**
frozenseafoods26@gmail.com • Call : +91 96456 34567

**GET NOTICED** TIMES interact




**BOOK YOUR VEHICLE ADS** TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com SCAN QR CODE

**व्यक्तिगत**

**नाम परिवर्तन**

**सूचना**

मैं, मो0 फैज़ान पुत्र मो0 नसीम, निवासी प्यारेपुर, सलीमपुर फतुहा पोस्ट मुगरसन जिला प्रयागराज यूपी-221505। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम फैज़ान और पिता का नाम मोहम्मद नसीम गलत लिखा है, लेकिन मेरा सही नाम मो0 फैज़ान, जन्मतिथि 09.08.2007 और मेरे पिता का नाम मो0 नसीम है, जो सभी कामों के लिए सही है।

**खोया एवं पाया**

**WE** Kavita Singh & Ankur Singh have lost the Allotment Letter & Possession Letter of our property no. C-14, Sec M, Aliganj Scheme Lucknow in favour of Late Mr. Dinesh Pratap Singh issued by LDA Lucknow.

**मेरी** नीरज कुमार सोमानी पुत्र जे पी सोमानी निवासी के-709 सेक्टर-के, आशियाना कोलोनी, कानपुर रोड लखनऊ की रजिस्ट्री खो गयी है जिसकी रजिस्ट्री न. 1300 है।

**ARCADE**

**education**

ADMISSION OPEN
Heeralal Yadav Law College
Associated with LU and Approved by Bar Council of India
LL.B.
3&5 YEAR COURSE
6393520059/9793000300

**टेंडर और नोटिस**

**सार्वजनिक सूचना (नोटिस)**

**आधार** हाउसिंग फाइनेन्स लि0 सीतापुर की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता है कि सत्यम श्रीवास्तव पुत्र अतुल श्रीवास्तव, अपने "भूखण्ड संख्या- 46 व भूखण्ड संख्या - 47 का भाग, खसरा संख्या 152, रकबा 1300 वर्गफिट, स्थित ग्राम रायपुर गंज, तहसील- लहरपुर व जिला सीतापुर के मालिक व काबिज है तथा सत्यम श्रीवास्तव अपनी उक्त सम्पत्ति को उर्मिला पत्नी त्रिलोकी को विक्रय कर रहे है तथा उर्मिला पत्नी त्रिलोकी (आवेदिकाएं) आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि0, स्थित 15/1/352, भावना बिल्डिंग, आई हास्पिटल रोड, संजय नगर, सीतापुर, 261001 में उक्त सम्पत्ति को बन्धक कर गृह ऋण ले रहे है। यदि उक्त खसरे के सह-खातेदार अन्य सहखातेदार को उक्त सम्पत्ति के विक्रय अथवा बन्धक के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो निम्न पते पर सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर आपत्ति करने का कष्ट करें, उपरोक्त समयावधि के बाद किसी प्रकार का कोई दावा विचार योग्य नहीं माना जायेगा। आपत्ति हेतु संपर्क करें द्वारा अधिवक्ता दिव्य कुमार श्रीवास्तव, एडवोकेट, आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि0, कार्यालय- द्वितीय तल, बंसल काम्प्लेक्स, नीलगिरी चौराहा, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016 मोबा0- 7355544102, 9559667976

**PROPERTY FOCUS** TIMES interact

THINK RENTAL INCOME.
THINK GOA.
FARM LAND STARTS @20,000 SQ. YDS.
93-1122-8485

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact

ROL sample ad 5 lines

टीकाकरण करवायें VACCINATION 18+ लोगों के लिए XYZ Hospital Lucknow

CD Sample ad 5 cm x 3 cm

| Scheme | Cost ROL | Cost CD |
|---|---|---|
| 1 | ₹1,400 | ₹6,150 |
| 4+1 | ₹5,600 | ₹24,600 |
| 7+2 | ₹9,800 | ₹43,050 |
| 10+3 | ₹14,000 | ₹61,500 |
| 19+6 | ₹26,600 | ₹1,16,850 |
| 25+8 | ₹35,000 | ₹1,53,750 |

Above packages are excluded of GST
ROL COST is for 5 lines, extra line 20%
CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm

CATEGORY SERVICE
Publication: TOIL+KNP+ TOILC+ALLVAR+ ETL+NBTL


Contact - LUCKNOW: Kuldeep Tiwari 9044122662 Anurag Nautiyal 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit 7860802468
ALLAHABAD: Amit Kumar Srivastava 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora 9559883838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274


# LU में पांच प्रफेसरों से छिना डीन का पद

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ विवि में अब पूर्व में गठित हुए डीन के पांच पद विवि प्रशासन ने खत्म कर दिए हैं। विवि की कार्यपरिषद में भी इसे मंजूरी दे दी गई है। इसमें एडमिशन, अकैडमिक्स, रिक्रूटमेंट, रिसर्च और कॉलेज डिवेलपमेंट काउंसिल के डीन के पद शामिल हैं। पूर्व वीसी प्रो. आलोक राय की ओर से ये पद सृजित किए गए थे, लेकिन विवि के स्टैट्यूट्स और परिनियमावली में इन पदों का सृजन नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए अब विवि की ओर से इन सभी पदों को खत्म कर दिया गया है। हालांकि, इसमें जो डीन काम कर रहे हैं, वे अगले आदेश तक काम करते रहेंगे।

एलयू में पहले एडमिशन, कॉलेज डिवेलपमेंट काउंसिल व रिसर्च समेत अलग अलग काम के लिए को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किए जाते थे। हर साल अलग-अलग प्रफेसरों को इनकी जिम्मेदारी दी जाती थी। प्रो. राय ने को-ऑर्डिनेटर की जगह इन सभी को डीन पदनाम दे दिया। प्रो. पंकज माथुर को एडमिशन, प्रो. मनुका खन्ना को डीन रिक्रूटमेंट, प्रो. गीतांजलि मिश्रा को डीन अकैडमिक्स, प्रो. अवधेश को डीन सीडीसी और प्रो. एमएम वर्मा को डीन रिसर्च नियुक्त किया। प्रो. राय के पूरे कार्यकाल के दौरान इन्हीं के पास इन पदों का जिम्मा रहा। नए वीसी ने ये पदनाम खत्म कर दिए हैं, जिसे कार्यपरिषद में भी मंजूर कर लिया गया है। साथ ही, इन सेल के गठन और इनका कार्यभार किसे दिया जाए, इसके लिए वीसी को अधिकृत किया गया है।

**बदलाव** : एलयू वीसी के फैसले पर कार्य परिषद ने लगाई मुहर, पूर्व वीसी प्रो. राय के कार्यकाल में बनाए गए थे डीन



**5 संकायों का भी हुआ था गठन**

एलयू में पहले आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स, एजुकेशन, लॉ, फाइन आर्ट के अलावा आयुर्वेद व यूनानी संकाय के डीन होते थे। इनकी नियुक्ति सीनियॉरिटी के हिसाब से होती थी। प्रो. राय की ओर से पांच नए संकायों का गठन किया गया था। इसमें एग्रीकल्चर, मैनेजमेंट, अभिनवगुप्त संस्थान, योग व इंजिनियरिंग संकाय शामिल हैं। इन सभी में मैनेजमेंट छोड़कर बाकी में मिनी-यूनी फैकल्टी है। ऐसे में सभी संकायों में दूसरे विभागों के शिक्षकों वीसी ने डीन बनाया था। इसी के चलते अब विवि में डीन की संख्या 13 हो गई है।

## ग्राहकों ने बंद किया बैंक का शटर



■ NBT न्यूज, काकोरी : काकोरी में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र पर हुई ठगी के बाद रकम वापसी न मिलने से नाराज ग्राहकों ने शुक्रवार सुबह बैंक का शटर बंद कर करीब 40 मिनट प्रदर्शन किया। आरोपी संचालक नरेंद्र कुमार पर 131 ग्राहकों से लाखों रुपये हड़पने का आरोप है।

**40 मिनट तक चला हंगामा, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खुलवाया शटर**

बैंक प्रशासन ने पहले 2 फरवरी तक पैसा लौटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन राशि न मिलने पर पीड़ितों ने दोबारा विरोध किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। बाद में बैंक प्रशासन ने 17 फरवरी तक रकम लौटाने का भरोसा दिया, तब जाकर शटर खुला। मुबारकपुर, गुरदीनखेड़ा, चिलौली व बिन्हू समेत कई गांवों के पीड़ित शामिल रहे। इस दौरान बैंक प्रबंधक मौजूद नहीं थी।

## अतिक्रमण हटाने गई टीम बैरंग लौटी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बीबीडी थाना क्षेत्र के ग्राम बैसोरा में अवैध कब्जे को हटाने पहुंची नगर निगम की टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा और टीम अतिक्रमण हटाए बिना लौट आई।

**विधायक पर अभद्रता का आरोप**

लेखपाल सुभाष कौशल और महिला पार्षद ममता रावत का आरोप है कि एक विधायक ने चक रोड पर अवैध कब्जा कर रखा है। अभियान के दौरान विधायक ने फोन पर टीमों के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इसका विडियो (NBT विडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता) भी सोशल मीडिया पर वायरल है। लेखपाल और पार्षद ने नगर आयुक्त से इसकी शिकायत की है। वहीं, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि वह शुक्रवार को प्रयागराज में थे। गंगोत्री विहार फेज-2 में टीम गई तो थी, लेकिन वहां क्या हुआ इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। वहीं, सपा पार्षद ममता रावत के पति गौतम रावत ने कहा कि वह इस मामले की शिकायत सीएम योगी से करेंगे। साथ ही, सपा मुखिया अखिलेश यादव को भी विधायक के इस आचरण से अवगत कराएंगे।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLP7 User: cci Time: 02-07-2026 00:23 Color:



# गोमतीनगर में निर्माणाधीन होटल के बेसमेंट में लगी आग



शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दमकल की 20 गाड़ियां देर रात तक बुझाने में जुटी रहीं

■ NBT न्यूज, लखनऊ : विभूतिखंड थाने के बगल में बन रहे ताज होटल के बेसमेंट में शुक्रवार को आग लग गई। बेसमेंट बन में शॉर्ट सर्किट से लगी आग थर्माकोल से विकराल हो गई। सीएसएम (स्टोन कटिंग मशीन) में ब्लास्ट से पल भर में पूरे बेसमेंट में धुआं भर गया। हादसे के वक्त बेसमेंट में ताज के कर्मचारियों समेत मौजूद 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। मजदूरों की सूझबूझ से उन्हें दूसरे रास्ते से बाहर निकाला जा सका। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम 20 गाड़ियों की मदद से देर रात आग बुझाने में जुटी रही। खबर लिखे जाने तक किसी तरह के कोई हताहत नहीं हुआ था।

सीएफओ अंकुश मित्तल ने बताया कि विभूतिखंड थाने के बगल में 12 मंजिला ताज होटल का निर्माण चल रहा है। होटल में चार मंजिला पार्किंग बी1, बी2, बी3 और बी4 बनाई गई है। जल्द ही होटल की ओपनिंग है ऐसे में फिनिशिंग का काम तेजी से चल रहा है। होटल में लग रहे पत्थरों को काटने के लिए बी1 में सीएसएम मशीन लगी थी। दोपहर साढ़े तीन बजे शॉर्ट सर्किट से मशीन के पास आग लग गई। वहां पड़े थर्माकोल से कुछ ही देर में आग विकराल हो गई। चपेट में आने से मशीन में ब्लास्ट हो गया, वहां रखा पेंट, केमिकल और अन्य सामान तेजी से जलने लगा। जिससे कुछ ही देर में आग बेसमेंट में भर गई। होटल के कर्मचारी सुनील ने बताया कि हादसे के वक्त बी2 में ताज के 30 कर्मचारी मीटिंग कर रहे थे। आग लगते ही बेसमेंट में धुआं भरने लगा। सुनील, विवेक, अनुमन, अनिल, जगदीश और उमेश शोर मचाते हुए बी 2 में पहुंचे और मीटिंग कर रहे लोगों को दूसरे रास्ते से बाहर निकाला।

# 'घूसखोर पंडत' टाइटल को लेकर सोशल मीडिया पर भड़के यूजर्स

## एक्टर मनोज वाजपेयी से भी यूजर्स ने किए सवाल, बायकॉट की चेतावनी




■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मनोज बाजपेयी की वेब सीरीज 'घूसखोर पंडित' रिलीज से पहले ही विवादों में घिर गई है। टीजर के साथ सामने आए टाइटल को लेकर सोशल मीडिया पर लोग भड़क उठे हैं। कई यूजर्स ने इसे जातिवादी बताते हुए सवाल किया है। विरोध के बीच नेटफ्लिक्स को बायकॉट करने की चेतावनी भी दे डाली है।

सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में यूजर्स ने इस नाम को आपत्तिजनक और जातिवादी बताते हुए कड़ा विरोध जता रहे हैं। लोगों का कहना है कि फिल्म के नाम के जरिए एक खास समुदाय को निशाना बनाया गया है। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सवाल उठाया और नेटफ्लिक्स को बायकॉट के लिए तैयार रहने के चेतावनी तक दे डाली है। 3 फरवरी को नेटफ्लिक्स के एक इवेंट के दौरान फिल्म 'घूसखोर पंडत' का एक टीजर सामने आया था।

टीजर आते ही सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलने लगी है। सोशल मीडिया यूजर्स का आरोप है कि 'घूसखोर पंडत' नाम एक खास समुदाय को निशाना बनाता है और यह जातिवादी सोच को बढ़ावा देता है। कई लोगों ने नेटफ्लिक्स और फिल्म के मेकर्स पर आरोप लगाया कि जानबूझकर एक 'सॉफ्ट टारगेट' चुना गया है। एक्स से लेकर इंस्टाग्राम तक लोग इस टाइटल की कड़ी निंदा कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने एक्टर मनोज वाजपेयी से सवाल करते हुए उनकी राय मांगी है।

### ब्राह्मण समाज का अपमान, लगे प्रतिबंध : मायावती



बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने 'घूसखोर पंडत' नाम की वेबसीरीज को ब्राह्मण समाज का अपमान बताया है। 'एक्स' पर पोस्ट में उन्होंने कहा 'यह बड़े दुख और चिंता की बात है कि पिछले कुछ समय से अकेले यूपी ही नहीं बल्कि अब तो फिल्मों में भी 'पंडत' को घूसखोर आदि बताकर पूरे देश में जो इनका अपमान व अनादर किया जा रहा है। हमारी पार्टी ऐसी वेबसीरीज की कड़े शब्दों में निन्दा करती है। इस वेब सीरीज पर केंद्र सरकार को तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए।

### फिल्म का टाइटल हटाने पर केंद्र का धन्यवाद : ब्रजेश



डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने 'घूसखोर पंडत' के शीर्षक को हटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, भविष्य में किसी भी वर्ग विशेष पर इस तरह की अनुचित टिप्पणी को न करने के निर्देश भी दिए गए हैं। ब्रजेश पाठक ने बताया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्म के टीजर के लॉन्च होने के साथ ही ब्राह्मण समाज बहुत आहत है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र ने भविष्य में किसी भी वर्ग विशेष पर इस तरह की अनुचित टिप्पणी को फिल्मों, वेब सीरीज और अन्य माध्यमों में अमल में न लाए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए केंद्र का आभार जताया है।

# थार से लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले 7 बदमाश अरेस्ट

## पुलिस ने शहर में हुईं तीन वारदात का किया खुलासा



पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल थार (बाएं) को बरामद कर आरोपितों को जेल भेज दिया।

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कानपुर रोड पर हाइडिल इलाके से लिफ्ट देने के बहाने थार से ट्रक चालक को अगवा कर लूटपाट के बाद सैरपुर इलाके में खेत में फेंके जाने के मामले में पुलिस ने वारदात में शामिल रहे 7 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों ने दो अन्य वारदातें सरोजनीनगर और बीकेटी में इसी तरह से की थीं। आरोपितों के पास से 40130 रुपये, दो फोन, दो तमंचे, दो कारतूस और लूट में प्रयोग की गई थार बरामद की है।

कानपुर के घाटमपुर निवासी हृदय नारायण ट्रक चालक है। 31 जनवरी को वह अमौसी स्थित एलपीजी गैस प्लांट पर ट्रक खड़ा कर कानपुर जाने के लिए निकला था। कानपुर रोड पर हाइडिल के पास पहुंचकर सवारी वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी बीच काली थार सवार लोगों ने उसे 100 रुपये में कानपुर छोड़ने का झांसा दिया था। इसके बाद उसे अगवा कर लिया था। हाथ पैर बांध दिए थे। उसके 60 हजार रुपये लूट लिए थे। विरोध करने पर मारपीट की थी। सैरपुर इलाके में आलू के खेत में पीड़ित को फेंक कर फरार हो गए थे।

### सीसीटीवी में थार की नंबर प्लेट बदलते दिखे थे

इस मामले में पुलिस कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर रही थी। पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज में बदमाश किसान पथ होते हुए बदमाश शहीद पथ पर पहुंचे थे। पुलिस को शहीद पथ पर बदमाशों की एक फुटेज मिली थी। उसमें बदमाश थार की नंबर प्लेट बदलते दिखाई दिए थे। वहीं से पुलिस को सुराग मिला। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि वारदात करने वाले बदमाश इंदौरबाद अंडरपास से रैथा लोधमऊ किसान पथ होकर जाने वाले हैं। पुलिस ने लोधमऊ अंडरपास की सर्विसलेन पर घेराबंदी करके बिना नंबर प्लेट की थार को सर्च करने के लिए रोक लिया। थार में चालक समेत चार लोग सवार थे। पूछताछ में पकड़े गए थार सवार बदमाशों ने अपने नाम सुशांत गोल्फ सिटी निवासी ऋषभ गोस्वामी, अक्षय कुमार, आलोक और शुभम पांडेय बताया।

### पांच हजार रुपये प्रतिदिन किराए पर लेते थे थार

पकड़े गए बदमाशों ने पुलिस को बताया कि आशियाना के रुचिखंड निवासी ऋषभ पांडेय की ट्रेवल एजेंसी है। एजेंसी का ऑफिस रतनखंड में जस्ट बुक योर कार नाम से है। पकड़े गए बदमाश ऋषभ की एजेंसी से 5 हजार रोज पर थार किराए पर लेते थे। इसके बाद थार में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर या फिर नंबर प्लेट हटाकर लोगों को कम रुपये में छोड़ने का झांसा देकर लिफ्ट देते थे। इसके बाद बंधक बनाकर लूटपाट करके मारपीट कर फेंक देते थे। लूटपाट की रकम में ऋषभ पांडेय हिस्सा लेता था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक कानपुर निवासी फिदा हुसैन 3 फरवरी की सुबह सरोजनीनगर से अपने घर कानपुर लौटने के लिए स्कूटर इंडिया चौराहे के पास सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान काले रंग की थार ने उन्हें कानपुर छोड़ने का झांसा दिया था। रास्ते में उसे डरा-धमकाकर 5400 रुपये, घड़ी, फोन लूट लिया था। गूगल पे खाते से एक लाख रुपये भी निकलवा लिए थे। इसके बाद उसे कानपुर के रनिया क्षेत्र में सुनसान रास्ते पर उतारकर फरार हो गए थे। सरोजनीनगर पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों की निशानदेही पर गिरोह के अन्य सदस्यों पीजीआई निवासी ज्ञानी और रामफल को भी गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपितों के खिलाफ दर्ज हैं कई केस

स्वाट प्रभारी शिवानंद के मुताबिक सैरपुर,सरोजनीनगर और बीकेटी में लिफ्ट देकर की गई लूटपाट की घटनाओं का खुलासा किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित ऋषभ गोस्वामी के खिलाफ पारा, गोसाईंगंज और हुसैनगंज में 7 आपराधिक मामले दर्ज हैं। अक्षय के खिलाफ गोसाईंगंज और पीजीआई में 5, और ऋषभ पांडेय के खिलाफ विभूतिखंड में 1 आपराधिक मामला दर्ज है। इस गुडवर्क में एसआई दीपक राजावत,एसआई नितिन तालियान,एसआई शेषमणी, थाना प्रभारी मनोज कुमार कोरी, हेड कॉन्स्टेबल अवधेश गिरी और हेड कॉन्स्टेबल नदीम की अहम भूमिका रही।

# समिट बिल्डिंग में खुले क्लब के स्टाफ की मदद से बेचे जा रहे थे मादक पदार्थ



एसटीएफ ने गिरोह के पांच सदस्यों को चारबाग स्टेशन के पास से किया गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : समिट बिल्डिंग में खुले क्लबों के स्टाफ की मदद से कोकीन,गांजा,अफीम और ऑर्गेनिक गांजा वहां जाने वाले लोगों को बेचा रहा था। यही नहीं डीएलएफ माईपैड व शहर के नाइट क्लब,पब और बारों में सप्लाई की जा रही थी। यह खुलासा एसटीएफ ने एक गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार कर किया है। तस्करों के पास से एसटीएफ ने 17 ग्राम कोकीन,2 किलो गांजा,1.5 अफीम और 200 ग्राम ऑर्गेनिक गांजा बरामद किया है। इसके अलावा तस्करों के पास से 8 हजार रुपये और 5 मोबाइल भी बरामद किए गए हैं।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक सिंह के मुताबिक गुरुवार को सूचना मिली थी कि दिल्ली से चारबाग मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला गिरोह आने वाला है। एसटीएफ ने चारबाग रेलवे स्टेशन के पास एक गली से तस्करों को पकड़ लिया। आरोपितों की पहचान चीका, राजकुमार, सैय्यद दावर अलवी, प्रभजीत सिंह और यश श्रीवास्तव के रूप में हुई है। आरोपित ने बताया कि वे समिट बिल्डिंग में खुले क्लबों के स्टाफ की मदद से मादक पदार्थ बेचते थे। बाउंसरों, वेटर व अन्य स्टॉफ की चेकिंग नहीं होती है इसलिए आसानी से माल बिक जाता था। इसके लिए उन्हें कमिशन भी दिया जाता था। गिरोह के सदस्य स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स को टारगेट करके कोकीन और अन्य नशीले पदार्थों की सप्लाई करते थे। एसटीएफ के मुताबिक आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि सौदे का स्थान तय होता था। गिरोह का एक तय ड्रेसकोड भी होता था। इनके पास ग्राहकों की पूरी लिस्ट थी। ऑन डिमांड सप्लाई की जाती थी।


## इन्वेस्ट यूपी

ए-ब्लाक, द्वितीय, चतुर्थ एवं छठवां तल, पिकप भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (उ.प्र.)

विज्ञापन सं: 546/Admin/IUP/2025-26 दिनांक: 05 फरवरी, 2026

निम्नलिखित पदों हेतु योग्य एवं अनुभवी उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित हैं। सभी आवेदन इन्वेस्ट यूपी की वेबसाइट www.invest.up.gov.in/career/ पर स्वीकार किए जाएंगे।

| क्र.सं. | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | जी.सी.सी. हेड | 01 |
| 2 | पी.एस.यू. हेड | 01 |

➤ कृपया शैक्षणिक / तकनीकी अर्हता, उम्र, योग्यता, अनुभव, आवेदन प्रारूप इत्यादि की जानकारी हेतु इन्वेस्ट यूपी की वेबसाइट https://invest.up.gov.in/career/ पर जाएं।

➤ उपरोक्त पदों के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकृत किए जाएंगे।

➤ दिनांक 22.02.2026 को सायं 5:00 बजे तक किए गए ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

उपरिलिखित पदों के लिए आवेदन करने हेतु स्कैन करें

मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इन्वेस्ट यूपी


## फटाफट खबरें

### पुलिस लाइंस ड्राइवर बैरक में चोरी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : महानगर स्थित पुलिस लाइंस के ड्राइवर बैरक में चोर घुसकर मोबाइल फोन, तीन हजार रुपये नकद, एटीएम कार्ड, घड़ी समेत अन्य सामान ले गया। महाराजगंज के फरेंदा निवासी ड्राइवर शेष मणि प्रसाद ने बताया कि सुबह जागने पर दरवाजा खुला मिला और सामान बिखरा पड़ा था। ऑनलाइन शिकायत के आधार पर गुरुवार को केस दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्र के अनुसार मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### बस ने कार को मारी टक्कर, मुकदमा

■ NBT न्यूज, आलमबाग : आशियाना थाना क्षेत्र के बंगला बाजार चौराहे पर रेड सिग्नल पर खड़ी कार को परिवहन विभाग की बस ने साइड से टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित देशराज कटियार के अनुसार विरोध करने पर बस चालक ने गाली-गलौज की और मौके से फरार हो गया। चालक ने अपना नाम मकबूल हुसैन और परिचालक का नाम सचिन शर्मा बताया। पीड़ित की नामजद शिकायत पर आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### तस्कर गिरफ्तार, 430 ग्राम हेरोइन बरामद

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : एएनटीएफ ने गोमतीनगर विस्तार पुलिस की मदद से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर के पास से 430 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। एएनटीएफ की वाराणसी यूनिट को सूचना मिली थी कि गोमतीनगर विस्तार इलाके में एक तस्कर हेरोइन की सप्लाई करने के लिए पहुंचने वाला है। सीतापुरी इलाके से टीम ने एक तस्कर को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम बाराबंकी निवासी मो. खालिद बताया। आरोपित ने बताया कि वह बाराबंकी से एक व्यक्ति से हेरोइन खरीद कर लाता था।

### सील तोड़कर अवैध निर्माण का आरोप

■ NBT न्यूज, बिजनौर : सीलबंद रो-हाउस भवनों में दोबारा निर्माण कराने के आरोप में राधेश्याम ओझा, चन्द्रशेखर, दिनेश व अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एलडीए के प्रवर्तन अधिकारी आलोकपति तिवारी की तहरीर पर यह कार्रवाई हुई। आरोप है कि बिना मानचित्र स्वीकृति बने 26 रो-हाउस को सितंबर 2025 में सील किया गया था, लेकिन बाद में डिवेलपर्स ने सील तोड़कर फिनिशिंग का काम शुरू करवा दिया। इसे उ.प्र. नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम का उल्लंघन बताया गया है। एलडीए की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पर FIR

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर : भाजपा विधायक पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। भाजपा नेता शिवशंकर सिंह उर्फ शंकरी की तहरीर पर दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि 1 फरवरी को नटकुर तिराहे पर आयोजित सभा में अजय राय ने स्थानीय विधायक राजेश्वर सिंह के खिलाफ भड़काऊ व मानहानि करने वाले बयान दिए।

### सड़क किनारे मिला युवक का शव

■ NBT न्यूज, गोसाईंगंज : सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के अहिरन ढकवा गांव के पास सड़क किनारे गुरुवार रात करीब 35 वर्षीय अज्ञात युवक बेहोशी की हालत में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे सीएचसी गोसाईंगंज ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव पर किसी प्रकार की गंभीर चोट के निशान नहीं मिले हैं। मृतक गुलाबी स्वेटशर्ट, काली टी-शर्ट और लोअर पहने था। पुलिस ने आसपास के लोगों से युवक की शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी।

# शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर ठगे 11.96 लाख रुपये

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अलीगंज के इंद्रानगरी निवासी रविंद्र तिवारी को ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने जाल में फंसाया। इसके बाद एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़कर निवेश के बारे में जानकारी दी। साइबर जालसाजों ने पीड़ित से अलग-अलग बैंक अकाउंट्स में 11.96 लाख रुपये ट्रांसफर करा कर ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर अलीगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वहीं बादशाहनगर रेलवे कॉलोनी निवासी आशुतोष अग्निहोत्री का जियो कंपनी का सिम 4 फरवरी को अचानक सस्पेंड हो गया। वह सिम चेक करवाने गए। इसी दौरान उनके यूनियन बैंक खाते से 4,18,198 रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर महानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# गोदभराई से लौट रहे युवक को डंपर ने रौंदा

■ NBT न्यूज, गोसाईंगंज : गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के ठाकुरपुर गांव के पास शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में बाइक चला रहे अनीत कुमार (24) की मौके पर मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा चचेरा भाई सनी (22) गंभीर रूप से घायल हो गया।



पुलिस के मुताबिक नवीखेड़ा निवासी अनीत उदवपुर समेसी में गोदभराई से लौट रहा था। वह किसान पथ सर्विस लेन पर रॉन्ग साइड से आ रहा था और दोनों ने हेलमेट भी नहीं पहन रखा था। ठाकुरपुर के पास डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से अनीत की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि 23 फरवरी को अनीत की शादी तय थी।


## ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

कारपोरेट खेल प्रभाग

विज्ञापन

स्टाइपेंड (वृत्तिका) आधार पर 30 खिलाड़ियों का नियोजन

ओएनजीसी निम्नलिखित खेलों में 30,000/- रुपए से 70,000/- रुपए प्रति माह के स्टाइपेंड पर नियोजन के लिए 18 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के मेधावी खिलाड़ियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है.

| खेल | बैडमिंटन | टेबल टेनिस | लॉन टेनिस | बास्केटबॉल | हॉकी | कबड्डी | वॉलीबॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| महिला | 1 | 1 | 1 | – | – | – | – |
| पुरुष | – | – | 1 | 5 | 8 | 7 | 6 |

इच्छुक एवं पात्र खिलाड़ी दिनांक 07.02.2026 से 14.02.2026 के बीच निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र ओएनजीसी के आधिकारिक ई-मेल पते ongcsports@ongc.co.in के माध्यम से भेज सकते हैं। स्टाइपेंड योजना तथा नियम एवं शर्तों के विस्तृत विवरण हेतु www.ongcindia.com को देखें। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा कोई झूठा या कूटरचित प्रमाण-पत्र/दस्तावेज/जानकारी प्रस्तुत की जाती है, तो ऐसे अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी तथा आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Education, Govt. of India)

विज्ञापन सं.: 45 / 2026

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली, देश भर में माननीय सर्वोच्च न्यायालय / उच्च न्यायालयों / अधिकरणों / आयोगों / जिला न्यायालयों तथा अन्य न्यायिक निकायों के समक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का आवश्यकतानुसार एवं प्रकरण-आधारित विधिक प्रतिनिधित्व करने हेतु स्टैंडिंग काउंसिल (Standing Counsel) तथा पैनल अधिवक्ताओं (Panel Advocates) के पैनलीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पात्रता मानदंड, शैक्षणिक योग्यताएँ, शुल्क संरचना तथा अन्य विवरण www.ugc.ac.in/tenders/jobs पर उपलब्ध हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.03.2026 है।

CBC 21205/12/0014/2526

सचिव, यूजीसी



राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम
NATIONAL COOPERATIVE DEVELOPMENT CORPORATION
सहकारिता मंत्रालय,
भारत सरकार के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय
4, सिरी इंस्टिट्यूशनल क्षेत्र, हौज खास, नई दिल्ली-110016

सं. रा०स०वि०नि०: 4-7/2025-प्रशा. विज्ञापन सं. 01/2026 दिनांक: 22.01.2026

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारत के अर्ह नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:-

| | |
|---|---|
| पद का नाम | मुख्य निदेशक (विधिक तथा वसूली) |
| पद की संख्या | 01 (अन्य पिछड़ा वर्ग) |
| आयु सीमा | 50 वर्ष |
| भर्ती का तरीका | सीधी भर्ती के आधार पर |
| पे-मैट्रिक्स में पे-लेवल | सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स का वेतन स्तर-13 (पूर्व संशोधित पे बैंड-4: रु.37400-67000/- के साथ ग्रेड पे रु.8700/-) |
| शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | सीधी भर्ती हेतु आवश्यक: एलएलबी की डिग्री धारक और बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में नामांकित अनुभव:- कानूनी/वित्तीय दस्तावेजीकरण/बंधक/गारंटी/हाइपोथिकेशन/वसूली के मुकदमे/दावे/सरफेसी अधिनियम/ऋण वसूली न्यायाधिकरण आदि, तथा विभिन्न न्यायालयों/न्यायाधिकरणों में ऐसे विषयों से संबंधित मुकदमेबाजी के मामलों में 15 वर्ष का अनुभव, जिसमें से न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स स्तर-12 या समकक्ष पद पर होना अनिवार्य है। वर्तमान में निजी क्षेत्र में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए, उनका सीटीसी सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों हेतु निर्धारित वेतनमान के तुलनीय होना चाहिए। वरीयता : सहकारी संगठन में अनुभव को वरीयता दी जाएगी |

भर्ती के अन्य नियमों और शर्तों के लिए इच्छुक उम्मीदवार एनसीडीसी की वेबसाइट www.ncdc.in पर जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 9 मार्च, 2026 है।



NBCC A Navratna CPSE ASPIRE

माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निष्पादित

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री



एस्पायर लेज़र वैली
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 35 मिनट



एस्पायर सिलिकॉन सिटी
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 25 मिनट



एस्पायर सेंचुरियन पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट



एस्पायर लेज़र पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 10.02.2026
ई-नीलामी 11.02.2026 को आयोजित की जाएगी
ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक
6 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें:
www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in
या कॉल करें : 9772907414

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in